गरिमामयी परम्परा के १०७ वर्ष

Facebook आज आगरा
E-Paper ऑन लाइन पढ़ने के लिए वेबसाइड पर क्लिक करें

भाजन

www.ajhindidaily.com

हिन्दी जगत में सर्वाधिक लोकप्रिय
मध्यप्रदेश-राजस्थान संस्करण

★
नगर संस्करण पृष्ठ १२

मूल्य ₹ ६



आगरा, 02 नवम्बर, 2026, सोमवार, वर्ष 40 अंक 289 सौर 8 कार्तिक कृष्ण पक्ष अष्टमी सं. 2083 वि.

वाराणसी, गोरखपुर, इलाहाबाद (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना, रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित

रामलीला मैदान में दिखा विपक्ष का शक्ति प्रदर्शन

वोट चोरी से बनी मोदी सरकार-राहुल

लोकतंत्र की रक्षा के लिए सीईसी ज्ञानेश कुमार को हटाना पहला कदम, फिर उनके खिलाफ होगी कानूनी कारर्वाई

नयी दिल्ली (आससे)। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित अनियमितताओं और वोट चोरी के आरोपों को लेकर रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक ने एकजुटता का बड़ा प्रदर्शन किया। रैली में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, राजद समेत विपक्षी दलों के प्रमुख नेता एक मंच पर जुटे और केंद्र सरकार तथा चुनाव आयोग पर तीखे हमले किए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि देश में कई वर्षों से चुनावों में वोट चोरी हो रही है और इसी के जरिए नरेंद्र मोदी सरकार सत्ता में आई। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाना पहला कदम है। उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, हरियाणा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और कर्नाटक समेत कई राज्यों के चुनावों तथा 2024 के लोकसभा चुनाव में वोट चोरी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ईवीएम में गड़बड़ी, मतदाता सूची से नाम हटाने और नए नाम जोड़ने के जरिए चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित किया गया। राहुल ने दावा किया कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद 13 करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए। उन्होंने कहा कि यह केवल वोट की चोरी नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक की आवाज छीनने जैसा है। राहुल के मुताबिक, ज्ञानेश कुमार के बिना नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री और अमित शाह गृह मंत्री नहीं बन पाते। राहुल गांधी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान पर भी निशाना साधा, जिसमें उन्होंने कहा था कि नरेंद्र मोदी कहीं नहीं जा रहे हैं। राहुल ने कहा कि उन्हें और प्रधानमंत्री को कहीं जाने नहीं दिया जाएगा। ज्ञानेश कुमार के बाद विपक्ष उनके सामने खड़ा होगा और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि देश में कोई भी व्यक्ति संविधान से बड़ा नहीं है। विपक्ष ऐसा भारत चाहता है, जहां किसान को उसकी (शेष पृष्ठ २ पर)



दिल्ली-एनसीआरमें कोकीन तस्करी सिंडिकेट का खुलासा, विदेशी समेत चार गिरफ्तार

नयी दिल्ली (आससे)। क्राइम ब्रांच ने दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय एक अंतरराज्यीय कोकीन आपूर्ति तंत्र का भंडाफोड़ किया है। इस कारर्वाई में घाना के एक नागरिक समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरोह दक्षिण दिल्ली और गुरुग्राम के प्रमुख शराबखानों और मनोरंजन स्थलों में युवाओं को निशाना बना रहा था। क्राइम ब्रांच दिल्ली और एनसीआर में संगठित मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। 26 मई को मुख्य आरक्षी संदीप कादियान को गुप्त सूचना मिली थी। सूचना थी कि हुकमुद्दीन दिल्ली-एनसीआर में कोकीन की आपूर्ति कर रहा है। वह द्वारका इलाके में कोकीन की एक खेप पहुंचाने वाला था। इस सूचना पर निरीक्षक अक्षय गहलोत के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनी। टीम ने द्वारका सेक्टर 9 में जाल बिछाकर हुकमुद्दीन को पकड़ा। उसके पास से 106 ग्राम उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन बरामद हुई। इस संबंध में क्राइम ब्रांच पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया। यह प्राथमिकी संख्या 139/2026 (शेष पृष्ठ २ पर)

महादेव एप का मुख्य सरगना सौरभ चंद्राकर ओमान से लाया गया भारत

नयी दिल्ली (आससे)। महादेव ऑनलाइन सट्टा एप के अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट के प्रमुख संचालक सौरभ चंद्राकर को आखिरकार भारत लाने में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को बड़ी सफलता मिली है। सौरभ को ओमान से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया है। सीबीआई की विशेष टीम उसे ओमान की राजधानी मस्कट से अपने साथ लेकर भारत पहुंची है।अब उसे रायपुर लाया जाएगा, जहां सोमवार को विशेष सीबीआई अदालत में पेश किया जाएगा। कोर्ट में पेश करने से पहले उसका मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा। इसके बाद ट्रांजिट रिमांड प्राप्त कर उसे रायपुर लाया जाएगा।सौरभ चंद्राकर महादेव ऑनलाइन बुक के अवैध सट्टा सिंडिकेट का प्रमोटर और प्रमुख आरोपी है। वह सीबीआई के दो मामलों में वांछित था। इन दोनों मामलों में जांच पूरी कर चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है।इसके अलावा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक मामले में भी उसके खिलाफ अभियोजन शिकायत दाखिल की गई है। उसके भारत लाए जाने को महादेव सट्टा नेटवर्क के खिलाफ चल रही जांच में बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। ओमान में पकड़ा गया था सीबीआई के मुताबिक, सौरभ चंद्राकर के खिलाफ इंटरपोल के माध्यम से रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था। इसी के आधार पर ओमान की रॉयल ओमान पुलिस ने उसे चिह्नित कर हिरासत में लिया था।इसके बाद सीबीआई और ईडी ने तत्काल ओमान सरकार को उसके प्रत्यर्पण के लिए औपचारिक प्रस्ताव भेजे। इन प्रस्तावों के साथ जांच एजेंसियों ने सौरभ के खिलाफ जुटाए गए साक्ष्य भी प्रस्तुत किए थे।भारत सरकार की विभिन्न केंद्रीय एजेंसियों और इंटरपोल के राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो के साथ समन्वय बनाकर प्रत्यर्पण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई। ओमान के सक्षम अधिकारियों से अनुमति मिलने के बाद सीबीआई की विशेष टीम मस्कट पहुंची और सौरभ को अपनी अभिरक्षा में लेकर भारत आई। महादेव ऑनलाइन बुक सट्टा मामले की जांच सीबीआई ने छत्तीसगढ़ सरकार के अनुरोध पर अपने हाथ में ली थी। जांच में सामने आया कि महादेव ऑनलाइन बुक देश के बड़े अवैध ऑनलाइन सट्टा सिंडिकेट में से एक था।

सीबीआई आज कोर्टमें करेगी पेश

इसका संचालन भारत के बाहर से किया जा रहा था। क्रिकेट, फुटबॉल, ताश के खेल और दूसरे आयोजनों पर ऑनलाइन सट्टा खिलाया जाता था।इसके लिए देशभर में फ्रेंचाइजी के रूप में पैनल और शाखाओं का नेटवर्क तैयार किया गया था। इन पैनलों के माध्यम से लोगों को सट्टा खेलने के लिए जोड़ा जाता था और उनसे रकम वसूली जाती थी। अलग-अलग राज्यों में फैले इस नेटवर्क के जरिए बड़े पैमाने पर अवैध कारोबार संचालित किया जा रहा था।

भाजपाने विकाससे बदली प्रदेशकी तस्वीर-मुख्यमंत्री

किसानोंको हुए नुकसानकी भरपायीके लिए लायेंगे विशेष पैकेज

गोरखपुर (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रदेश के अन्नदाता किसानों को आश्वस्त किया कि साइक्लोन के कारण असमय बरसात, अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से हुए नुकसान की भरपाई सरकार पैकेज लाकर करेगी। उन्होंने कहा कि हमने इसका मुआवजा तो दिया है, लेकिन मैं मानता हूं कि यह नाकाफी है। अन्नदाता किसान को जो नुकसान हुआ है, डबल इंजन की सरकार उसकी पूरी भरपाई करने का काम करेगी। सभी जिला प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि पूरा सर्वे कर लीजिए, तात्कालिक मुआवजा दीजिए। हम एक नया पैकेज अन्नदाता किसानों के लिए लाएंगे, जिसके माध्यम से किसानों को हुए नुकसान की भरपाई की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी रविवार को चौरीचौरा में 59.44 करोड़ रुपये से बने भोपा बाजार (समपार संख्या 147बी) रेल ओवरब्रिज का उद्घाटन करने के साथ ही 287.56 करोड़ रुपये की लागत वाली कुल 84 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सपा ने अपनी सरकार में उत्तर प्रदेश को अपराध का गढ़ बना दिया था। सपा सरकार अपराध बढ़ाती थी, जबकि डबल इंजन की (शेष पृष्ठ २ पर)



आजम १४ दिन की न्यायिक हिरासतमें

गाजियाबाद (हि.स.)। समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान को गाजियाबाद की विशेष प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) अदालत ने रविवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने उन्हें अदालत में पेश किया था। इस दौरान पत्रकारों ने जब आजम खान से पूछा कि क्या वह इस मामले में कुछ कहना चाहेंगे, तो उन्होंने निराशा और बेबसी भरे अंदाज में कहा,अब क्या है, बोलने के लिए। इस बीच सपा के कई नेता भी अदालत परिसर पहुंचे। दो पैन कार्ड मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय से जमानत मिलने के बाद शनिवार शाम रामपुर जेल से रिहा होते ही ईडी ने आजम खान को हिरासत में ले लिया था। रविवार को उन्हें पीएमएलए अदालत में पेश किया गया। यह मामला मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय और उससे जुड़े जौहर ट्रस्ट में कथित वित्तीय अनियमितताओं तथा मनी लॉन्ड्रिंग की जांच से संबंधित है।

देश में अराजकता फैलाने की हो रही साजिश-नड्डा

कहा- झूठ फैलाकर देश को अस्थिर करना ही राहुल की राजनीति

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने विपक्षी गठबंधन इंडिया की रैली पर तीखा हमला बोला है। नड्डा ने आरोप लगाया कि विपक्ष लोकतंत्र के नाम पर देश में अराजकता फैलाना चाहता है। उन्होंने कहा, रामलीला मैदान में आज जो कुछ हो रहा है, वह लोकतंत्र के प्रति सम्मान नहीं है, बल्कि लोकतंत्र के नाम पर देश को अराजकता में धकेलने की सोची-समझी साजिश है। यह उन लोगों का एक बेवकूफी भरा और सुनियोजित नाटक है, जिन्हें जनता चुनावों में हरा चुकी है और बार-बार खारिज कर चुकी है। जनता इस सच्चाई को अच्छी तरह समझती है। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को संबोधित करते हुए कहा, राहुल गांधी, मैं आज देश को बताना चाहता हूं कि आपकी राजनीति का मॉडल क्या है। इसका पहला चरण झूठ और अफवाहें फैलाना है। दूसरा चरण सड़कों पर अराजकता और अव्यवस्था पैदा करने के लिए लोगों को उकसाना है। तीसरा चरण देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाना है और चौथा चरण विदेशी ताकतों के इशारे पर चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने की कोशिश करना है। राहुल गांधी के 1 नवंबर के इस नाटक के चार मकसद हैं। पहला, हमारे सिख भाइयों के जख्मों पर नमक छिड़कना। (शेष पृष्ठ २ पर)



ड्रग सिंडिकेट पर एसटीएफ का शिकंजा, चार गिरफ्तार

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) को बड़ी कामयाबी मिली है। एसटीएफ की टीम ने मालदा जिले के कालियाचक में मधुघाट के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-12 पर एक वाहन को रोककर करीब 2.688 किलोग्राम मॉर्फिन बरामद की है। इस कार्रवाई में अंतरराज्यीय ड्रग नेटवर्क से जुड़े चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर इस कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल पुलिस की एसटीएफ की सतर्क टीम ने वाहन को रोककर मादक पदार्थ बरामद किया। इस मामले में एक विशेष केस दर्ज किया गया है, ताकि पूरे गिरोह की जड़ तक पहुंचकर उसके नेटवर्क को ध्वस्त किया जा सके। मुख्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल पुलिस और एसटीएफ के अधिकारियों व जवानों की त्वरित और समन्वित कार्रवाई की सराहना की।

नेपाल : ट्रैकिंगपर गये छह भारतीय पर्यटक लापता

सिद्धार्थनगर। नेपाल के डोल्पा जिले में भारी हिमपात के बीच दो महिलाओं समेत छह भारतीय पर्यटक लापता हो गये हैं। सभी पर्यटक शे-फोक्सुंडो झील की ओर लौटते समय नुमला और वागला पास के बीच बर्फ में फंस गये हैं। पर्यटकों की तलाश के लिए प्रशासन ने हेलीकॉप्टर मांगा है, जबकि नेपाली सेना को भी बचाव अभियान में लगाया गया है। नेपाल से मिली जानकारी के अनुसार, पर्यटक डोल्पो बुद्ध गांवपालिका से शे-फोक्सुंडो झील की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान वे भारी बर्फबारी की चपेट में आ गये। शे-फोक्सुंडो गांवपालिका के वार्ड नंबर चार और आठ के बीच स्थित नुमला पास तथा वागला पास क्षेत्र से उनका संपर्क टूट गया। बंगाल की खाड़ी में विकसित चक्रवात 'अर्नब' के प्रभाव से हिमालयी क्षेत्र में लगातार हिमपात हो रहा है। ऐसे में पर्यटकों के बर्फ में फंसने की आशंका जतायी जा रही है। स्थानीय गाइडों के अनुसार, खराब मौसम और भारी बर्फबारी के कारण पहाड़ी दर्रों को पार करना मुश्किल था। पर्यटकों को स्थानीय लोगों ने भी मौसम की स्थिति और रास्ते में बर्फ जमने के खतरे के बारे में चेतावनी दी थी। इसके बावजूद वे दुर्गम क्षेत्र की ओर बढ़ गए। वापस लौटते समय उनके बर्फ में फंसने की आशंका है। डोल्पा की प्रमुख जिला अधिकारी (सीडीओ) जुनु हमाल ने बताया कि पर्यटक धोबाट से फोक्सुंडो झील की ओर लौट रहे थे। स्थानीय लोगों ने उन्हें प्रतिकूल मौसम और रास्ते में बर्फ जमने के खतरे की जानकारी दी थी, लेकिन वे आगे बढ़ गये। इसके बाद से उनसे संपर्क नहीं हो पाया है। शे-फोक्सुंडो गांवपालिका के अध्यक्ष धावा सम्दुक गुरूंग के अनुसार, वार्ड नंबर चार और आठ के बीच स्थित दोनों पहाड़ी दर्रों में मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध नहीं है।

हवाई किराया बढ़ानेमें नहीं चलेगी एयरलाइंस की मनमानी

नयी दिल्ली (आससे)। हवाई किरायों में मनमानी बढ़ोतरी होने पर केंद्र सरकार दखल दे सकेगी। सरकार ने इसके लिए भारतीय विमानयान नियम, 2026 के तहत नये प्रावधान अधिसूचित किये हैं। ये नियम 1 जनवरी 2027 से लागू होंगे। इनके तहत सरकार असाधारण हालात में जनहित को देखते हुए एयरलाइंस को किराये पर निर्देश दे सकती है। नियम 192 के मुताबिक, सरकार को लगता है कि हालात असाधारण हैं तो वह किरायों को लेकर निर्देश जारी कर सकती है। ये निर्देश हालात के हिसाब से होंगे और तय अवधि तक ही लागू रहेंगे। हालांकि, नियमों में हवाई किराये की कोई अधिकतम सीमा तय नहीं की गयी है। न ही यह बताया गया है कि किराया कितना बढ़ने पर सरकार दखल देगी। यानी सरकार जरूरत पड़ने पर निर्देश दे सकेगी, लेकिन कोई तय किराया सीमा लागू नहीं होगी। नियमों के तहत एयरलाइंस को परिचालन लागत समेत अन्य बातों को ध्यान में रखकर किराया तय करना होगा।

लखनऊ में एसजीपीजीआई भर्ती परीक्षा रद,एसटीएफ करेगी जांच

लखनऊ (आससे)। एसजीपीजीआई में नर्सिंग और हॉस्पिटल अटेंडेंट भर्ती परीक्षा को रद्द कर दिया गया है। रविवार को दूसरे चरण की यह परीक्षा 2 पालियों में 7 केंद्रों पर आयोजित की गई थी। इसमें करीब 8500 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इससे पहले परीक्षा को लेकर विवाद हो गया था। गड़बड़ी और पेपर लीक का आरोप लगाते हुए अभ्यर्थियों ने जमकर हंगामा किया था। छात्रों का आरोप है कि परीक्षा के दौरान ऑफिस के अंदर ओएमआर शीट भरी जा रही थी। अभ्यर्थियों ने पेपर में चीटिंग कराने के आरोप लगाए। मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्रों को शांत कराया था। एसजीपीजीआई की ओर से बताया गया है कि अभ्यर्थियों के आरोपों की जांच एसटीएफ को सौंपी गई है। एसजीपीजीआई की हॉस्पिटल अटेंडेंट और स्टाफ नर्स भर्ती परीक्षा में छात्रों ने पेपर लीक का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। एसजीपीजीआई की हॉस्पिटल अटेंडेंट और स्टाफ नर्स भर्ती परीक्षा में छात्रों ने पेपर लीक का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। लखनऊ के एसडीएसएन डिग्री कॉलेज, एसडीएसएन पब्लिक स्कूल और ज्यूरिस कॉलेज ऑफ लॉ समेत आसपास के कई केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई थी। अभ्यर्थियों का आरोप है कि कई केंद्रों पर बायोमेट्रिक जांच में दिक्कत आई।

यूपी : बागपत में एक मकान से निकले ३० कोबरा सांप

बागपत। रटौल स्थित कहरका गांव में किसान कपिल त्यागी के 35 साल पुराने मकान की नींव से पांच दिन में 30 कोबरा सांप निकल चुके हैं और 200 खाली अंडे भी मिले। इससे भयभीत परिवार मकान खाली कर दूसरे मकान में रहने लगा है। रविवार को भी कई सांप पकड़वाकर हिंडन नदी के किनारे छोड़े गये। कहरका निवासी कपिल त्यागी ने बताया कि उनका मकान काफी पुराना हो चुका है, जिसे उखाड़कर नया बनाया जा रहा है। कई दिन पहले मकान में 12 फीट लंबे कोबरा सांप की कांचली मिली थी। इससे भयभीत परिवार के सदस्य जागकर रात काटने को मजबूर हैं। इसके बाद मकान

नेपाल : सुरंग खोदकर फरार हुए आठ कैदी

सिद्धार्थनगर। नेपाल के डोल्पा जिले के सदरमुकाम दुनै स्थित जिला कारागार से सुरंग खोदकर आठ कैदियों के फरार होने का मामला सामने आया है। फरार कैदियों में दुष्कर्म और चोरी के मामलों में बंद आरोपी शामिल हैं। डीएसपी के नेतृत्व में 34 पुलिसकर्मियों की टीम को तलाश अभियान में लगाया गया है। फरार होने वालों में रुकुम पश्चिम जिले के आठबिसकोट नगरपालिका-10 निवासी 32 वर्षीय राम बीके, डोल्पा जिले के त्रिपुरासुंदरी नगरपालिका-7 निवासी 29 वर्षीय कालीप्रसाद रोकाया और सल्यान जिले के कुमाख गांवपालिका-5 निवासी 28 वर्षीय रेशम राना शामिल हैं। ये तीनों दुष्कर्म के मामलों में जेल में बंद थे। इसके अलावा जाजरकोट जिले के बारेकोट गांवपालिका-1 निवासी 25 वर्षीय यज्ञ बीके और डोल्पा जिले के त्रिपुरासुंदरी नगरपालिका-4 निवासी 28 वर्षीय धन बुढ़ा उर्फ हरिबहादुर बुढ़ा भी फरार हुए हैं। दोनों दुष्कर्म के मामलों में बंद थे। जाजरकोट जिले के नलगाड नगरपालिका-9 निवासी 19 वर्षीय कैलाश उर्फ कपिल परियार चोरी के मामले में जेल में था।फरार अन्य दो कैदियों में रुकुम पश्चिम जिले के आठ बिसकोट नगरपालिका-5 निवासी 38 वर्षीय तिलक भंडारी (शेष पृष्ठ २ पर)

तलाशमें जुटी पुलिस

अयोध्या : तीन सौ क्विंटल फूलों से महकेगी रामनगरी, दीपोत्सव की आहट से चढ़े दाम

अयोध्या (आससे)। सामान्य दिनों में जहां अयोध्या में प्रतिदिन 20 से 25 क्विंटल फूलों की खपत होती है, वहीं दीपोत्सव के दौरान यह मांग बढ़कर करीब 100 से 150 क्विंटल प्रतिदिन तक पहुंचने का अनुमान है। तीन दिवसीय आयोजन और सजावट को मिलाकर करीब 300 क्विंटल फूलों की खपत होने की संभावना है। दीपोत्सव में रामनगरी सिर्फ लाखों दीपों की रोशनी से ही नहीं दमकेगी, बल्कि फूलों की खुशबू से भी सराबोर होगी। रामपथ से राम की पैड़ी, श्रीरामजन्मभूमि परिसर और प्रमुख मंदिरों से लेकर आयोजन स्थलों तक फूलों से सजावट की तैयारियां चल रही हैं। सात नवंबर को होने वाले दसवें दीपोत्सव को लेकर फूलों के कारोबार में भी तेजी आ गई है। सामान्य दिनों में जहां अयोध्या में प्रतिदिन 20 से 25 क्विंटल फूलों की खपत होती है, वहीं दीपोत्सव के दौरान यह मांग बढ़कर करीब 100 से 150



क्विंटल प्रतिदिन तक पहुंचने का अनुमान है। तीन दिवसीय आयोजन और सजावट को मिलाकर करीब 300 क्विंटल फूलों की खपत होने की संभावना है। फूल कारोबारी पिंटू मांझी ने बताया कि मांग में अचानक आई तेजी का असर फूलों की कीमतों पर भी दिखाई दे रहा है। एक सप्ताह पहले की तुलना में फूलों के दाम बढ़ गए हैं। मांग पूरी करने के लिए कोलकाता, दिल्ली और लखनऊ की मंडियों से फूलों की खेप मंगाई जा रही है।एक अन्य फूल कारोबारी आलोक पाल ने बताया कि दीपोत्सव की सजावट में गेंदा और गुलाब की सबसे अधिक मांग है। पीले और नारंगी गेंदे से तोरण, मालाएं, स्वागत द्वार और मंच सजाए जा रहे हैं। वहीं, लाल गुलाब का इस्तेमाल विशेष सजावट और अतिथियों के स्वागत में किया जा रहा है। इसके अलावा रजनीगंधा, गुलदाउदी, चमेली और अन्य सजावटी फूलों की भी मांग है। रजनीगंधा का इस्तेमाल मंचों और विशेष सजावट में किया जा रहा है।पिंटू मांझी ने बताया कि रामनगरी में फूलों की बढ़ती मांग पूरी करने के लिए स्थानीय बाजार के साथ बाहरी मंडियों पर भी निर्भर रहना पड़ रहा है। कोलकाता, दिल्ली और लखनऊ से अलग-अलग किस्मों के फूल मंगाए जा रहे हैं।

कार से ६६.५० लाख बरामद, तीन गिरफ्तार

डालमियानगर (रोहतास) (आससे)। एनएच-19 पर शिवसागर टोल प्लाजा के पास पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 66 लाख 50 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। वाराणसी से कोलकाता जा रही काले रंग की एक्सयूवी-300 कार से मिली इस नकदी के साथ दो महिलाओं समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कार और दो मोबाइल भी जब्त किए हैं। बरामद रकम के वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर आयकर विभाग को सूचना दी गई है। प्रेस वार्ता में डीएसपी-1 विप्लव कुमार ने बताया कि 31 अक्टूबर की रात शिवसागर थानाध्यक्ष रितेश कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि वाराणसी की ओर से आ रही एक कार में भारी मात्रा में नकदी रखी गई है, जिसे लेकर कोलकाता जाया जा रहा है।



यहां भी पढ़ें
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com/
आज नीम वाली गली का गजब रस
निःशुल्क ई-पेपर सब्सक्राईब करें।

मौसम

सूर्योदय : ०६.०५
सूर्यास्त : ०५.१७

तापमान
अधि. : २८.०
न्यून. : २२.०

एटा में स्वच्छता को लेकर प्रशासन की बड़ी पहल, जिलाधिकारी ने खुद संभाली झाड़ू

महाराणा प्रताप चौक और पंत स्टेडियम में चला विशेष सफाई अभियान, गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश

शहर के प्रवेश मार्ग को सुंदर बनाने के लिए पार्क निर्माण, इंटरलॉकिंग और पौधरोपण पर जोर

मुहम्मद रफी



एटा। जनपद को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने विशेष पहल शुरू की है। जिलाधिकारी एम . अरून्मोली के नेतृत्व में रविवार सुबह सात बजे से महाराणा प्रताप चौक और पंडित गोविंद बल्लभ पंत स्टेडियम परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं झाड़ू लगाकर लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सार्वजनिक स्थानों पर नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा-कचरा फैलाने वालों के विरुद्ध जुमार्ना लगाने तथा नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा।शहर के प्रवेश द्वार को आकर्षक स्वरूप देने के उद्देश्य से अधिकारियों को पार्क विकसित करने, इंटरलॉकिंग कार्य कराने और अधिक से अधिक पौधे लगाने के निर्देश भी दिए गए।जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की कि वे अपने घरों, दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के आसपास स्वच्छता बनाए रखें। उन्होंने कहा कि साफ-सुथरा वातावरण संक्रामक बीमारियों की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वच्छ एटा का संकल्प जनसहभागिता से ही साकार हो सकता है।इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेंद्र प्रसाद, अपर जिलाधिकारी एवं राजस्व, नगर पालिका परिषद एटा की अध्यक्ष सुधा गुप्ता, नगर पालिका प्रतिनिधि पंकज गुप्ता, अधिशासी अधिकारी निहाल सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और नगर पालिका के सफाईकर्मी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी एम . अरुन्मोली ने पंडित गोविंद बल्लभ पंत स्टेडियम का किया निरीक्षण

बैडमिंटन कोर्ट के जीर्णोद्धार एवं जिम के नियमित उपयोग के दिए निर्देश, अधिकारियों को नियमित व्यायाम के लिए किया प्रेरित

एटा। जिलाधिकारी एम. अरुन्मोली ने आज पंडित गोविंद बल्लभ पंत स्टेडियम, एटा पहुंचकर वहां स्थित जिम एवं बैडमिंटन कोर्ट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिम की व्यवस्थाओं एवं संचालन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। जिम ट्रेनर ऋतिक से जिम के नियमित संचालन के संबंध में जानकारी लेते हुए उन्होंने उपलब्ध सुविधाओं का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने पर जोर दियाद्य जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समय-समय पर जिम का उपयोग करते हुए नियमित व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए नियमित व्यायाम आवश्यक है। जिम में उपलब्ध सुविधाओं का समुचित उपयोग किया जाए, ताकि अधिकारी एवं अन्य इच्छुक व्यक्ति स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होकर फिटनेस गतिविधियों से जुड़ सकेंद्य निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बैडमिंटन कोर्ट की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित जिला क्रीड़ा अधिकारी को कोर्ट का आवश्यक जीर्णोद्धार कराकर सुचारु रूप से संचालित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्टेडियम में उपलब्ध खेल सुविधाओं को बेहतर बनाया जाए, जिससे बच्चों एवं युवाओं पंजीकरण कराकर खेल सकते हैं। जिलाधिकारी ने खेल सुविधाओं के प्रभावी संचालन एवं उनके बेहतर उपयोग पर जोर देते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



को खेलकूद के लिए उपयुक्त वातावरण मिल सके और वे अपनी खेल प्रतिभा को निखार सकेंद्य इस दौरान संबंधित अधिकारी ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि स्टेडियम में उपलब्ध खेल सुविधाओं का लाभ लेने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी एवं व्यक्ति ऑनलाइन निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, अपर जिलाधिकारी (वि× एवं राजस्व), चन्द्र प्रकाश पाठक, जिला विकास अधिकारी प्रदीप कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय एकता अखंडता के लिए क्रोसकंट्री का हुआ आयोजन



कोसीकला विद्या देवी जिंदल स्कूल के प्रांगण में सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस पर क्रॉस कंट्री का आयोजन किया गया जिसे विद्या देवी जिंदल स्कूल की प्रधानाचार्या सौम्या नाथ ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया करीब 600 प्रतिभागियों के भाग लेने को देखकर आसपास के वातावरण में रोमांच छा गया जिसमें सबसे आगे बॉयज वर्ग में अजय अधाना चल रहे थे जिन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया नकुल जैन द्वितीय धैर्य चौधरी तृतीय हिमांशु सिंह भंडारी चतुर्थ स्थान पर रहे वही गर्ल्स भी कम नहीं थी उन्होंने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें सबसे आगे दीक्षा शर्मा प्रथम निशिका चौधरी द्वितीय श्वेता चौधरी तृतीय भावना चतुर्थ स्थान पर रही जिन्हें मेडल व सर्टिफिकेट देकर ऑब्जर्वर जिक्समोंन पी, ने सम्मानित किया विद्यालय की प्रधानाचार्या सौम्या नाथ ने क्रॉस कंट्री के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह एकता की दौड़ है, देश के अखंडता की दौड़ है, सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन को आत्मसार करती है देश के प्रति सम्मान, समाज के प्रति सम्मान ,अपनों के प्रति सम्मान दर्शार्ता है, खेलों से शारीरिक विकास ही नहीं, मानसिक विकास, सामाजिक विकास, भावनात्मक विकास, और अनुशासन मजबूत होता है जिससे हम अपने सपनों को नई उड़ान दे सकते हैं क्रॉस कंट्री के एस्कॉर्ट की भूमिका में लोकित कुमार ,तेज सिंह साथ में चल रहे थे विद्यालय के डायरेक्टर नितिन शर्मा प्रबंधक जे बी गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी एकता और अखंडता की दौड़ में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का पूर्ण योगदान रहा कार्यक्रम का संचालन खेल विभाग के कपिल दुबे, पूनम सिंह डीसी अग्रवाल रहे

शैक्षणिक यात्रा से लौटकर विद्यार्थियों ने बटोरा व्यावहारिक ज्ञान

कोसीकलां। कमला नगर कॉलोनी स्थित बजरंग विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक यात्रा का आयोजन देश की राजधानी नई दिल्ली में किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति निदेशक एवं प्रधानाचार्य के कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने दिल्ली के प्रमुख ऐतिहासिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण कर अमूल्य ज्ञान अर्जित किया। भ्रमण का शुभारंभ राष्ट्रीय प्राणि उद्यान (चिड़ियाघर) से हुआ, जहाँ छात्रों ने विभिन्न प्रजातियों के वन्य जीवों और पक्षियों को देखकर प्रकृति के रहस्यों को समझा। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र ले जाया गया, जहाँ उन्होंने त्रि-आयामी चलचित्र, विज्ञान के सिद्धांतों पर आधारित दीघाओँ और अनूठे प्रतिरूपों (मॉडलों) के माध्यम से विज्ञान की बारीकियों को बेहद सरल तरीके से जाना। तदोपरांत छात्रों ने राष्ट्रीय संग्रहालय व कला दीर्घा का अवलोकन किया। यहाँ बच्चों ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत,प्राचीन दुर्लभ कलाकृतियों और पारंपरिक चित्रकला को बेहद करीब से देखा। तत्पश्चात सभी ने प्रसिद्ध गुरुद्वारा साहिब में शीश नवाया और गुरु दर्शन का दिव्य लाभ उठाया। तदुपरांत अमर जवान ज्योति और ऐतिहासिक इंडिया गेट के समक्ष पहुँचकर विद्यार्थियों का राष्ट्रप्रेम और उत्साह देखते ही बन रहा था। छात्रों ने पास ही स्थित बाल उद्यान में विभिन्न खेल-कूद गतिविधियों का भरपूर आनंद उठाया। यात्रा के अंतिम पड़ाव में सभी विद्यार्थियों ने अक्षरधाम मंदिर के भव्य प्रांगण का भ्रमण किया,जहाँ उन्होंनेअद्भुत भारतीय स्थापत्य कला, उत्कृष्ट नक्काशी और मानवीय मूल्यों के साक्षात दर्शन किए।विद्यालय के निदेशक लोकेंद्र पाराशर ने बताया कि इस शैक्षणिक यात्राओं से छात्रों का बौद्धिक व मानसिक विकास होता है व उन्हें किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होता है। संपूर्ण यात्रा के दौरान विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाओं की देखरेख में सभी बच्चे पूर्णतः अनुशासित और अत्यंत उत्साहित नजर आए।

कांग्रेसियों ने इंदिरा गांधी को दी श्रद्धांजलि

कोसीकलां।देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री,आयरन लेडी स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और देश के प्रथम गृहमंत्री, लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एक भव्य विचार गोष्ठी एवं पुष्प अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसजनों ने दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए पार्टी के नगरअध्यक्ष विपिन त्यागी ने कहा कि इंदिरा गांधी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी, वहीं सरदार वल्लभभाई पटेल ने पूरे देश को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य किया।आज का दिन हमें देश की एकता को अक्षुण्ध रखने का संकल्प लेने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष विपिन त्यागी, रामवीर चौधरी, जमील रौनक, बेनामी प्रधान, कालूराम, श्याम बिहारी पालीवाल, सोहनलाल मास्टर, सुनील जैन, विमल जैन, अनुराधा वशिष्ठ, अवतार, महेश महावर, डा.जीवन लाल, राजू कर्दम, यज्ञ दत्त मास्टर सहित दर्जनों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कमला नगर में लाखों की चोरी, सोने-चांदी के आभूषण और 50 हजार रुपये ले गए अज्ञात चोर

कोसीकलां। नगर के कमला नगर में चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर मकान से सोने-चांदी के आभूषण और 50 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। घटना के बाद कॉलोनी के लोगों में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, कमला नगर निवासी अजीत सिंह के घर में चोरों ने रविवार तड़के करीब तीन से चार बजे के बीच चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बताया गया है किअजीत सिंह के परिवार के कुछ सदस्य दर्शन करने के लिए बरसाना गए हुए थे, जबकि उनकी पत्नी घर में बराबर वाले कमरे में सो रही थीं। इसी दौरान चोर घर में घुसे और सामान चोरी कर फरार हो गए।पीड़ित अजीत सिंह ने बताया कि चोर घर से सोने-चांदी के आभूषणों के साथ 50 हजार रुपये की नकदी भी ले गए। सुबह चोरी की जानकारी होने पर परिवार में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग भी मौके पर एकत्रित हो गए। लोगों ने पुलिस से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और चोरी की घटना का खुलासा कर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

पूर्वी तिराहे पर सट्टे की खाईबाड़ी करते युवक को पुलिस ने पकड़ा

बंद मार्केट के सामने चल रहा था सट्टे का कारोबार

बकेवर। कस्बे में सट्टे की खाईबाड़ी कर रहे युवक को पुलिस ने शनिवार रात पूर्वी तिराहे के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से 740 रुपये नकद, दो सट्टा पर्ची, एक पेन और एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। उपनिरीक्षक किरनपाल नागर शनिवार रात पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि पूर्वी तिराहे के पास बंद पड़ी मार्केट के सामने एक युवक सट्टे की खाईबाड़ी कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से 740 रुपये, दो सट्टा पर्ची, एक पेन और एंड्रॉयड मोबाइल बरामद हुआ। पकड़े गए युवक की पहचान अनीश पुत्र अजीज अली निवासी कोठी शेरपुर, थाना बकेवर के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, युवक सट्टे का लाइसेंस नहीं दिखा सका। उसके खिलाफ जुआ अधिनियम की धारा 13 के तहत कार्रवाई की गई है।

गाली-गलौज का विरोध करने पर मां-बेटी समेत तीन को पीटा, चार पर मुकदमा

नगरी लोलपुर गांव में घर के दरवाजे पर हुआ विवाद

बकेवर। नगरी लोलपुर गांव में घर के दरवाजे पर गाली-गलौज का विरोध करने पर चार लोगों ने एक परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में मां-बेटी समेत तीन लोग घायल हो गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी अभिलाषा पुत्री जवाहर लाल कठेरिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 31 अक्टूबर को दोपहर करीब दो बजे वह अपनी मां विमला देवी और 12 वर्षीय भतीजी आस्था के साथ घर पर खाना खा रही थी। इसी दौरान पड़ोस के फूल सिंह, श्रीकृष्ण, मलखान सिंह और पप्पू कठेरिया घर के दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर चारों ने लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। हमले में अभिलाषा, उसकी मां विमला देवी और भतीजी आस्था को चोटें आईं। आरोप है कि मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने अभिलाषा की तहरीर पर फूल सिंह, श्रीकृष्ण, मलखान सिंह और पप्पू कठेरिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से दरोगा घायल, जिला अस्पताल रेफर

बकेवर ओवरब्रिज पर पीछे से आए वाहन ने बाइक में मारी टक्कर

बकेवर। इटावा-कानपुर सिक्सलेन हाईवे पर बकेवर ओवरब्रिज के ऊपर रविवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार उपनिरीक्षक व्रजेन्द्र बहादुर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने उन्हें बकेवर स्थित 50 शैय्या अस्पताल पहुचाया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल उपनिरीक्षक व्रजेन्द्र बहादुर महिला थाना इटावा में तैनात हैं। वह विभागीय तामीला के सिलसिले में औरैया जा रहे थे। इसी दौरान बकेवर ओवरब्रिज के ऊपर पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिरकर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। टक्कर मारने वाले वाहन का पता नहीं चल सका है।

प्रथम पृष्ठ के शेष

वोट चोरीसे...

मेहनत का फल और विद्यार्थियों को उनकी पढ़ाई का उचित प्रतिफल मिले। देश कुछ चुनिंदा लोगों का नहीं हो सकता। रैली में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में लाखों मतदाताओं के नाम एसआईआर के जरिए काटे गए। उन्होंने कहा कि भाजपा चाहती है कि केवल उसके समर्थक ही देश के नागरिक और मतदाता बने रहें। अखिलेश ने रामलीला मैदान को लोकतंत्र का हल्दीघाटी बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में जो लोग आए थे, उन्हें अब वहां से जाना होगा। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि एसआईआर के कारण राज्य में एक करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए गए और उनकी हार नहीं हुई, बल्कि उन्हें हराया गया। उन्होंने कहा कि बंगाल के साथ अन्याय हुआ है, लेकिन विपक्ष लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ाई जारी रखेगा। राजद नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने चुनावी प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों की तुलना महाभारत के शकुनि के पासों से की। उन्होंने कहा कि जब शकुनि पासा फेंकता था तो वही होता था, जो वह चाहता था। इसी तरह चुनाव में निष्पक्ष मुकाबले की स्थिति नहीं रह गई है। तेजस्वी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को जेल भेजने की मांग भी की। सीपीआई (एमएल) के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने एसआईआर को आम लोगों के मताधिकार छीनने का जरिया बताया। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र के खिलाफ सत्ता की ओर से सर्जिकल स्ट्राइक है। रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती समेत कई विपक्षी नेता शामिल हुए। गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले इंडिया गठबंधन ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर आयोजित मॉक संसद में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया था। राहुल गांधी ने वहां दावा किया था कि 13.3 करोड़ मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए और 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने तीन प्रतिशत के अंतर से जीत हासिल की थी। रैली के मद्देनजर रामलीला मैदान और आसपास के इलाकों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। तीन हजार से अधिक पुलिसकर्मियों और 10 हजार अर्धसैनिक बलों के जवानों को तैनात किया गया था।

दिल्ली-एनसीआरमें...

के तहत एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8/21 के अंतर्गत थी। पूछताछ में हुकमुद्दीन ने बताया कि उसे यह कोकीन जाबिद हुसैन से मिली थी। जाबिद हुसैन को 17 अगस्त 2026 को नूंह मेवात, हरियाणा से गिरफ्तार किया गया। जाबिद ने मुश्ताक से कोकीन लेने की बात कबूली। मुश्ताक को 18 अगस्त 2026 को गिरफ्तार किया गया। उसने चार्ल्स ओवुसु उर्फ जॉनसन से कोकीन लेने का खुलासा किया। जांच के आधार पर, 20 अक्तूबर 2026 को चार्ल्स ओवुसु उर्फ जॉनसन के किराये के मकान पर छापा मारा गया। यह मकान दिल्ली के खानपुर स्थित देवली एक्सटेंशन में था। वहां से 30 ग्राम कोकीन, पांच चलभाष, एक अंकीय वजन मशीन और प्लास्टिक के पाउच मिले। चार्ल्स ओवुसु ने बताया कि वह डेविड नामक नाइजीरियाई व्यक्ति से कोकीन लेता था। इस मुख्य आपूर्तिकर्ता और अन्य शामिल लोगों की तलाश जारी है।

देशमें अराजकता...

दूसरा, दिल्ली में दंगे और अराजकता फैलाकर लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार को गिराने की कोशिश करना। तीसरा, त्योहारी सीजन में दिल्ली के दुकानदारों और व्यापारियों की कमाई छीनना और चौथा, देश की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नुकसान पहुंचाना। विपक्षी गठबंधन इंडिया की महारैली पर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा, राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी का मकसद इस त्योहारी सीजन में दिल्ली को ठप करना, छोटे दुकानदारों और कारोबारियों की रोजी-रोटी पर चोट पहुंचाना और देश में अशांति व अराजकता का माहौल पैदा करना है। हम इस समय त्योहारों के सीजन से गुजर रहे हैं। धनतेरस, दिवाली और छठ पूजा जैसे त्योहार आने वाले हैं। पूरे साल हमारे छोटे व्यापारी, रेहड़ी-पटरी वाले और दुकानदार इस समय का इंतजार करते हैं। उन्हें उम्मीद रहती है कि इस दौरान इतनी कमाई हो जाएगी कि वे अपने परिवार का खर्च चला सकें और बच्चों की जरूरतें पूरी कर सकें। लेकिन राहुल गांधी को इस बात की कोई चिंता नहीं है कि इन कारोबारियों के घरों का चूल्हा जल पाएगा या नहीं। उन्हें सिर्फ अपनी तरह की राजनीति को आगे बढ़ाने में दिलचस्पी है। नड्डा ने कहा, चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ने राहुल गांधी, सोनिया गांधी, अखिलेश यादव और ममता बनर्जी से बार-बार संपर्क किया। आज भी उनसे संपर्क किया गया। संगठन ने एक-दो बार नहीं, बल्कि तीन बार उनसे अपील की कि भगवान के लिए, त्योहारी सीजन में इतनी बड़ी भीड़ लेकर दिल्ली मत आइए और हमारे कारोबार को ठप मत कीजिए। लेकिन राहुल गांधी की जिद के कारण आज कारोबारियों का कामकाज पूरी तरह ठप हो गया है।

यूपी : बागपतमें...

किया तो कोबरा सांप निकलने लगे, जिन्हें पकड़वाकर जंगल और हिंडन नदी के किनारे छोड़ा गया। पिछले पांच दिन में 30 सांप निकल चुके हैं। लगातार सांप निकलने पर उन्होंने मकान की नींव की खोदाई करायी तो सांप के खाली अंडे निकलने लगे। 200 अंडे बाहर निकाले जा चुके हैं, जिनमें से सांप बाहर आ चुके हैं। सांप के 200 खाली अंडे निकलने की जानकारी वन विभाग के अफसरों को दी गयी। वन विभाग की टीम ने कहरका गांव पहुंचकर खाली अंडे देखे और लोगों से सतर्क रहने की अपील की।

नेपाल : सुरंग...

और आठबिसकोट नगरपालिका-3 निवासी 32 वर्षीय आदेश भंडारी शामिल हैं। दोनों चोरी के मामलों में विचाराधीन बंदी थे। घटना शुक्रवार रात की बताई जा रही है। शनिवार सुबह जानकारी मिलने पर पुलिस और प्रशासन में खलबली मच गयी। जांच में पता चला कि कैदियों ने जिस कमरे में सोने के लिए जगह बनाई थी, वहां से जेल की बाहरी परिधि तक करीब चार मीटर 30 सेंटीमीटर लंबी सुरंग खोदी थी। इसी रास्ते सभी आठ कैदी फरार हो गये। डोल्पा के पुलिस प्रमुख अनिलराज गिरी ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि फरार कैदियों की गिरफ्तारी के लिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस टीमें लगाई गई हैं। जिला पुलिस कार्यालय के डीएसपी के नेतृत्व में 34 पुलिसकर्मियों की टीम कारागार पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद पुलिसकर्मियों को तलाश अभियान में लगाया गया। कर्णाली प्रदेश के पुलिस प्रमुख डीआईजी जयराज सापकोटा ने बताया कि फरार कैदियों की तलाश के लिए चारों दिशाओं में पुलिसकर्मियों को भेजा गया है। उनके संभावित ठिकानों और आवाजाही वाले क्षेत्रों में भी खोजबीन की जा रही है। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल की विस्तृत जांच पूरी होने के बाद फरारी से जुड़े अन्य तथ्यों की पुष्टि हो सकेगी। एक साथ आठ कैदियों के सुरंग खोदकर फरार होने की घटना ने जिला कारागार की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सुरक्षा और तलाशी अभियान तेज कर दिया है।

भाजपाने विकास...

भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अग्रसर किया। सपा सरकार लूटपाट करने को बदमाश पालती थी, जबकि भाजपा सरकार ने विकास के जरिये बदलाव करके दिखा दिया है। उत्तर प्रदेश अब पतन और शोषण की नहीं, प्रगति व संस्कृति की धरती बन गई है। अब यहां कर्फ्यू, उपद्रव या दंगा नहीं, उत्सव होता है। अखिलेश यादव के समय बाहरी लोग यूपी का नाम सुनकर सौ कोस दूर भागते थे। आज यूपी वालों की आवभगत व सम्मान किया जाता है। सपा और भाजपा की सरकार में अंतर समझाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने 10 वर्षों में 10 लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी दी। वन डिस्ट्रिक्ट-वन मेडिकल कॉलेज, वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट और वन डिस्ट्रिक्ट-वन कुजीन दिया। माफिया को मिट्टी में मिलाने का काम भी किया। अब किसी गरीब की जमीन पर कोई माफिया कब्जा करने का दुस्साहस नहीं कर सकता। किसी बेटी की सुरक्षा में सेंध नहीं लगा सकता, क्योंकि उसे मालूम है कि ऐसा करने पर अंजाम क्या होने वाला है। सीएम योगी ने कहा कि आज गोरखपुर का विकास हो रहा है। उत्तर प्रदेश बदल चुका है और भारत दुनिया में नई पहचान के साथ आगे बढ़ा है। यह नया भारत है, जहां 140 करोड़ भारतवासी मोदी जी के नेतृत्व में गौरव की अनुभूति करते हैं। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 12 वर्ष में 46 करोड़ लोगों को गरीबी की रेखा से ऊपर उठकर सामान्य जीवनयापन का अवसर मिला है। पीएम मोदी जी ने देश को गरीबी के कलंक से उबारने का काम किया है। गरीबों के जीवन में अभूतपूर्व बदलाव आया है। उन्हें आवास मिल रहा है, घर में शौचालय बन रहे हैं, निशुल्क राशन सुविधा का लाभ मिल रहा है। पहली बार देश में 55 करोड़ लोगों को निशुल्क 5 लाख रुपये प्रतिवर्ष आयुष्मान भारत का लाभ प्राप्त हुआ है। जनधन अकाउंट में 55 करोड़ लोगों के खाते खोले गए। कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार में गरीब को 100 रुपये में मात्र 15 रुपये ही मिलते थे, जबकि जनधन खातों के जरिये अब गरीब को पूरे 100 रुपये मिलते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि चौरीचौरा की ऐतिहासिक घटना में 172 देशभक्तों को अंग्रेजों ने फांसी की सजा दी थी। ये कांग्रेसी कहते हैं कि पंडित जवाहरलाल नेहरू देश के बहुत बड़े अधिवक्ता थे। पर, सच्चाई यह है कि उस समय इन 172 किसानों, श्रमिकों, व्यापारियों की पैरवी पंडित नेहरू ने नहीं की। तब पंडित मदन मोहन मालवीय पैरवी के लिए आगे आए। मालवीय जी ने 151 क्रांतिकारियों को फांसी के फंदे से छुड़ाने में सफलता हासिल की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपा बाजार रेल ओवरब्रिज का नाम शहीद स्मारक ओवरब्रिज के रूप में ही होना चाहिए। उन्होंने ओवरब्रिज के लिए कमलेश पासवान, संगीता यादव, जयप्रकाश निषाद और सरवन निषाद के प्रयासों का भी उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि डबल इंजन की सरकार ने मां तरकुलहा देवी के सौंदर्यीकरण के लिए धनराशि अवमुक्त कराई। जब हम तरकुलहा देवी की बात करते हैं तो बाबू बंधु सिंह का भी स्मरण करते हैं। बाबू बंधु सिंह ने 1857 के प्रथम स्वातंत्र्य समर में अंग्रेजों की चूलें हिलाने का काम किया था। उन्हें गोरखपुर में फांसी की सजा दी गई थी। कहते हैं, जब उनको फांसी की सजा दी जा रही थी, बार-बार फांसी का फंदा टूटता था। अंत में बाबू बंधु सिंह ने स्वयं मां तरकुलहा का आह्वान किया, 'माई अब देर मत कर, कई बंधु सिंह पैदा होंगे, अब मुझे अपनी गोदी में सुलाओ।' मुख्यमंत्री ने कहा कि बंधु सिंह के साथ तरकुलहा देवी का मंदिर अमर हो गया, श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बन गया। आज हर व्यक्ति तरकुलहा देवी के मंदिर में जाकर मां का भी आशीर्वाद लेता है और क्रांतिकारी शहीद बंधु सिंह का भी स्मरण करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के इतिहास को जानने वाला हर व्यक्ति चौरीचौरा को जानता है। चौरीचौरा की घटना का प्रभाव इतना ज्यादा था कि कांग्रेस का नेतृत्व भी हिल गया था। उसने आंदोलन स्थगित कर दिया था, लेकिन कुछ नहीं रुका। चौरीचौरा के क्रांतिकारियों की पैरोकारी करने वाले पंडित मदन मोहन मालवीय जी को भारत रत्न देकर सरकार ने उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। यह भारत रत्न चौरीचौरा के क्रांतिकारियों का भी सम्मान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जिन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है, वे चौरीचौरा को दीपावली और छठ के उपलक्ष्य में उपहार स्वरूप हैं।

फेस्टिवल के दौरान प्रीमियम अपग्रेड

आगरा। अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में उत्तर प्रदेश के ग्राहकों और विक्रेताओं की जोरदार भागीदारी देखने को मिली है, जहां स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन और ब्यूटी, होम और किचन, रोजमर्रा की जरूरतों, ग्रॉसरी और बड़े घरेलू उपकरणों की मांग में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। राज्य के ग्राहक इस त्योहारी सीजन में प्रीमियम अपग्रेड और किफायती खरीदारी दोनों को अपना रहे हैं। बड़े घरेलू उपकरणों जैसे रेफ्रिजरेटर, वाशिंग मशीन और एयर कंडीशनर ने सामान्य कारोबारी दिनों के मुकाबले वाराणसी में 14 गुना, आगरा और इलाहाबाद में 13 गुना, कानपुर में 11 गुना, मेरठ में 10 गुना और लखनऊ में 9 गुना की वृद्धि दर्ज की। रनिंग शूज में जोरदार मांग देखी गई, जो सामान्य कारोबारी दिनों की तुलना में आगरा, मेरठ और वाराणसी में 6 गुना बढ़ी।

रिश्तों की जटिलता को दशार्या

आगरा। सोनी सब का पुष्पा इम्पॉसिबल रिश्तों की जटिलताओं और उन्हें आकार देने वाले फैसलों को दिखाना जारी रखे हुए है। जैसे-जैसे टाइगर मुकुल हरीश, पुष्पा करुणा पांडे, और शनाया मुस्कान बामने, के करीब आता है। चिराग नितिन बाबू, खुद को जलन से जूझता हुआ पाता है, खासकर तब जब एक छोटी लड़की की जान बचाने के बाद टाइगर को उसकी बहादुरी के लिए सराहना भी मिलने लगती है। टाइगर को मिल रहे बढ़ते ध्यान को सहन न कर पाने पर चिराग उसे नुकसान पहुँचाने की नीयत से रावण दहन के दौरान रावण के पुतले के अंदर पटाखे रख देता है। हालाँकि, आखिरी समय पर वह उन्हें हटा लेता है।

रियल ग्रीटिंग्स दिवाली गिफ्ट कलेक्शन लॉन्च

आगरा। दिवाली के अवसर पर, जब घर रोशनी से जगमगा उठते हैं और परिवार एक साथ मिलकर खुशियों का उत्सव मनाते हैं, तब डाबर इंडिया लिमिटेड का प्रमुख जूस एवं पेय पदार्थ ब्रांड रियल फ्रूट जूसेज एंड बेवरेजेज अपने विशेष रियल ग्रीटिंग्स दिवाली गिफ्ट कलेक्शन के साथ त्योहार में सेहत और ताजगी का नया रंग भर रहा है। 100 से 520 रुपये तक की कीमत वाले ये विशेष रूप से तैयार किए गए गिफ्ट पैक उपभोक्ताओं को अपने परिवार, मित्रों, सहकर्मियों और प्रियजनों के साथ दिवाली की खुशियाँ साझा करने का एक आकर्षक और सुविधाजनक अवसर प्रदान करते हैं।

त्योहारी छूट, दिवाली में खुशियों का रंग भरा

आगरा। दुनिया की अग्रणी अंतरराष्ट्रीय एक्सप्रेस सेवा प्रदाता कंपनी डीएचएल एक्सप्रेस पूरे भारत में अपने ग्राहकों के लिए विशेष त्योहारी छूट के साथ दिवाली का उत्सव मना रही है। सीमित अवधि के लिए उपलब्ध यह ऑफर 14 नवंबर तक मान्य है, इसके तहत ग्राहकों को अंतरराष्ट्रीय और घरेलू शिपमेंट पर 60: तक की छूट मिलेगी, जो ग्राहक भारत और दुनिया भर में अपने परिवारजनों और प्रियजनों को उपहार, मिठाइयाँ और त्योहार की शुभकामनाएँ भेजना चाहते हैं, वे डीएचएल की वेबसाइट डीएचएल डॉट कॉम, पर या डीएचएल सर्विस पॉइंट पर प्रोमोशन कोड फेस्टिवल60 का उपयोग कर सकते हैं।

पीईटी के आखिरी दिन सड़कों पर महाजाम

एमजी रोड पर एक किमी लम्बी वाहनों की कतार, ट्रैफिक प्लान पूरी तरह फेल, राहगीरों तक को जगह नहीं, एम्बुलेंस फंसी, हजारों लोग घंटों तक बीच रास्ते में फंसे



आगरा। पीईटी परीक्षा के आखिरी दिन रविवार को महानगर की यातायात व्यवस्था अभ्यर्थियों की भीड़ के आगे पूरी तरह ध्वस्त हो गई। पुलिस प्रशासन का ट्रैफिक प्लान धरा का धरा रह गया। शहर के 49 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा के बाद प्रमुख मार्गों पर वाहनों का दबाव इतना बढ़ गया कि हालात नाजुक हो गए। पहली पाली की परीक्षा छूटते ही केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की भीड़ उमड़ी तो कई इलाकों में जाम जैसे हालात बन गए। एमजी रोड पर आगरा कॉलेज के सामने स्थिति सबसे ज्यादा खराब थी। यहां करीब एक किलोमीटर तक वाहनों की लम्बी कतारें लगी रही, महज दो मिनट में तय होने वाला रास्ता पार करने में लोगों को तीस मिनट से अधिक का समय लगा, इससे लोग बेहाल थे। एमजी रोड पर वाहनों की लंबी कतार के बीच एंबुलेंस भी फंसी रही। सड़क पर जाम का असर आम राहगीरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि आपातकालीन सेवा को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। यातायात पुलिसकर्मी लगातार वाहनों को निकलवाने और जाम खुलवाने में जुटे रहे, लेकिन वाहनों का दबाव अधिक होने के कारण स्थिति सामान्य होने में काफी समय लगा। रविवार को 49 केंद्रों पर कुल 45,552 अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा आयोजित की गई। दोनों पालियों में 22,776-22,776 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे और दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक हुई। परीक्षा की निगरानी के लिए 49 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 49 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे। प्रशासन ने पहले से ही यातायात और अभ्यर्थियों के आवागमन के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए थे। एमजी रोड पर जाम की एक प्रमुख वजह सड़क किनारे ऑटो चालकों की मनमानी भी रही। प्रतिबंधित मार्ग पर ऑटो चालक जगह-जगह वाहन रोककर सवारियां बैठाते और उतारते नजर आए, इससे पीछे चल रहे वाहनों की रफ्तार थम गई और जाम की स्थिति और गंभीर हो गई। एमजी रोड पर ऑटो संचालन प्रतिबंधित है। जिलाधिकारी की ओर से भी इस मार्ग पर ऑटो नहीं चलाने के निर्देश दिए जा चुके हैं, इसके बावजूद ऑटो चालकों की आवाजाही जारी रही। परीक्षा के दौरान यातायात नियंत्रण की व्यवस्था के बीच प्रतिबंधित मार्ग पर ऑटो का संचालन व्यवस्था पर सवाल खड़े करता रहा। पीईटी के आखिरी दिन यातायात का दबाव केवल एमजी रोड तक सीमित नहीं रहा। सिकंदरा चौराहा, आईएसबीटी, बेलनगंज, घटिया आजम खां और भगवान टॉकीज चौराहे पर भी परीक्षा छूटने के बाद वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिलीं, जिन क्षेत्रों में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, वहां अभ्यर्थियों के एक साथ बाहर निकलने से सड़क पर वाहनों की संख्या अचानक बढ़ गई। दोपहिया और चारपहिया वाहनों के साथ सार्वजनिक परिवहन के वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित हुई। लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए सामान्य से अधिक समय लगा। परीक्षा केंद्रों के आसपास भीड़ और प्रमुख चौराहों पर वाहनों का दबाव एक साथ बढ़ने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई।

राजाबरारी में राधास्वामी सत्संग की स्वदेशी उत्पाद प्रदर्शनी में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

सुरेखा यादव

राजाबरारी/दयालबाग । रविवार, 01 नवंबर को मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के विशेष अवसर पर काजलेश्वर संगम स्थल, राजाबरारी में राधास्वामी सत्संग की ओर से दयालबाग स्वदेशी उत्पाद प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में देश के विभिन्न राधास्वामी सत्संग केंद्रों एवं इकाइयों द्वारा निःस्वार्थ जनसेवा की भावना से बिना किसी लाभ के निर्मित स्वदेशी उत्पादों को ग्रामीण क्षेत्रवासियों के लिए उपलब्ध कराया गया। प्रदर्शनी में रुड़की (उत्तराखंड) की सूती चादरें, तौलिए एवं गमछे, फरीदाबाद (हरियाणा) की सूती चादरें, जयपुर (राजस्थान) की ब्लॉक प्रिंटेड चादरें एवं गर्म शॉल, आगरा हैंडलूम के सूती शर्टिंग कपड़े, मुंबई (महाराष्ट्र) के ग्रेस साबुन, राजमुंदरी (आंध्र प्रदेश) की अगरबत्तियां, चेंबूर (महाराष्ट्र) की टाई एंड डाई साड़ियां, आगरा के आयुर्वेदिक उत्पाद तथा खंडवा (मध्य प्रदेश) के कैनवास बैग सहित अनेक स्वदेशी उत्पाद प्रदर्शनी के प्रमुख आकर्षण रहे।

निर्धारित समय दोपहर 12 बजे राजाबरारी एस्टेट के प्रबंधक डॉ. प्रेम सेवक सुधीश, प्राचार्य श्री दिनेश कपूर, मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज डॉ. रश्मि अरोड़ा एवं मुख्य ऑडिटर श्री भीम सेन धमीजा द्वारा माल्यार्पण एवं प्रार्थना के पश्चात प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन किया गया।

प्रदर्शनी स्थल पर राजाबरारी एस्टेट स्थित राधास्वामी चैरिटेबल क्लीनिक की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण की व्यवस्था भी की गई। मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ की सेवानिवृत्त मेडिकल कमिश्नर एवं वर्तमान में राजाबरारी एस्टेट में मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज के रूप में सेवारत डॉ. रश्मि अरोड़ा द्वारा ग्रामीणों को चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया तथा आवश्यकतानुसार दवाओं का निःशुल्क वितरण किया गया। शिविर में रक्तचाप (बीपी), रक्त शर्करा (शुगर) एवं हीमोग्लोबिन सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांचें निःशुल्क की गईं। इसके अतिरिक्त किसी भी आकस्मिक आवश्यकता के लिए प्राथमिक उपचार एवं एम्बुलेंस की सुविधा भी मौके पर उपलब्ध रही।





ग्रामीणों में दिखा अभूतपूर्व उत्साह, कुछ ही घंटों में बिक गए उत्पाद

क्षेत्र के पवित्र धार्मिक स्थल काजलेश्वर संगम पर आयोजित इस प्रदर्शनी को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण प्रदर्शनी स्थल पर पहुंचे और देखते ही देखते खरीदारी के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों की उत्साहपूर्ण सहभागिता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कुछ ही घंटों में प्रदर्शनी के लगभग सभी उत्पाद बिक गए। अनेक ग्रामीणों को सामान समाप्त हो जाने के कारण निराश होकर खाली हाथ लौटना पड़ा। प्रदर्शनी का विशेष आकर्षण मुंबई सत्संग इकाई द्वारा मात्र 8 रुपये प्रति नग की दर से उपलब्ध कराए गए लगभग 1,800 ग्रेस साबुन रहे, जो कुछ ही समय में पूरी तरह बिक गए। यह आयोजन ग्रामीण अंचल में स्वदेशी उत्पादों, किफायती दरों और निःस्वार्थ जनसेवा के प्रति राधास्वामी सत्संग की प्रतिबद्धता का एक सराहनीय उदाहरण रहा।

निःस्वार्थ सेवा भावना से निर्मित होते हैं उत्पाद

प्रदर्शनी समिति की अध्यक्ष डॉ. ए.एस. रागिनी ने बताया कि प्रदर्शनी में उपलब्ध सभी उत्पाद राधास्वामी सतसंग के स्वयंसेवकों द्वारा निःस्वार्थ सेवा भावना से जनहित में निर्मित किए जाते हैं तथा इन्हें बिना किसी लाभ के आमजन तक पहुंचाया जाता है। उन्होंने ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण सहभागिता पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर राजाबरारी शाखा के सचिव डॉ. डी. सुमिर राव ने प्रदर्शनी के सफल आयोजन पर सभी कार्यकताओं एवं स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए उनके समर्पण, सहयोग एवं कुशल कार्यप्रणाली की सराहना की। स्वदेशी उत्पादों के प्रचार-प्रसार के साथ स्वास्थ्य सेवा और जनकल्याण को समर्पित यह आयोजन ग्रामीण अंचल में सेवा, सहयोग एवं सामाजिक सहभागिता का प्रेरणादायक उदाहरण बना।

सराय ख्वाजा में बुजुर्ग दम्पत्ति ने फांसी लगाई

इलाके में सनसनी, पुलिस छानवीन में जुटी, शव पोस्टमार्टम को भेजे

आगरा। थाना शाहगंज क्षेत्र के सराय ख्वाजा में शनिवार देर रात एक बुजुर्ग दम्पत्ति से फांसी लगा कर जान दे दी। एक ही घर में पति-पत्नी के शव फंदे पर देख मोहल्ले में सनसनी फैल गई, घर पर भारी भीड जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, शव फंदे से उतार पुलिस ने कमरे की तलाशी ली। परिजनों से पूछताछ के बाद शव पोस्टमार्टम को भेज दिये। पुलिस मामले की छानवीन में जुटी है। बताया गया है कि सराय ख्वाजा निवासी 62 वर्षीय शेरू और उनकी पत्नी खाना खाने के बाद सोने चले गए। मध्य रात्रि किसी समय दोनों ने अलग-अलग स्थानो पर फांसी का फंदा लगा लिया। सुबह जब परिजन सो कर उठे तो कमरें में शेरू की पत्नी का शव फंदे पर लटका देख उनकी चीख निकल गई।वहीं घर के समीप छोटी सी दुकान में शेरू का शव फंदे पर लटका था। बुजुर्ग दम्पत्ति के एक ही घर में अलग-अलग स्थानों पर शव फंदे पर मिलने पर बस्ती में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते घर में भारी भीड जमा हो गई, सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को फंदे से उतारा, दोनों जगहों पर छानवीन की किन्तु सुसाइड नोट नहीं मिला। परिजनों से पूछताछ के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिये। पुलिस का कहना है कि पारिवारिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्य कारणों समेत सभी पहलुओं पर बारीकी से छानवीन की जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी। बुजुर्ग दम्पत्ति के सुसाइड करने पर बस्ती में चचाओं का बाजार गर्म था, जितने लोग उतनी बातें। पुलिस की जांच पडताल एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत से पर्दा उठ सकेगा, आखिर दम्पत्ति ने सुसाइड क्यों किया,?।

पांच दिवसीय दीपावली को लेकर सज गए बाजार

इलेक्ट्रानिक्स बाजार में धूम, वाइक और कार खरीदने को हजारों की बुकिंग, धनतेरस पर होगी धन की बर्षा

आगरा। पांच दिवसीय दीपावली त्यौहार को लेकर बाजार सजधज कर तैयार हो चुके हैं, जगह-जगह फड लगे हैं, जहां साजसज्जा का सामान बेचा जा रहा है। कुम्भकार दिन-रात लक्ष्मी-गणेश सहित मिट्टी के दीपक-खिलौने आदि बनाने में जुटे हुए हैं।शाह मार्केट में सामान्य दिनों की अपेक्षा इन दिनों काफी भीड उमड रही है, युवा नये-नये ब्रांडेड मोबाइल खरीद रहे हैं, जिससे दुकानदारों के चेहरे खिले हुए हैं। वहीं ज्वैलरी की खरीदारी भी बढ चढ कर की जा रही है। महानगर का एक नामचीन ब्रांडेड शोरूम खरीदारी से भरा पडा है, बताया गया है कि सोने के भाव अनुकूल होने पर काफी तादाद में लोग ज्वैलरी खरीदने पहुंच रहे है। दीपावली बाद शादी का मौसम आने वाले है, इसलिए वर-वधु पक्ष दीपावली पर ही ज्वैलरी खरीदना पसंद कर रहे हैं। बात करें कपडा बाजार की तो यहां के नजारे अजीब हैं, हर रोज कपडा बाजार में भीड उमड रही है, जिससे दुकानदार रात दस-ग्यारह बजे तक दुकानें खोले हैं, कपडों की बम्पर बिक्री हो रही है। मिठाईयों की दुकानें दुल्हन की भांति सजी हैं, जहां सुबह-शाम भारी मात्रा में खरीदारी करने लोग पहुंच रहे हैं, दीपावली से पूर्व मिष्ठान विकेताओं की चांदी कट रही है। किनारी बाजार में चांदी की खरीदारी भी खूब हो रही है, दीपावली पर चांदी के लक्ष्मी-गणेश की बम्पर खरीदारी होती है, इसलिए चांदी कारोवारी इन दिनों लक्ष्मी-गणेश निर्मित करने में जुटे हैं। सराफ बाजार में चांदी के सिक्कों की कई वैरायटी उतारी हैं, फडों पर साजसज्जा की दुकाने सजी हैं, दीपावली पर घर-घर सजावट की जाती है, वहीं इलेक्ट्रानिक्स बाजार बेलनगंज में हर रोज खरीदारी को भारी भीड उमड रही है। लोग दीपावली से पूर्व ही झालर, एलईडी सहित अन्य इलेक्ट्रानिक आयटम की खरीदारी कर रहे हैं। कारोवारियों का कहना है कि दीपावली से पूर्व ही बाजार में धन की वर्षा हो रही है, जो स्टॉक उन्होंने किया था वह खत्म होने जा रहा है इसलिए कंपनी को तुरंत नया आर्डर बुक कराया है, दीपावली पर इससे और अधिक बिक्री की संभावना व्यक्त की गई है।

ट्रेनों में मारामारी, स्पेशल ट्रेनें नाकाफी, यात्री परेशान

वेटिंग दो सौ के पार, कंफर्म टिकट नामुमकिन

आगरा। दीपावली पर कंफर्म टिकट को लेकर मारामारी मची है, हालात यह है कि ट्रेनों में पैर रखने तक को जगह नहीं है। वेटिंग सौ से ऊपर जा पहुंची है, ऐसे में टिकट का कंफर्म होना मुमकिन नहीं है। दीपावली पर अधिकांश लोग अपने घरों को जाते हैं, भीड के मद्देनजर रेलवे स्पेशल ट्रेनों का संचालन करता है किन्तु यात्रियों की भीड इतनी अधिक है कि स्पेशल ट्रेनें भी कम पड गई है। ज्यादातर लोग लम्बी दूरी की यात्रा करते। आगरा-अहमदाबाद सुपर फास्ट ट्रेन में अगले दो सप्ताह तक कंफर्म टिकट नहीं है, यही हाल अवध एक्सप्रेस, मरूधर, पंजाब मेल, झेलम, उत्कल, महाकौशल, छत्तिसगढ एक्सप्रेस, कर्नाटका सहित अन्य ट्रेनों का है जिनमें 15 नवंबर तक कंफर्म टिकट नहीं है, ऐसे में यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पडेगा। स्लीपर से लेकर एसी कोच में वेटिंग दो सौ के पार पहुंच गई है। आगरा से मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद, पुणे, अहमदाबाद, बिहार, प्रयागराज, पंजाब की ओर जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों को कंफर्म टिकट के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। कुछ यात्रियों को तत्काल टिकट का सहारा है, वह तत्काल की जुगाड में लगे है, दलालों के जरिए तत्काल टिकट आसानी से मिल जाती है। आगरा से दीपावली और छट के अवसर पर करीब दो दर्जन से अधिक लंबी दूरी की स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। रेलवे ने यात्रियों को एडवाइजरी जारी की है कि यात्रा से पूर्व संचालित ट्रेनों में सीटों की उपलब्धता की जानकारी कर लें।?

जन चौपाल का आयोजन आज

फतेहपुर सीकरी। सीकरी के कस्बा में सोमवार को स्टेशन से शाहकुली तक मार्ग के चौडीकरण एवं नाली निर्माण का शिलायान्स एवं भूमि पूजन तथा जन चैपाल का आयोजन किया गया है। उक्त विकास कार्य का निर्माण एडीए द्वारा कराया जाएगा। आज दोपहर 2 बजे कृष्ण वाटिका फतेहपुर सीकरी पर क्षेत्रीय विधायक चैधरी बाबूलाल द्वारा शिलायांस एवं भूमि पूजन किया जाएगा

स्वामी ज्ञानमंडल प्राईवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामअवतार यादव द्वारा आज यंत्रालय १/३ बी.महात्मा गांधी मार्ग आगरा से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक
आर.वी.सिंह यादव
स्वत्वाधिकारी ज्ञान मण्डल प्राईवेट लिमिटेड

वाराणसी- संत कबीर मार्ग
गोरखपुर- बैंक रोड
इलाहाबाद- ३ लीडर रोड
कानपुर- बांसमंडी
लखनऊ- १, जापलिंग रोड
बरेली- परसाखेड़ा इन्डस्ट्रियल एरिया
पटना- फ्रेजर रोड
रांची - नामकुम इन्डस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर-न्यूकालीमाटीरोड साकची
धनबाद-कतरास रोड

वर्ष ३६ पूर्णांक संख्या १३९६२
रजिस्ट्रेशन संख्या - ४६१४२/८७
विज्ञापन फोन नं.- ०५६२२५२१५१६
सम्पादकीय-०५६२२८५३२२२,०५६२४३१५२३१
ajagra@rediffmail.com
ajagra1@gmail.com
ajagraeditor@gmail.com

पोस्टल रजिस्ट्रेशन संख्या - एल.जी. ५०५
पी.आर.वी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद आगरा न्यायालय के अधीन होंगे।



दीवानी न्यायालय में मेगा विधिक सेवा शिविर के दौरान प्रमाण पत्र, चैक और आवास की चाबिंया पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिले।

दो दिन मौसम ठंडा रहा फिर बढ़ा तापमान

आगरा। महानगर में दो दिनों तक बूंदाबांदी के बाद रविवार को आसमान साफ नजर आया इसके साथ ही तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस की बढोत्तरी होने पर एक बार फिर गर्मी का अहसास होने लगा। बीते दिनों रिमझिम होने ठंड अचानक बढने पर एसी, कूलर, पंखे बंद हो गए थे, आशंका व्यक्त की गई थी कि रिमझिम से सर्दी और बढेगी किन्तु ऐसा नहीं हुआ, वल्कि दिन में गर्मी का अहसास हो रहा है। अक्सर दीपावली पर गुलाबी मौसम हो जाता है, मानसून की विदाई हो जाती है। पिछले दिनों वेस्टर्न डिस्टर्व के कारण ठंड महसूस की गई थी, हांलाकि बंगाल की खाडी से उठे तूफान ने कई राज्यों को अपनी चपेट में लिया हैं, जहां भारी जनधन की हानि हुई है। घरों में कोहराम मचा है, यूपी के कई शहरों में झमाझम बारिश हुई है, वहां अभी बादलों की आवाजाही जारी है। ठंडे मौसम से बचने के लिए लोग गर्म कपडों का प्रयोग कर रहे है किन्तु आगरा में गर्मी का अहसास हो रहा है, एसी, कूलर, पंखे दिन रात चल रहे हैं। बेमौसम बारिश से हर कोई हैरान है, मौसम विभाग ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टर्व के कारण मौसम ने पलटी मारी है।

पुलिस ने मासूम को परिजनों से मिलाया

फतेहपुर सीकरी। सीकरी के बस स्टैंड पर शनिवार को करीब 12 बजे पांच वर्षीय बालक अकेले रोता हुआ मिला। पुलिस ने बालक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम बताया, लेकिन वह अपने पिता और घर का पता नहीं बता सका। मामले को गंभीरता से लेते हुए मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीम ने बालक के परिजनों की तलाश शुरू की। पुलिस ने बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, शाहकुली तिराहा और फतेहपुर सीकरी बाजार सहित आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन की। इसी दौरान बालक पुलिस को मिल गया। पुलिस ने बच्चे को सकुशल उसके चाचा के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की तत्परता से महज दो घंटे के भीतर मासूम अपने परिजनों तक पहुंच गया। परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

त्यौहारी सीजन में खाद्य सुरक्षा विभाग की ताबड़तोड़ कार्यवाही

940 किलो पनीर-मावा नष्ट कराया, 8 सैंपल जांच को भेजे

आगरा। त्यौहारी सीजन में खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है, साथ ही सडी-गली मिठाईयों को नष्ट कराया जा रहा है। रविवार को विभाग की टीम ने शहर से देहात तक कार्यवाही की, जिससे मिष्ठान विकेताओं एवं डेयरी संचालकों में हडकंप मचा हुआ है। विभाग को सूचना मिली थी कि बोलेरो मैक्स में भारी मात्रा में पनीर की सप्लाई की जा रही है, सूचना मिलने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी मौके पर पहुंचे, गाडी को शमसाबाद रोड जीआर अस्पताल के समीप रोक लिया, जिसमें मावा भरा हुआ था। टीम ने चेक किया तो संदिग्ध प्रतीत हुआ, मावा के दो नमूने जांच को भेज दिए। मावा कारोवारी राजन सिंह एव गौरी शंकर के प्रतिष्ठान 400 किलो ग्राम पनीर नष्ट करा दिया जो कि बदबूदार था जिसकी कीमत एक लाख रूप्ये से अधिक की बताई गयी है।दोनों कारोवारी धौलपुर निवासी बताये गए हैं। इसी क्रम में फतेहपुर सीकरी, पिनाहट में मिष्ठान एवं डेयरी संचालकों के यहां से नमूने जांच को भेज दिए। जहां सदिग्ध मावा या मिठाई नजर आई उसे मोके पर ही नष्ट करा दिया। विभागीय अधिकारी का कहना है कि दीपावली के अवसर पर हर रोज खानपान वस्तुओं की बारीकी से जांच की जायेगी, जहां भी संदिग्ध या फिर मिलावट नजर आयेगी, वहां सेम्पल जांच को भेजे जायेंगे, रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी।

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय जेएसईएल बिल्डिंग, मालवीय नगर जेएलएन मार्ग, जयपुर- 302017

सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी

[नियम 8 (6) का प्रावधान देखें]

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय की सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है । सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार(रों) एवं ज़मानतदार(रों) को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति संरक्षित ऋणदाता केपास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे है :-

क्र. सं.	कर्ज़दार(रों)/ सह-कर्ज़दार(रों)/ ज़मानतदार(रों) के नाम/ ऋण खाता संख्या	प्रत्याभूत आस्तियों का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई है	बकाया राशि (रु. में)	सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में)	संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	ई-नीलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	फ़ज़ुरुद्दीन (आवेदक), रेशमा (सह-आवेदक) ऋण खाता संख्या LBKOT00005458086	दुकान नं. बी-9, दूसरी मंज़िल (छत के अधिकार के बिना), वेक- साइमन प्लाज़ा, सब्ज़ी मंडी, कोटा, राजस्थान- 324006, क्षेत्रफल- 200 वर्ग फ़ीट.	रु. 17,06,341/- 28 अक्टूबर, 2026 तक	रु. 11,50,000/- / रु.1,15,000/-	नवंबर 13,2026 सुबह 11:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक	नवंबर 26,2026 सुबह 11:00 बजे से 12:00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था वैल्यूट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट (https://BidDeal.in) पर संचालित होगी। बंधककर्ताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को नवंबर 25, 2026 को शाम 05:00 बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/इन संरक्षित संपत्ति(यों) की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता(ओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) जो आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय जेएसईएल बिल्डिंग, मालवीय नगर जेएलएन मार्ग, जयपुर- 302017 में नवंबर 25, 2026 तक शाम 05:00 बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज (छायाप्रति) नवंबर 25, 2026 तक शाम 05:00 बजे से पूर्व जमा करें। यदि संभावित बोलीकर्ता(ओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहते हैं, तो वे आईसीआईसीआईबैंक लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय जेएसईएल बिल्डिंग, मालवीय नगर जेएलएन मार्ग, जयपुर- 302017 में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को नवंबर 25, 2026 को शाम 05:00 बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की जयपुर शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति निरीक्षण, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड में 9252097970 पर संपर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट www.icicibank.com/n4p4s पर संपर्क करें ।

तिथि : नवंबर 02, 2026
स्थान : आगरा

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

बरसात में कच्चा मकान गिरा, पीड़िता ने मांगी राहत

लेखपाल पर नुकसान की सही रिपोर्ट समय से न देने का आरोप

एसडीएम ने तहसीलदार को जांच कर मदद के निर्देश दिए

भोगांव। तहसील क्षेत्र के ग्राम म्योरा चक अब्दुल्लापुर, ग्राम पंचायत मंगलपुर और थाना एलाऊ निवासी गीता पत्नी श्याम किशोर का कच्चा मकान भारी बरसात के चलते गिर गया। पीड़िता ने लेखपाल पर नुकसान की सही रिपोर्ट समय से अधिकारियों को नहीं देने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आपदा राहत और आवासीय सहायता की मांग की है। गीता ने बताया कि उनका मकान काफी जर्जर था और लगातार हुई बरसात के कारण भरभराकर गिर गया। इससे परिवार के सामने रहने और सुरक्षा का संकट खड़ा हो गया है। परिवार ने किसी तरह बचा हुआ सामान निकालकर बड़े भाई के एक कमरे में रख दिया है। इससे सामान रखने और रहने में परेशानी हो रही है। गीता के अनुसार, उनके पति निजी फैक्ट्री में नौकरी करते हैं और परिवार के पास लगभग डेढ़ बीघा जमीन है। उन्होंने तीन अक्टूबर को तहसील में प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन अब तक कोई राहत नहीं मिली। जिलाधिकारी ने प्रार्थना पत्र पर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पीड़िता ने लेखपाल और राजस्व टीम से मौके पर निरीक्षण कर क्षति का आकलन कराने तथा नियमानुसार आपदा राहत, मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना और शौचालय योजना का लाभ दिलाने की मांग की है। उप जिलाधिकारी पियूष जायसवाल ने तहसीलदार घासीराम को जांच कर नियमानुसार मदद करने के निर्देश दिए हैं।

प्रधान-सचिव पर फर्जी प्रस्ताव से भूमि कब्जाने का आरोप

संतोष कुमार ने डीएम से जांच और कार्रवाई की मांग की

एसडीएम ने तहसीलदार से शीघ्र आख्या मांगी

भोगांव, मैनपुरी। ग्राम मायाचंदपुर निवासी संतोष कुमार पुत्र रामस्वरूप ने जिलाधिकारी इन्द्रमणि त्रिपाठी को प्रार्थना पत्र देकर ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पर फर्जी प्रस्ताव तैयार कर उनकी संक्रमणीय भूमिधरी पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया है। संतोष कुमार के अनुसार, ग्राम मायाचंदपुर के गाटा संख्या 390 में ग्रामसभा की आबादी की भूमि है। इसमें एक एकड़ से अधिक रकबा ग्रामसभा का है, जबकि 0.025 हेक्टेयर भूमि उनकी संक्रमणीय भूमिधरी की भी शामिल है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में गांव में स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृत हुआ था। इसके लिए 27 फरवरी 2023 को ग्रामसभा का प्रस्ताव पारित कर 0.07 हेक्टेयर भूमि अनुमोदित की गई थी। उस समय राजस्व विभाग की टीम ने भूमि का सीमांकन भी कराया था। आरोप है कि ग्राम प्रधान और सचिव ने पूर्व प्रस्ताव छिपाकर स्वास्थ्य केंद्र के लिए निर्धारित पांच डिसमिल के स्थान पर 3.5 डिसमिल उनकी संक्रमणीय भूमि पर अन्नपूर्णा भवन बनाने का फर्जी प्रस्ताव तैयार किया। संतोष कुमार का आरोप है कि प्रधान उनसे चुनावी रंजिश रखते हैं और प्रस्ताव के आधार पर भूमि पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से मामले की जांच कराकर प्रधान, सचिव और कथित रूप से शामिल राजस्व कर्मचारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने तथा जबरन कब्जा रोकने की मांग की है। जिलाधिकारी ने एसडीएम पियूष जायसवाल को जांच के निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने तहसीलदार घासीराम को शीघ्र परीक्षण कर आख्या प्रस्तुत करने को कहा है।

रावण वध के साथ जयकारों से गूंजा बेवर का रामलीला मैदान

राम–रावण युद्ध और नाभि में बाण लगने का मंचन



बेवर। रामलीला मैदान में रविवार को रावण वध की लीला देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। लंकाधिपति रावण का वध होते ही मैदान प्रभु राम के जयकारों से गूंज उठा। आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में दर्शक मंचन देखने पहुंचे। मौसम खराब होने के चलते रामलीला कार्यक्रम आगे बढ़ाया गया था। लीला के क्रम में कुंभकर्ण की मृत्यु की सूचना मिलने पर रावण व्याकुल हो जाता है। वह अपने मित्र अहिरावण को बुलाकर सहायता मांगता है। अहिरावण राम और लक्ष्मण का हरण कर उन्हें पाताल लोक ले जाता है, जहां हनुमान उसका वध कर देते हैं। इसके बाद रावण भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए पूजा करता है और शिव तांडव का प्रसंग मंचित होता है। इसके बाद राम और रावण के बीच भीषण युद्ध होता है। राम के बाणों से रावण की दसों भुजाएं कटने के बाद भी वह जीवित रहता है। लीला में विभीषण राम को रावण की नाभि में बाण मारने का रहस्य बताते हैं। नाभि में बाण लगते ही रावण का वध हो जाता है और मैदान जय श्रीराम के नारों से गूंज उठता है। मंचन के दौरान कमेटी अध्यक्ष अनुपम दीक्षित, कस्बा प्रभारी सुखवीर सिंह, रानू गुप्ता, इंद्रपाल यादव, विजय सिंह, वीके दुबे, प्रवीण शुक्ला, लकी पाण्डेय, वीनू तिवारी, सत्यम मिश्रा, श्लोक दीक्षित और नितिन त्रिपाठी सहित कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

मेधावी विद्यार्थियों को साइकिल, बैग और मेडल देकर किया सम्मानित

पांच विद्यार्थियों को साइकिल, सैकड़ों को स्कूल बैग और बोतलें मिलीं



बेवर। रामलीला मैदान परिसर में रविवार को मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शिक्षा वर्ग में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले पांच विद्यार्थियों को साइकिल दी गई, जबकि अन्य विद्यार्थियों को स्कूल बैग, बोतल, शील्ड और मेडल देकर सम्मानित किया गया। रामलीला कमेटी अध्यक्ष अनुपम दीक्षित सांवरिया के संयोजन में यह समारोह उनके बड़े भाई अनुभव दीक्षित की स्मृति में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री और क्षेत्रीय विधायक रामनरेश अग्निहोत्री ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और अनुशासन से मिली सफलता का सम्मान करना गौरव की बात है। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि सफलता के साथ विद्यार्थियों की जिम्मेदारी भी बढ़ती है। उन्हें आगे बढ़कर देश के विकास में योगदान देना चाहिए। अपने वर्ग में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाली सुदिती मोहन (कक्षा 10, यूपी बोर्ड), आलोक कुमार (कक्षा 10, सीबीएसई), प्रतीक (कक्षा 12, यूपी बोर्ड), अनन्या (कक्षा 12, सीबीएसई) और शिवी दुबे (स्नातक) को साइकिल प्रदान की गई। सौम्या, आदित्य, उत्कर्ष, हर्षिका, नागिश सिद्दीकी, शिवा पाल, अर्पिता, अभिमान सिंह, अर्पित और माधुरी सहित अन्य विद्यार्थियों को बैग और बोतलें दी गईं। सैकड़ों छात्र-छात्राओं को शील्ड और मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वीरेंद्र सिंह चौहान, मनोज दुबे, अनुराग पांडेय, अरविंद तोमर, आलोक अग्निहोत्री, डॉक्टर उदय शर्मा, विशंभर तिवारी, श्यामलाल शर्मा, रानू गुप्ता, दीपू तिवारी, सोनी यादव और लकी पांडेय सहित रामलीला कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विजय सिंह वैस ने किया। अंत में संयोजक अनुपम दीक्षित ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

मेघनाथ और कुंभकर्ण वध की लीला से गूंजा रामलीला मैदान

भोगांव, मैनपुरी। स्थानीय ऐतिहासिक रामलीला मैदान में चल रहे रामलीला महोत्सव में रविवार को मेघनाथ और कुंभकर्ण वध की लीला का मंचन किया गया। कलाकारों के अभिनय और युद्ध के दृश्यों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंचन देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। रामलीला के दौरान राम की सेना और रावण की सेना के बीच युद्ध का दृश्य प्रस्तुत किया गया। लक्ष्मण द्वारा मेघनाथ का वध किए जाने के प्रसंग पर पूरा पंडाल 'जय श्रीराम' और 'राम-लक्ष्मण की जय' के नारों से गूंज उठा। कलाकारों के संवाद और युद्ध के दृश्य पर दर्शकों ने तालियां बजाईं। आयोजन में सुरेंद्र बाबू शुक्ला, महामंत्री नृपेंद्र शर्मा, मुकेश अग्निहोत्री और संजय सनातनी सहित कमेटी के सदस्य, क्षेत्र के नागरिक और बड़ी संख्या में रामभक्त मौजूद रहे। मेला परिसर में सुरक्षा और व्यवस्था के इंतजाम भी किए गए थे।

रास्ते में घेरकर युवक पर जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज

मैनपुरी। कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला रते निवासी प्रिंस कठेरिया ने मारपीट और जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कराया है। प्रिंस के अनुसार, 29 अक्टूबर की रात करीब नौ बजे वह पटाखे खरीदकर घर लौट रहे थे। रास्ते में ज्योति तिराहा निवासी मयंक, उसके छोटे भाई और चार अज्ञात लोगों ने उन्हें घेर लिया। आरोप है कि हमलावरों ने धारदार हथियार और लाठी-डंडों से हमला कर प्रिंस को गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्होंने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। प्रार्थना पत्र के आधार पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी और सुरक्षा की मांग की है।

पांच दिन से लापता युवक का शव कुएं में मिला, गांव में मची खलबली

अटा गांव के संदीप सिंह के भाई राघव सिंह उर्फ मोनू चौहान 28 अक्टूबर से थे लापता

पीपरीपुरा–चंद्रपुरा मार्ग स्थित कुएं में मिला शव, पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा

बकेवर। लवेदी थाना क्षेत्र के अटा गांव से पांच दिन पहले लापता हुए 28 वर्षीय युवक का शव रविवार सुबह पीपरीपुरा-चंद्रपुरा मार्ग स्थित कुएं में उतराता मिला। शव मिलने की खबर से आसपास के गांवों में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फायर टीम की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अटा गांव निवासी संदीप सिंह के भाई राघव सिंह उर्फ मोनू चौहान 28 अक्टूबर को शाम करीब चार बजे घर से लापता हो गए थे। परिजनों ने उनकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद लवेदी थाने में उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। रविवार सुबह संदीप भाई की तलाश के संबंध में थाने गए थे। वहां से लौटते समय पीपरीपुरा-चंद्रपुरा मार्ग पर बाबा के कुएं में उन्हें एक शव उतराता दिखाई दिया। पास जाकर देखा तो शव उनके लापता भाई का था। उन्होंने तत्काल लवेदी थाना प्रभारी गौरव कुमार को सूचना दी। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक जितेंद्र चौधरी और सुरेश सिंह के साथ मौके पर पहुंचे। सीओ भरथना रामदबन मौर्य ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी ली। शव निकलवाने के लिए चकरनगर से फायर टीम और जिला मुख्यालय से फॉरेंसिक टीम बुलाई गई। घटना की जानकारी पर अटा, पीपरीपुरा, अड्डा और चंद्रपुरा सहित आसपास के गांवों के लोगों की भीड़ जुट गई। परिजनों के मुताबिक, मोनू की शादी कानपुर देहात के धरमपुर गांव में हुई थी। उनकी पत्नी शिवानी करीब सात साल पहले नौ वर्षीय बेटी सिव्या को लेकर मायके चली गई थीं। इसके बाद से वह अपनी मां पुष्पा देवी और भाई संदीप के साथ रह रहे थे। मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परेशानी के चलते उनका आगरा के एक निजी नर्सिंग होम में इलाज भी चल रहा था। युवक का शव मिलने के बाद वृद्ध मां पुष्पा देवी और भाई संदीप समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

महावीर निवाणोत्सव पर बच्चों को पटाखे नहीं चलाने का संकल्प दिलाएगा जैन समाज

- **मुनि भावसागर महाराज के निर्देशन में शुरू की गई अहिंसा संकल्प की पहल**
- **संकल्प लेने वाले बच्चों को चांदी के सिक्के समेत 500 से अधिक उपहार दिए जाएंगे**

जसवंतनगर/इटावा। दीपावली पर पटाखों और आतिशबाजी से होने वाली जीव हिंसा रोकने के लिए जसवंतनगर के जैन समाज ने अनूठी पहल की है। भगवान महावीर स्वामी के निवाणोत्सव पर बच्चों को पटाखे नहीं चलाने का संकल्प दिलाया जा रहा है। मुनि भावसागर महाराज के निर्देशन में शुरू किए गए इस अभियान के तहत अहिंसा संकल्प पत्र तैयार कर बच्चों और परिवारों को वितरित किए गए हैं। संकल्प पत्र के माध्यम से बच्चों को जैन धर्म के मूल सिद्धांत अहिंसा, जीवदया और प्रत्येक जीव में भगवान स्वरूप आत्मा के दर्शन करने की भावना से परिचित कराया जा रहा है। बच्चों से संकल्प कराया जा रहा है कि वह दीपावली पर पटाखे, फुलझड़ियां, अनार और अन्य आतिशबाजी का प्रयोग नहीं करेंगे, क्योंकि इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से असंख्य जीवों की हिंसा होती है। मुनि भावसागर महाराज ने कहा कि अहिंसा का सिद्धांत केवल धार्मिक उपदेशों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे दैनिक जीवन में भी अपनाना जरूरी है। जैन समाज का मूल आधार अहिंसा है। इसका वास्तविक पालन तभी सार्थक होगा, जब इसे व्यवहार में उतारा जाएगा। विवाह समारोहों और अन्य मांगलिक आयोजनों में होने वाली आतिशबाजी का भी निषेध होना चाहिए। अभियान के तहत 25 अक्टूबर से 25 नवंबर तक संकल्प पत्र भरकर जमा किए जाएंगे। पांच से 18 वर्ष तक की आयु के जो बच्चे इस वर्ष या भविष्य में किसी भी वर्ष पटाखे नहीं चलाने का संकल्प लेकर प्रपत्र भरेंगे, उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा। ऐसे बच्चों को पुरस्कार स्वरूप चांदी के सिक्के सहित 500 से अधिक उपहार और स्मृति चिह्न दिए जाएंगे। जैन समाज की इस पहल का उद्देश्य बच्चों में बचपन से ही अहिंसा, करुणा और जीवों के प्रति संवेदनशीलता के संस्कार विकसित करना है, ताकि भगवान महावीर का संदेश समाज के आचरण में भी दिखाई दे।

बाल श्रम मुक्त इटावा बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण सर्वेक्षण पर जोर

डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में टास्क फोर्स की बैठक



इटावा। जिले को बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए पहले बाल श्रमिकों की पहचान कर उनका गुणवत्तापूर्ण सर्वेक्षण कराया जाएगा। इसके बाद चिह्नित बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराकर शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। यह निर्देश जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में टास्क फोर्स एवं बाल श्रम उन्मूलन जनपदीय समिति की बैठक में दिए। डीएम ने जिला टास्क फोर्स के सदस्यों को आपसी समन्वय से सर्वेक्षण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाल श्रम से प्रभावित क्षेत्रों की पहचान की जाए, ताकि वहां काम करने वाले बच्चों को मुक्त कराया जा सके। बाल श्रम के खिलाफ नियमित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने और चिह्नित बच्चों व उनके परिवारों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने पर भी जोर दिया। मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि बाल श्रमिकों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विद्यालयों में उनका नामांकन कराया जाए। बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए उन्हें कौशल विकास से संबंधित प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों से भी जोड़ा जाए। सहायक श्रमायुक्त कुलदीप सिंह ने बाल श्रम सर्वेक्षण की प्रक्रिया, श्रम विभाग की कार्रवाई और उन्मूलन के लिए संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों की पहचान, सर्वेक्षण के लिए संस्था के चयन और विभिन्न विभागों के समन्वय से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार, विकास खंडों के खंड विकास अधिकारी, संरक्षण अधिकारी सोहन गुप्ता, प्रेम हेल्प एंड डेवलपमेंट सोसाइटी के निदेशक प्रेम कुमार शाक्य, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, चाइल्ड हेल्पलाइन, स्वास्थ्य विभाग और कौशल विकास विभाग के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

शिवपाल सिंह यादव ने किया अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन का शुभारंभ

रामलीला महोत्सव में हास्य, व्यंग्य, श्रृंगार और राष्ट्रभक्ति की रचनाओं ने बांधा समां



जसवंतनगर/इटावा। ऐतिहासिक रामलीला महोत्सव के तहत शनिवार देर शाम रामलीला मैदान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन में हास्य, व्यंग्य, श्रृंगार और राष्ट्रभक्ति की रचनाओं ने श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। क्षेत्रीय विधायक एवं सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। देशभर से आए कवियों की प्रस्तुतियों पर रामलीला मैदान तालियों से गूंजता रहा। शुभारंभ के बाद शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि जसवंतनगर की जनता से उनका विशेष लगाव रहा है। यही वजह है कि वह यहां के आयोजनों में लगातार शामिल होते रहे हैं। एक माह तक चलने वाले रामलीला महोत्सव में वह तीसरी बार आए हैं। यहां के रामलीला मैदान में अयोध्या, पंचवटी और लंका भी मौजूद हैं।

कवयित्री मुमताज नसीम ने मां शारदे की वंदना के साथ कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया। मेरठ से आई कवयित्री हिमांशी बाबरा ने अपनी पंक्तियों से श्रोताओं का ध्यान खींचा। पलवल से आए कवि विष्णु विराट ने समसामयिक परिस्थितियों पर व्यंग्य किया। बिलाल सहारनपुरी ने सामाजिक एकता का संदेश देते हुए इंसानियत को धर्म से ऊपर रखने की बात कही। प्रसिद्ध गीतकार डॉ. विष्णु सक्सेना ने प्रेम, रिश्तों और जीवन की संवेदनाओं को अपनी सुरीली आवाज में प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी। उनकी रचनाओं पर श्रोताओं ने जमकर तालियां बजाईं। उन्होंने प्रेम और रिश्तों से जुड़ी अपनी चर्चित पंक्तियां भी सुनाईं। सम्मेलन का संचालन कर रहे कवि कुमार मनोज ने सामाजिक परिस्थितियों और व्यवस्था पर अपनी रचनाओं के माध्यम से चोट की। वीर रस के कवि मयंक विधोलिया ने ओजस्वी रचनाओं से माहौल में जोश भर दिया। सोमनाथ मंदिर और रामलला से जुड़ी उनकी पंक्तियों पर श्रोताओं ने उत्साह जताया। काव्य पाठ के दौरान उन्होंने शिवपाल सिंह यादव की भी प्रशंसा की। अलीगढ़ से आई कवयित्री मुमताज नसीम ने प्रेम और विरह की भावनाओं को अपनी रचनाओं में पिरोया। उज्जैन से आए हास्य कवि दिनेश देशी घी ने अपने अनूठे अंदाज और हास्य रचनाओं से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। उन्होंने भारत मां की महिमा का बखान किया। कवयित्री प्रीति पांडेय ने राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत रचना प्रस्तुत कर सांस्कृतिक एकता और तिरंगे के प्रति सम्मान व्यक्त किया। कवियों की प्रस्तुतियों पर देर रात तक रामलीला मैदान तालियों से गूंजता रहा। हास्य, व्यंग्य, श्रृंगार, वीर रस और राष्ट्रभक्ति के संगम ने सम्मेलन को यादगार बना दिया। इस अवसर पर रामलीला समिति के प्रबंधक राजीव गुप्ता बबलू, उपप्रबंधक अजेन्द्र सिंह गौर, सपा नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, प्रोफेसर बृजेश चंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि विश्वनाथ प्रताप सिंह, सोनू यादव, मोना यादव, सुभाष गुप्ता सहित सपा के पदाधिकारी, क्षेत्रीय नेता और हजारों श्रोता मौजूद रहे।

महेवा की ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी का निरीक्षण, व्यवस्थाएं मिलीं दुरुस्त

राज्य सलाहकार संजय सिंह चौहान ने पांच ग्राम पंचायतों में पहुंचकर किया सत्यापन

बकेवर/इटावा। महेवा ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में स्थापित डिजिटल लाइब्रेरी में बच्चे अध्ययनरत मिले। पुस्तकें, डिजिटल सामग्री और अन्य व्यवस्थाएं भी सुव्यवस्थित मिलीं। रविवार को राज्य सलाहकार पंचायती राज विभाग संजय सिंह चौहान ने विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंचकर लाइब्रेरी का आकस्मिक निरीक्षण किया। निदेशक पंचायती राज लखनऊ के निर्देश और राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप जिले के भ्रमण पर आए संजय सिंह चौहान ने ग्राम पंचायत बम्होरा, इंद्रावखी, हलू-हर्राजपुर, ददोरा और इंश्वरीपुरा सहित कई गांवों में स्थापित डिजिटल लाइब्रेरी का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लाइब्रेरी में प्रकाश व्यवस्था, डिजिटल सामग्री, पुस्तकें, इंटरनेट, स्मार्ट टीवी और उपस्थिति रजिस्टर का सत्यापन किया गया। टीम ने वहां मौजूद छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों से बातचीत की। ग्रामीणों ने परियोजना को उपयोगी और जनहितकारी बताया। निरीक्षण के दौरान सहायक विकास अधिकारी पंचायत महेवा इंद्रपाल सिंह भदौरिया, जिला परियोजना प्रबंधक पुनीत कुमार और कंसल्टेंट इंजीनियर अर्जुन यादव साथ रहे। जिन ग्राम पंचायतों में टीम पहुंची, वहां संबंधित ग्राम प्रशासक और ग्राम सचिव भी मौजूद मिले। इस दौरान खंड प्रेरक संतोष कुमार, प्रशासक बम्होरा हरगोविंद पाल और ग्राम सचिव राजेश कुमार यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे। लखनऊ से आई टीम ने लाइब्रेरी संचालन पर संतोष व्यक्त किया।

पर्वत सिंह यादव बने भाजपा पर्यावरण प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक

पंकज चौधरी ने सौंपी जिम्मेदारी, चार प्रदेश सह संयोजक भी नियुक्त, विधानसभा चुनाव में भाजपा से दावेदारी की चर्चा, चार दशक से संगठन में सक्रिय

जसवंतनगर/इटावा। भाजपा ने पर्वत सिंह यादव को पर्यावरण प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने पार्टी के पर्यावरण प्रकोष्ठ में नई नियुक्तियां करते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी। संगठन में लंबे समय से सक्रिय पर्वत सिंह यादव की नियुक्ति को राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव में भी उनके भाजपा से दावेदारी पेश करने की चर्चा है। पर्वत सिंह यादव मूल रूप से गढ़ी जालिम गांव के निवासी हैं। वह करीब चार दशक से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े हुए हैं। लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहने के चलते उनकी राजनीतिक और संगठनात्मक क्षेत्र में अच्छी पकड़ मानी जाती है। दिल्ली और उत्तर प्रदेश दोनों राज्यों में उनके राजनीतिक संपर्क हैं। पर्यावरण प्रकोष्ठ में निशिरंजन तिवारी, श्यामा मिलन विश्वकर्मा, अर्पित चित्रांश और आनंद त्रिपाठी को प्रदेश सह संयोजक नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सात सदस्यों को भी प्रकोष्ठ में जिम्मेदारी दी गई है। देर रात फोन पर बातचीत में पर्वत सिंह यादव ने प्रदेश संयोजक बनाए जाने की जानकारी दी। उन्होंने इस जिम्मेदारी के लिए भाजपा के प्रदेश और राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि संगठन ने जो दायित्व सौंपा है, उसका पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे।

झोले में 20 क्वार्टर अवैध शराब लेकर जा रहा व्यक्ति गिरफ्तार

महेवा नहर बंबा के रास्ते से पकड़ा गया आरोपी, शराब बेचने का लाइसेंस नहीं दिखा सका

बकेवर। महेवा नहर बंबा के रास्ते झोले में भरकर अवैध देशी शराब ले जा रहे व्यक्ति को बकेवर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से देशी शराब के 20 क्वार्टर बरामद हुए हैं। पुलिस ने उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। उपनिरीक्षक रजनीश कुमार तिवारी शनिवार को पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति काले रंग के झोले में देशी शराब लेकर महेवा नहर बंबा की ओर जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने महेवा स्थित आईटीआई स्कूल के पास घेराबंदी की। पुलिस को देखकर संदिग्ध ने पीछे मुड़कर तेजी से चलने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने नहर बंबा पर मंदिर महेवा की ओर जाने वाले रास्ते पर करीब 200 मीटर आगे उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम स्लेटी पुत्र स्वर्गीय बटेश्वरी लाल निवासी अहेरीपुर बताया। तलाशी में उसके झोले से रॉयल एप्पल ब्रांड की देशी शराब के 20 क्वार्टर और शर्ट की जेब से 60 रुपये बरामद हुए। पुलिस के अनुसार, आरोपी शराब बेचने का लाइसेंस नहीं दिखा सका। उसने रास्ते में आने-जाने वाले लोगों को शराब बेचने की बात भी स्वीकार की। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

तमंचा की नोक मां-बेटे से लूट

- **आभूषण, नकदी और मोबाइल लूटे**
- **बमरौली तिराहे के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने वारदात को दिया अंजाम**

एटा। जसरथपुर थाना क्षेत्र में कुरावली-अलीगंज मार्ग स्थित बमरौली तिराहे के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने तमंचा दिखाकर मां-बेटे से लूटपाट कर ली। बदमाश सोने का पेंडल, मोतियों की माला, कानों के टॉप्स, दो एंड्रॉयड मोबाइल, 1500 रुपये और बाइक की चाबी लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना जैथरा क्षेत्र के गांव विजलई निवासी महिला 23 अक्टूबर को अपने बेटे सूर्यांश के साथ बाइक से कुरावली दवा लेने गई थीं। दोपहर करीब तीन बजे लौटते समय बमरौली तिराहे के पास दो बाइकों पर सवार तीन युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि बदमाशों ने तमंचा दिखाकर मां-बेटे को धमकाया और विरोध करने पर हथियारों के बल पर आभूषण, मोबाइल और नकदी छीन ली। महिला के पति ने अगले दिन उनके साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

मेगा विधिक सहायता शिविर में 127 लोगों को मिली निःशुल्क सलाह एवं सहायता



दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल बांटते हुए अधिकारी।

एटा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में रविवार को जिला पंचायत परिसर स्थित जनेश्वर मिश्र सभागार में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 127 नागरिकों को निःशुल्क विधिक सलाह एवं सहायता प्रदान की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष राकेश धर दुबे ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। उन्होंने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। शिविर में सामाजिक न्याय, श्रम, राजस्व, स्वास्थ्य, दिव्यांग कल्याण एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उन्हें विधिक परामर्श के साथ सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

जनपद न्यायाधीश राकेश धर दुबे ने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक विधिक जागरूकता पहुंचाना जरूरी है। पात्र लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता का लाभ उठाना चाहिए। इस दौरान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय गोपाल उपाध्याय, अपर जिला जज मनीषा, अशोक कुमार, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र प्रसाद मिश्र, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रमेश मौर्या सहित न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता एवं पैरालीगल वालंटियर मौजूद रहे।

कार और ट्रैक्टर-ट्रॉली की भिड़ंत, तीन गंभीर घायल

जलेसर/एटा। सर्किल क्षेत्र जलेसर के थाना अवागढ़ क्षेत्र में एटा-टूंडला मार्ग पर चुरथरा के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली में जा घुसी। हादसे में दोनों वाहनों में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार फिरोजाबाद जिले के नगला रमिया निवासी बृजेश कुमार और कमलेश कुमार कार में सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान चुरथरा के पास उनकी कार सामने चल रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। हादसे में कार सवार दोनों लोगों के अलावा ट्रैक्टर पर सवार जलूपुरा निवासी पवन भी गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही अवागढ़ पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को बाहर निकलवाया और उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) चुरथरा में भर्ती कराया।

उधारी के रुपए की खातिर की थी विमलेश की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार



विमलेश हत्याकाण्ड में गिरफ्तार आरोपितों की जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

- **शराब पिलाकर धुमरी पुल के पास ले गए**
- **टायर लीवर से सिर पर वार कर काली नदी में फेंका था शव**

एटा/अलीगंज। अलीगंज थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर विमलेश हत्याकांड का खुलासा किया है। आरोपियों की निशानदेही पर काली नदी से मृतक का शव, मोटरसाइकिल और हत्या में प्रयुक्त टायर लीवर बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार हत्या की वजह उधार के रुपये वापस न करना था।

अलीगंज थाना क्षेत्र के गांव गलारपुर निवासी विमलेश (35) पुत्र संतराम 20 अक्टूबर को लापता हो गया था। उसकी पत्नी ने 22 अक्टूबर को गुमशुदगी दर्ज कराई थी। परिजनों ने अपहरण कर हत्या किए जाने की आशंका जताई थी। इसके बाद 28 अक्टूबर को रोहित और अजीत के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया।

पुलिस के मुताबिक, जांच में पता चला कि विमलेश की हत्या कर शव धुमरी पुल से काली नदी में फेंका गया है। पीएसी की टीम ने स्टीमर और गोताखोरों की मदद से तीन-चार दिन की तलाश के बाद 31 अक्टूबर को रसूलपुर के पास काली नदी से शव बरामद किया।

पुलिस ने रविवार को मुख्य आरोपी रोहित पुत्र शिवराम निवासी गलारपुर और उसके रिश्तेदार अजीत पुत्र अजय सिंह निवासी नरेरा, कोतवाली देहात को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में रोहित ने बताया कि विमलेश पर उसके रुपये उधार थे, जिन्हें वह वापस नहीं कर रहा था।

इसी रंजिश में उसने हत्या की योजना बनाई। 20 अक्टूबर की रात विमलेश को शराब पिलाकर धुमरी पुल के पास ले गए। वहां टायर लीवर से सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी और शव बोरे में लपेटकर नदी में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त टायर लीवर, मृतक की मोटरसाइकिल और रोहित के खून से सने कपड़े बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई है।

सेंट वीएन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने किया लखनऊ का शैक्षिक भ्रमण

विधानसभा पहुंचकर जानी लोकतांत्रिक व्यवस्था, प्राणी उद्यान में वन्यजीवों का किया अवलोकन

कासगंज/न्यौली। मानपुर नगरिया के मिजार्पुर स्थित सेंट वीएन पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत प्रदेश की राजधानी लखनऊ का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक एवं शैक्षिक स्थलों का अवलोकन कर महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। विद्यालय संचालक मनोज चौहान एवं सहसंचालिका शिवानी चौहान के निर्देशन में लखनऊ पहुंचे छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के दल ने अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विधानसभा का भ्रमण किया।

यहां विद्यार्थियों ने लोकतांत्रिक व्यवस्था, संसदीय परंपराओं एवं विधायी प्रक्रियाओं को नजदीक से समझा। विधानसभा की कार्यप्रणाली और जनप्रतिनिधियों की भूमिका के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। इसके बाद दल ने नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान का भ्रमण किया। यहां विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रजातियों के जीव-जंतुओं को देखकर वन्यजीवन एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी जानकारियां हासिल कीं। इस अवसर पर विकास शर्मा, डॉ. राजीव बरबारिया, विशाल सोलंकी, दुष्यंत कश्यप, निदा खान, आरती चौहान, कमल साहू, शिवा सोलंकी, हिमानी मौर्य, नेहा चौहान, आयुषी गोस्वामी, मुस्कान, लवली सोलंकी, रश्मि बघेल, रिया बघेल, कृति चौहान, योग्या चौहान, दीपिका सोलंकी, कन्हैया साहू, बलराम शर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

भजन-कीर्तन से भक्तिमय हुआ शिव मंदिर परिसर, श्रद्धालुओं ने लगाए जयकारे

सादाबाद। नगर की त्यागी कॉलोनी के सामने राजनगर स्थित शिव मंदिर पर रविवार को भक्ति और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। ठाकुर मुरली मनोहर महाराज कीर्तन मंडली के तत्वावधान में आयोजित भजन-कीर्तन में महिला श्रद्धालुओं ने भजनों की मधुर प्रस्तुतियों से मंदिर परिसर को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद भगवान शिव, श्रीकृष्ण और मां दुर्गा सहित विभिन्न देवी-देवताओं के भजन गाए गए। करीब एक घंटे तक चले भजन-कीर्तन में महिलाओं ने ढोलक और मंजीरों की थाप पर भक्ति गीत प्रस्तुत किए। भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। भजन-कीर्तन के समापन के बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। आयोजन में गिरजेश कुलश्रेष्ठ, हजारीलाल सक्सेना, संजय कुलश्रेष्ठ, दुर्गेश कुलश्रेष्ठ, अखिलेश वार्ष्णेय, रवि सक्सेना, प्रवीन कुलश्रेष्ठ और कपिल बोहरा सहित अन्य श्रद्धालुओं का सहयोग सराहनीय रहा।

-डी.एम. के नेतृत्व मे चला विषेश सफाई अभियान-

डीएम ने खुद झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश



सफाई अभियान के तहत डी.एम. अन्य।



सफाई अभियान के दौरान महाराणा प्रताप चैक पर झाड़ू लगाकर कूडा कचरा एकत्रित करती जिलाधिकारी व अन्य।

- **गंदगी फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई**

एटा। शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने तथा संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए रविवार सुबह जिलाधिकारी एम. अरुन्मोली के नेतृत्व में वृहद विशेष सफाई अभियान चलाया गया। सुबह सात बजे कासगंज रोड स्थित महाराणा प्रताप चैक से शुरू हुए अभियान में जिलाधिकारी ने स्वयं झाड़ू लगाकर कूड़ा-कचरा एकत्र किया और लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। इसके बाद जीटी रोड स्थित पंडित गोविंद बल्लभ पंत स्टेडियम में भी सफाई कराई गई। डीएम ने नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थलों और प्रमुख मार्गों पर नियमित सफाई कराई जाए। खुले में कूड़ा फेंकने तथा बार-बार गंदगी फैलाने वालों को चिह्नित कर जुमार्ना लगाने के साथ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। महाराणा प्रताप चैक पर गंदगी मिलने पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने यहां इंटरलॉकिंग कराने, आकर्षक पार्क विकसित करने और पौधरोपण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर का प्रवेश द्वार स्वच्छ एवं सुंदर होना चाहिए। डीएम ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 15 नवंबर तक चलेगा। इसके तहत सफाई, कूड़ा निस्तारण, जलभराव रोकने, फॉगिंग और एंटी लार्वा छिड़काव में तेजी लाई जाए। उन्होंने नागरिकों से घरों और दुकानों के आसपास सफाई रखने तथा खुले में कूड़ा न फेंकने की अपील की। अभियान में सीडीओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र, सीएमओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद, पालिकाध्यक्ष सुधा गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

शाखा संगम में 30 शाखाओं के स्वयं सेवकों ने किया एकत्रीकरण, दिया अनुशासन का संदेश



शाखा संगम कार्यक्रम में भाग लेते हुए स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी व अन्य।

एटा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से रविवार सुबह एटा स्टेडियम में शाखा संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें एटा नगर की 30 शाखाओं के स्वयंसेवकों ने एक दिन, एक समय और एक स्थान पर एकत्रित होकर विभिन्न शारीरिक एवं बौद्धिक कार्यक्रमों में सहभागिता की। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने अनुशासन, संगठन और राष्ट्र सेवा का संदेश दिया।

शाखा संगम में सूर्य नमस्कार, समता, आसन, प्राणायाम और विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रांत सह शारीरिक शिक्षण प्रमुख संतोष ने कहा कि शाखा के माध्यम से ही समाज का एकत्रीकरण और चरित्र निर्माण संभव है। संघ पिछले 100 वर्षों से नियमित शाखाओं के माध्यम से इस दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए संघ को एक विचार बताया।

जिला प्रचारक मदन ने कहा कि संघ में शाखा तंत्र, प्रार्थना मंत्र और कार्यकर्ता यंत्र है। अनुशासित स्वयंसेवक स्वप्रेरणा से कार्य करते हुए समाज के सामने उदाहरण प्रस्तुत करता है। इस अवसर पर नगर कार्यवाह आशीष, सह जिला संघचालक ज्ञान सिंह, सचिन, शैलेंद्र, अंकित, प्रणव, रमाकांत, विवेक भारद्वाज, ध्रुव, बासु, सुमेंद्र, राहुल सहित सैकड़ों स्वयंसेवक मौजूद रहे।

यातायात नियमों के प्रति जागरूकता का संदेश लेकर शुरू हुआ अभियान

एसपी ने किया यातायात माह का शुभारंभ, 30 नवंबर तक चलेगा विशेष अभियान

कासगंज। जिले में सड़क हादसों पर प्रभावी रोक लगाने और वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए रविवार को यातायात माह का शुभारंभ किया गया। पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में अभियान की शुरूआत करते हुए लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

इस मौके पर एसपी ने कहा कि सड़क सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की है। वाहन चलाते समय की गई छोटी सी लापरवाही भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट और चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से इस्तेमाल करना चाहिए। साथ ही निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने और नशे की हालत में वाहन न चलाने की भी अपील की। अधिकारियों ने बताया कि यातायात जागरूकता अभियान 30 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान प्रमुख चैराहों, बाजारों और मार्गों पर वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह, एसडीएम सदर एसएन त्रिपाठी, एएसपी आलोक सिंह, एडीएम आलोक गुप्ता, एआरटीओ राम प्रकाश मिश्र, सीओ सिटी आंचल चौहान और यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। व्यापारी नेताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने अभियान में सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

जिलाधिकारी एम अरुन्मोली ने पंडित गोविंद बल्लभ पंत स्टेडियम का किया निरीक्षण

बैडमिंटन कोर्ट के जीर्णोद्धार एवं जिम के नियमित उपयोग के दिए निर्देश, अधिकारियों को नियमित व्यायाम के लिए किया प्रेरित



एटा। जिलाधिकारी एम अरुन्मोली ने रविवार को पंडित गोविंद बल्लभ पंत स्टेडियम, एटा पहुंचकर वहां स्थित जिम एवं बैडमिंटन कोर्ट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिम की व्यवस्थाओं एवं संचालन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। जिम ट्रेनर ऋतिक से जिम के नियमित संचालन के संबंध में जानकारी लेते हुए उन्होंने उपलब्ध सुविधाओं का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समय.समय पर जिम का उपयोग करते हुए नियमित व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए नियमित व्यायाम आवश्यक है। जिम में उपलब्ध सुविधाओं का समुचित उपयोग किया जाए ताकि अधिकारी एवं अन्य इच्छुक व्यक्ति स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होकर फिटनेस गतिविधियों से जुड़ सकें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बैडमिंटन कोर्ट की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित जिला क्रीड़ा अधिकारी को कोर्ट का आवश्यक जीर्णोद्धार कराकर सुचारु रूप से संचालित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्टेडियम में उपलब्ध खेल सुविधाओं को बेहतर बनाया जाए, जिससे बच्चों एवं युवाओं को खेलकूद के लिए उपयुक्त वातावरण मिल सके और वे अपनी खेल प्रतिभा को निखार सकें। इस दौरान संबंधित अधिकारी ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि स्टेडियम में उपलब्ध खेल सुविधाओं का लाभ लेने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी एवं व्यक्ति ऑनलाइन पंजीकरण कराकर खेल सकते हैं। जिलाधिकारी ने खेल सुविधाओं के प्रभावी संचालन एवं उनके बेहतर उपयोग पर जोर देते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व चन्द्र प्रकाश पाठक, जिला विकास अधिकारी प्रदीप कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी, उपायुक्त उद्योग सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

अलग-अलग क्षेत्र में तीन को सांप ने काटा, गम्भीर

कासगंज। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में रविवार को तीन लोग सर्पदंश का शिकार हुए हैं। सभी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सक उन्हें उपचार दे रहे हैं। जिला अस्पताल से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना सिकन्दरपुर वैश्य के पीतम नगर निवासी 65 वर्षीय रामपाल पुत्र जयवीर सिंह, कासगंज शहर कोतवाली क्षेत्र के नगला मामों निवासी 21 वर्षीय निशा पुत्री नीरज कुमार, ढोलना के किनावा गांव निवासी 80 अनेकश्री पत्नी तेजपाल सिंह को रविवार को जिला अस्पताल लाया गया। परिजनों ने सर्पदंश से उनकी हालत बिगड़ने की बात कही। इसके बाद चिकित्सकों ने सभी को प्राथमिक उपचार देते हुए जिला अस्पताल में भर्ती कर लिया।

सर्राफा व्यापारी से कथित अभद्रता पर भड़के कारोबारी

- **पुलिस के खिलाफ जताया आक्रोश, एसपी के आश्वासन पर शांत हुए व्यापारी**
- **व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं होगा- अखिलेश**

कासगंज। शहर के बिलराम गेट स्थित दीपक ज्वेलर्स के संचालक रामबाबू साहू को गंजडुंडवारा पुलिस द्वारा कथित रूप से जबरन दुकान से उठाकर थाने ले जाने के मामले में सर्राफा कारोबारियों में भारी नाराजगी है। घटना के विरोध में जिलेभर के व्यापारियों ने एकजुट होकर पुलिस प्रशासन के सामने विरोध दर्ज कराया और निष्पक्ष जांच के साथ दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग उठाई।

जानकारी के अनुसार, एक व्यक्ति की शिकायत पर दरोगा राजपाल पुलिसकर्मियों के साथ दीपक ज्वेलर्स पहुंचे थे। पुलिस को आशंका थी कि व्यापारी ने चोरी या संदिग्ध सोने की चेन खरीदी है। व्यापारी ने चेन खरीदने से इनकार किया, लेकिन आरोप है कि पुलिसकर्मी उन्हें दुकान से बाहर लाकर धक्का देते हुए गाड़ी में बैठाकर थाने ले गए। मामले की जानकारी मिलते ही जिला सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारी सक्रिय हुए। उन्होंने पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह और क्षेत्राधिकारी को घटनाक्रम से अवगत कराया। अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद व्यापारी को छोड़ दिया गया। बाद में सोरों गेट स्थित आंबेडकर पार्क में यातायात माह कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों ने एसपी से मुलाकात कर विरोध जताया। एसपी ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि उनके हितों का ध्यान रखा जाएगा और उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। इसके बाद व्यापारियों का आक्रोश शांत हुआ। जिलाध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल ने कहा कि सराफा व्यापारियों के सम्मान और सुरक्षा से समझौता नहीं किया जाएगा। किसी भी व्यापारी के साथ पुलिस की अभद्रता बर्दाश्त नहीं होगी। इस दौरान अशोक अग्रवाल, संजय अग्रवाल, मिंकी अग्रवाल, तनुज राठौर, सत्यप्रकाश गहलोत, राजवीर सिंह सोलंकी, अंकुश, रमेश साहू, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष सतीश गुप्ता और डॉ. विकास गुप्ता सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

जुआ खेलते तीन आरोपी गिरफ्तार, 3200 रुपये बरामद

52 ताश के पत्ते भी किए बरामद, जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज

कासगंज। जुआ और सट्टे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सोरों पुलिस ने हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 3200 रुपये नकद और 52 ताश के पत्ते बरामद किए हैं। तीनों आरोपियों के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी नगर आंचल चौहान के नेतृत्व में जुआरियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 31 अक्टूबर की देर रात सोरों थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जुआ खेल रहे सोनू पुत्र सिब्बूराम निवासी मोहल्ला कटरा, ऋषभ पुत्र नरेश निवासी मोहल्ला चंदन चैक और संजय पुत्र हरिबाबू निवासी मोहल्ला कटरा को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, मौके से 3200 रुपये नकद और 52 ताश के पत्ते बरामद हुए हैं। इस मामले में थाना सोरों में मुकदमा संख्या 418/2026 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत दर्ज किया गया है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक लोकेश सिंह और उनकी टीम शामिल रही।

जैथरा- छुआछूत का कथित आरोप- थाने में शिकायत दी

एटा/जैथरा । जनपद एटा के थाना जैथरा क्षेत्र के गांव परोली सुहागपुर निवासी अजीत वाल्मीकि ने अपने ही गांव के कुछ नाई समुदाय के लोगों पर कथित रूप से छुआछूत करने का आरोप लगाते हुए थाना जैथरा में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है। प्रार्थना पत्र में पीड़ित ने आरोप लगाया है कि उसके साथ भेदभाव किया गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर जांच शुरू कर दी है। थाना जैथरा पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

आगरा महानगर बस में किराये को लेकर यात्री और परिचालक में नोकझोंक

सादाबाद। आगरा महानगर की बस में किराये को लेकर यात्री और परिचालक के बीच विवाद का मामला सामने आया है। सादाबाद क्षेत्र के गांव गीगला निवासी सरपंच समाज पार्टी के केंद्रीय प्रबंधक हरस्वरूप सिंह ने बस परिचालक पर किराये को लेकर अभद्रता करने और निर्धारित किराये से अधिक पैसे मांगने का आरोप लगाया है। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर चालक और परिचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, 22 अक्टूबर 2026 को शाम करीब चार बजे हरस्वरूप सिंह भगवान टॉकीज आगरा से रामबाग जाने के लिए आगरा महानगर की एक बस में सवार हुए थे। बस पूरी तरह भरी हुई थी और परिचालक यात्रियों से किराया वसूल रहा था।

आगरा **आज** सोमवार २ नवम्बर, २०२६, सौर १६ कार्तिक, सं. २०८३ वि.

सुभाषित

गरीबी दैवी अभिशाप नहीं, बल्कि मानवरचित षडयन्त्र है।

❐ महात्मा गांधी

बैंकों में सुधारको गति

भारतको वर्ष २०४७ तक विकसित राष्ट्र बनानेका लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इस दिशामें बहुआयामी सुधारोंके लिए सक्रियता बढ़ा दी गयी है। इसी क्रम में बैंकिंग क्षेत्रमें व्यापक सुधारके एजेण्डेको प्राथमिकता दी गयी है। भारतके बैंकिंग क्षेत्रमें सुधारकी दिशा अब केवल बैंकोंकी वित्तीय स्थिति सुधारनेकी तक सीमित नहीं है। विकसित भारतकी जरुरतोंके अनुरूप बैंकिंग व्यवस्थाको अधिक सक्षम, वैश्विक स्तरपर प्रतिस्पर्धा, डिजिटल, सुरक्षित और समावेशी बनानेकी तैयारी स्वागतयोग्य है। शुक्रवार ३० अक्तूबरको वित्त मंत्रालयने एक उच्चस्तरीय बैठक आहूत की जिसमें बैंकिंग क्षेत्रमें सुधारके एजेण्डेपर गहन मंत्रणा हुई। उसी दिन भारतीय रिजर्व बैंकने भी गवर्नर संजय मेहरोत्राकी अध्यक्षतामें केन्द्रीय बोर्डकी बैठक की, जिसमें बैंकिंग क्षेत्रमें सुधार मुख्य मुद्दा रहा। केन्द्र सरकार और रिजर्व बैंक मिलकर बैंकिंग क्षेत्रको २०४७ तक विकसित भारतके लक्ष्यसे जोड़नेकी दिशामें आगे बढ़ रहे हैं। वस्तुत: वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जब २०२६-२७ का बजट संसदमें प्रस्तुत किया था तभी उन्होंने उच्च स्तरीय समिति बनानेकी भी घोषणा की थी। केन्द्र सरकार यह भी चाहती है कि विश्वके शीर्ष पांच बैंकोंमें कम से कम एक भारतीय बैंक भी उसमें शामिल हो। सुधारका नया चरण इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि पिछले कुछ वर्षोंमें सार्वजनिक क्षेत्रके बैंकोंकी स्थितिमें उल्लेखनीय सुधार हुआ है। वित्तवर्ष २०२५-२६ में इन बैंकोंका संयुक्त लाभ १.९८ लाख करोड़ रुपयेपर पहुंच गया और सकल एनपीए १.९३ प्रतिशतके ऐतिहासिक निचले स्तरपर आ गया है। सरकारका नया एजेण्डा इसी परिवर्तनको दर्शाता है कि संकटसे उबरने वाली बैंकिंग से विकासको गति देने वाली बैंकिंगकी ओर ले जानेको हम संकल्पित हैं। इसके साथ ही वैश्विक स्तरपर बैंकको मजबूत बनाना, बैंकिंगमें पूंजी की उपलब्धता, एआई और डिजिटल बैंकिंगसे जुड़े अनेक विषय भी सुधारके क्षेत्रमें आते हैं। साथ ही सार्वजनिक क्षेत्रके बैंकोंकी कार्यप्रणालीमें उल्लेखनीय सुधार करनेकी जरुरत है। बैंकोंकी स्वायत्तताके साथ जवाबदेही भी सुनिश्चित करना है। कृषि, छोटे उद्योग, स्टार्टअप, महिला उद्यमिता और ग्रामीण अर्थव्यवस्थापर भी ध्यान केन्द्रित करना होगा। ग्राहक सुरक्षा सबसे बड़ा सुधारका क्षेत्र है। सुधारकी दिशामें अनेक चुनौतियां भी हैं, जिनपर विशेष ध्यान देना होगा तभी हम भारतीय बैंकोंको विकसित भारतके लक्ष्यके अनुरूप बना सकेंगे।

सराहनीय उपलब्धि

अन्तरिक्षमें लगातार बढ़ती भारतकी ताकत हर देशवासीके लिए गर्वकी बात है। भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संघटन (इसरो) का शुक्रवार देर रात नौवहन उपग्रह 'एनवीएस-०३' का सफल प्रक्षेपण और निर्धारित कक्षामें स्थापित किया जाना इसका प्रमाण है। इसीके साथ अब भारतके पास कक्षामें चार नेविगेशन उपग्रह हो गये जो इसरोकी बड़ी उपलब्धि है। इसरो अध्यक्ष बी.नारायणन के अनुसार बेहतर पोजीशनिंग, नेविगेशन और टाइमिंग सेवाओंके लिए कमसे कम चार उपग्रहोंकी आवश्यकता होती है, जिसे इस प्रक्षेपणके बाद भारतने हासिल कर लिया। इससे लोकेशन-नेविगेशन सुविधाएं मजबूत होंगी। अन्तरिक्ष में 'नाविक' के इनचार उपग्रहोंने भारतकी 'दृष्टि' को नयी रोशनी दी है। 'नाविक' के इन चार उपग्रहोंसे १०,४०० रेल इंजन और ६४ हजार मछली पकड़ने वाली नौकाओंकी निगरानीकी जा सकेगी। 'नाविक' जीपीएसका भारतीय संस्करण है जिसका दायरा १,५०० किलोमीटर तक फैला है। तकनीकी बाधाओंसे बचनेके लिए एनवीएस-०३ उपग्रहके तीन पाइरो वाल्व खुले रखकर भेजा गया है, क्योंकि २०२५ में प्रक्षेपित एनवीएस श्रृंखलाका दूसरा उपग्रह एनवीएस-०२ मिशन असफल हो गया था। पाइरो वाल्व अन्तरिक्षयानकी प्रोपल्शान सिस्टमका एक महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं जो तकनीकी बाधाओंको नियंत्रित करते हैं। इसरो अब अगले पांच महीनेमें एनवीएस-०४ और अगले दस महीनोंमें एनवीएस-०५ का प्रक्षेपण करनेकी तैयारी कर रहा है ताकि उपग्रह समूहको मजबूत किया जा सके। यह इसलिए भी जरूरी है कि निर्बाध सेवाएं और सटीक स्थिति निर्धारण सुनिश्चित करनेके लिए कक्षामें सात उपग्रहोंको तैनात करना होगा। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदीने इस प्रक्षेपणकी सफलतापर इसरोके वैज्ञानिकों और इंजीनियरोंको बधाई दी है। इससे भारतीय उपमहाद्वीपमें सामरिक और नागरिक सेवाओंके लिए लोकेशन और नेविगेशन सुविधाएं मजबूत होंगी। इसकी सराहना की जानी चाहिए।

लोक संवाद

एकता की भावना

महोदय,-भारतमें बहुतसे महापुरुष हुए। इन महापुरुषोंने भारतको ही नहीं, बल्कि दुनियाको अच्छे मार्गपर ले जानेके लिए बहुतसे काम किये और दुनियाके लिए प्रेरक बने। इन्हीं महापुरुषोंमेंसे एक थे सरदार वल्लभभाई पटेल, जिनका जन्मदिन एकताकी भावनाको बढ़ानेके रूपमें भी मनाया जाता है, जो कि ३१ अक्तूबरको होता है। सरदार वल्लभ भाई पटेलने देशको आजाद करवानेके साथ-साथ देशकी एकताको मजबूत करनेमें मुख्य भूमिका निभायी थी। इन्होंने किसानोंको उनका हक अंग्रेजोंसे दिलानेके लिए काम किये थे। सरदार वल्लभ भाई पटेलको आज भी जिस मुख्य कार्यके लिए याद किया जाता है वो है देसी रियासतोंका एकीकरण। आज भारतको उनके विचारोंको कार्यरुप देनेकी जरूरत है। - राजेश, वाया ईमेल।

गहरी होती सामाजिक विषमताकी खाई

दुनिया आज ऐसे विरोधाभासके दौरसे गुजर रही है, जहां एक ओर विकास और आधुनिकताके नये कीर्तिमान स्थापित किये जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पर्यावरणीय विनाशकी चुनौतियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। प्रश्न यह है कि जब दुनियाके पास पर्याप्त संसाधन हैं, तब भी करोड़ों लोग जीवनकी बुनियादी आवश्यकताओंके लिए संघर्ष क्यों कर रहे हैं।

❐ ललित गर्ग

अंतरराष्ट्रीय संस्था ऑक्सफैमकी रिपोर्ट डिजास्टर डिवाइड इसी प्रश्नका एक असहज, किन्तु विचारोत्तेजक उत्तर प्रस्तुत करती है। यह रिपोर्ट बताती है कि जलवायु संकट केवल प्रकृतिकी नाराजगी नहीं, बल्कि आर्थिक असमानता, अनियंत्रित उपभोग और संसाधनोंपर मुट्ठीभर लोगोंके बढ़ते नियंत्रणका परिणाम भी है। दुनियाकी लगभग ८० लाख आबादी वाले सबसे धनी ०.१ प्रतिशत वर्गकी जीवनशैली और निवेशसे होने वाला कार्बन उत्सर्जन करोड़ों नहीं, अरबों लोगोंके जीवनको प्रभावित कर रहा है। रिपोर्टके अनुसार यह वर्ग दुनियाके सबसे गरीब ४४ प्रतिशत लोगोंकी तुलनामें अधिक कार्बन प्रदूषणके लिए जिम्मेदार है। यह असमानता केवल आंकड़ोंका अन्तर नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनहीनताका ऐसा दस्तावेज है, जिसमें कुछ लोगोंकी विलासिताकी कीमत पूरी मानवता चुका रही है। निजी विमान, विशाल नौकाएं, अत्यधिक ऊर्जा खपत और प्रदूषणकारी उद्योगोंमें निवेश आधुनिक अमीरीके प्रतीक बन गये हैं, जबकि दूसरी ओर गरीब आबादी स्वच्छ हवा, सुरक्षित पानी और दो वक्तकी रोटीके लिए संघर्ष कर रही है। सवाल यह नहीं कि किसी व्यक्तिके पास कितनी संपत्ति है, बल्कि यह है कि उसकी संपन्नताका सामाजिक और पर्यावरणीय मूल्य कौन चुका रहा है।

इस संकटका सबसे भयावह पक्ष यह है कि जलवायु आपदाएं भी अमीर और गरीबके बीच भेदभाव करने लगी हैं।



ऑक्सफैमकी 'डिजास्टर डिवाइड' रिपोर्ट दुनियाके सामने एक बुनियादी नैतिक प्रश्न खड़ा करती है-क्या विकासका अर्थ कुछ लोगोंकी असीमित समृद्धि और बहुसंख्यक मानवताकी बढ़ती विवशता है। पृथ्वी किसी एक वर्गकी जागीर नहीं, न ही उसके संसाधनोंपर किसी मुट्ठीभर लोगोंका एकाधिकार हो सकता है। याद रखना होगा कि जब समाजमें विषमताकी खाई बहुत गहरी हो जाती है, तब असंतोषकी आग सीमाओंमें नहीं बंधती। धरतीको बचाना है तो विकासकी दिशा बदलनी होगी, समृद्धिको संवेदनासे जोड़ना होगा और अर्थव्यवस्थाको मानवताके प्रति जवाबदेह बनाना होगा।

बाढ़ एक ही समयमें अमीरकी आलीशान कोठी और गरीबकी झोपड़ीतक पहुंचती है, लेकिन दोनोंके परिणाम अलग होते हैं। अमीर सुरक्षित स्थानोंपर चले जाते हैं, बीमा और आधुनिक सुविधाओंसे नुकसानकी भरपाई कर लेते हैं, जबकि गरीब अपना घर, खेत, पशुधन और आजीविका गंवाकर वर्षों पीछे चला जाता है। ऑक्सफैमके अनुसार, अधिक आर्थिक असमानता वाले देशोंमें बाढ़से होने वाली मौतें सात गुनातक अधिक होती हैं। इतना ही नहीं, रिपोर्ट बताती है कि दुनियाके सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगोंका उत्सर्जन भविष्यमें लगभग १९ लाख अतिरिक्त गर्मी-संबंधी मौतोंका कारण बन सकता है। इनमें ७८ प्रतिशत मौतें निम्न एवं निम्न-मध्यम आय वाले देशोंमें होनेका अनुमान है। आर्थिक असमानताका यह अंतर केवल पर्यावरणतक सीमित नहीं है। जब समाजमें संसाधनों, अवसरों और अधिकारोंका वितरण अन्यायपूर्ण हो जाता है, तब असंतोष जन्म लेता है। बेरोजगारी, महंगी, खाद्य संकट, जल संकट और विस्थापन सामाजिक तनावको बढ़ाते हैं। धीरे-धीरे यही तनाव आक्रोश, विद्रोह, अपराध, सामुदायिक संघर्ष और हिंसाका रूप ले सकता है। यह कहना उचित नहीं होगा कि प्रत्येक हिंसाके पीछे केवल अमीरी-गरीबीका अंतर है, लेकिन जब विकासका लाभ सीमित हाथोंमें सिमटता है और संकटका बोझ बहुसंख्यक आबादीपर पड़ता है, तब सामाजिक शांतिकी नींव कमजोर होना स्वाभाविक है। विडंबना यह है कि कुछ बड़े निवेशक पहले प्रदूषणकारी उद्योगोंसे मुनाफा कमाते हैं और फिर उन्हीं आपदाओंसे निबटने, सफाई तथा पुनर्निर्माणके कारोबारमें लाभ अर्जित करते हैं। ऑक्सफैमका 'डिस्ट्रॉय एंड रीबिल्ड इंडेक्स' २१७ कम्पनियोंके माध्यमसे इसी दोहरे मुनाफेकी पड़ताल करता है। यह सचमुच ऐसी व्यवस्थापर प्रश्नचिह्न है, जहां किसीके लिए आपदा भी अवसर बन जाती है और किसीके लिए जीवनभरका अभिशाप।

भारतके संदर्भमें यह चेतावनी और भी गम्भीर है। भारतकी विशाल आबादीका बड़ा हिस्सा कृषि, निर्माण, छोटे व्यवसायों और असंघटित क्षेत्रपर निर्भर है। किसान अनियमित वर्षा, सूखा, बाढ़ और तापमान वृद्धिसे जूझ रहा है। मजदूर भीषण गर्मीमें काम करनेको विवश है और महानगरोंकी झुग्गी-बस्तियोंमें रहने वाले परिवार जलभराव तथा गर्मीकी दोहरी मार झेल रहे हैं। विश्व बैंकके अनुसार भारतकी ८० प्रतिशतसे अधिक आबादी ऐसे जिलोंमें रहती है जो जलवायु परिवर्तनसे उत्पन्न आपदाओंके जोखिममें हैं। वहीं, देशके ५७ प्रतिशत जिलोंमें रहने वाली लगभग ७६ प्रतिशत आबादी अत्यधिक गर्मीके उच्च या बहुत उच्च जोखिमका सामना कर रही है। भारतके लिए चुनौती केवल आर्थिक विकासकी गति बढ़ाना नहीं, बल्कि विकासको न्यायपूर्ण, समावेशी और पर्यावरणके अनुकूल बनाना है। विकसित भारत २०४७ का स्वप्न तभी सार्थक होगा, जब विकासकी चमक अंतिम पंक्तिमें खड़े व्यक्तिके जीवनतक पहुंचे। यदि एक ओर महानगरोंमें विलासिता और उपभोगके नये कीर्तिमान बनें और दूसरी ओर गांवोंमें किसान पानी, बिजली और आजीविकाके लिए संघर्ष करता रहे तो विकासकी तस्वीर अधूरी ही रहेगी। विश्वगुरु बननेकी आकांक्षा रखने वाले भारतको दुनियाके सामने यह उदाहरण प्रस्तुत करना होगा कि आर्थिक समृद्धि और प्रकृतिके संरक्षणके बीच संतुलन संभव है। इसके लिए कुछ बुनियादी प्राथमिकताएं आवश्यक हैं। संपन्न वर्ग और अधिक प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगोंकी जवाबदेही तय हो, विलासितापूर्ण उपभोगपर उचित कर व्यवस्था बने, स्वच्छ ऊर्जाको प्रोत्साहन मिले और जल, जंगल तथा जमीनके संरक्षणको विकासकी अनिवार्य शर्त बनाया जाय। साथ ही जलवायु आपदाओंसे प्रभावित किसानों, मजदूरों और कमजोर समुदायोंके लिए सामाजिक सुरक्षा, बीमा, स्वास्थ्य सुविधाएं तथा पुनर्वासकी प्रभावी व्यवस्था हो। विकासका लाभ केवल पूंजीके स्वामियोंतक सीमित न रहे, बल्कि श्रम करने वाले हाथोंतक भी पहुंचे।

भारतकी सांस्कृतिक चेतनामें 'सर्वे भवन्तु सुखिनः', 'वसुधैव कुटुम्बकम्' और 'अपरिग्रह' जैसे जीवन-मूल्य सदियोंसे प्रतिष्ठित रहे हैं। महात्मा गांधीका 'सादा जीवन, उच्च विचार' केवल व्यक्तिगत आचरणका संदेश नहीं, बल्कि संसाधनोंके विवेकपूर्ण उपयोग और सामाजिक उत्तरदायित्वका दर्शन है। जैन दर्शनका अपरिग्रह भी यही सिखाता है कि आवश्यकतासे अधिक संग्रह अंततः समाजमें असंतुलन पैदा करता है। प्रकृति हमारी संपत्ति नहीं, आने वाली पीढ़ियोंकी धरोहर है। अंततः ऑक्सफैमकी 'डिजास्टर डिवाइड' रिपोर्ट दुनियाके सामने एक बुनियादी नैतिक प्रश्न खड़ा करती है-क्या विकासका अर्थ कुछ लोगोंकी असीमित समृद्धि और बहुसंख्यक मानवताकी बढ़ती विवशता है। पृथ्वी किसी एक वर्गकी जागीर नहीं, न ही उसके संसाधनोंपर किसी मुट्ठीभर लोगोंका एकाधिकार हो सकता है। आज आवश्यकता अमीरीको अपराध माननेकी नहीं, बल्कि अमीरीके साथ जवाबदेही जोड़नेकी है। याद रखना होगा कि जब समाजमें विषमताकी खाई बहुत गहरी हो जाती है, तब असंतोषकी आग सीमाओंमें नहीं बंधती। धरतीको बचाना है तो विकासकी दिशा बदलनी होगी, समृद्धिको संवेदनासे जोड़ना होगा और अर्थव्यवस्थाको मानवताके प्रति जवाबदेह बनाना होगा। क्योंकि जिस विकासमें प्रकृति सुरक्षित नहीं और मनुष्य सम्मानित नहीं, वह विकास नहीं, विनाशकी प्रस्तावना है।

आदिवासियोंके अस्तित्वका संकट

विकास किसी भी देशकी प्रगतिका आधार होता है, लेकिन विकासकी राहमें जब लोगोंके घर, संस्कृति और प्राकृतिक विरासत दांवपर लगने लगें, तब यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर विकास किसके लिए किया जा रहा है।

❐ महेन्द्र तिवारी

अरुणाचल प्रदेशकी सियांग नदीपर प्रस्तावित विशाल जलविद्युत परियोजनाको लेकर उठ रहा विरोध इसी सवालको हमारे सामने रखता है। एक ओर सरकार इसे बिजली उत्पादन, जल सुरक्षा और राष्ट्रीय हितोंसे जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजना मानती है तो दूसरी ओर स्थानीय आदिवासी समुदायोंको अपनी पुश्तैनी जमीन, आजीविका और सांस्कृतिक पहचान खोनेका भय सता रहा है। अरुणाचल प्रदेशके सियांग क्षेत्रमें प्रस्तावित सियांग अपर बहुउद्देशीय परियोजनाकी क्षमता ११,२०० मेगावाट बतायी गयी है। यह भारतकी सबसे बड़ी प्रस्तावित जलविद्युत परियोजनाओंमेंसे एक है। राष्ट्रीय जलविद्युत निगमको इससे संबंधित प्रारंभिक व्यवहार्यता अध्ययनकी जिम्मेदारी दी गयी है। सरकारका तर्क है कि इस परियोजनासे बड़े पैमानेपर बिजली उत्पादन किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त नदीके जलका भंडारण और प्रवाहका नियमन करनेमें भी सहायता मिल सकती है। देशकी बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओंको देखते हुए ऐसी परियोजनाओंका महत्व नकारा नहीं जा सकता। लेकिन किसी परियोजनाकी उपयोगिता केवल उससे मिलने वाली बिजली या आर्थिक लाभसे तय नहीं होती। यह भी देखना आवश्यक है कि उसके निर्माणसे किन लोगोंको लाभ मिलेगा और किन्हें उसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। सियांग घाटीमें रहने वाले आदि समुदायके लोगोंकी आशंकाएं इसी बिन्दुसे जुड़ी हैं। स्थानीय संघटनोंके अनुसार प्रस्तावित जलाशयके कारण २७ गांव डूब सकते हैं और अनेक अन्य गांवोंपर भी प्रभाव पड़ सकता है। प्रभावित होने वाले परिवारोंके लिए यह केवल मकान बदलनेका मामला नहीं है, बल्कि अपनी पूरी जीवनशैलीसे बिछुड़नेका संकट है।

आदिवासी समुदायोंका प्रकृतिके साथ संबंध सामान्य आर्थिक संबंधोंसे कहीं अधिक गहरा होता है। उनकी जमीनमें केवल खेत और मकान नहीं होते, बल्कि पीढ़ियोंकी स्मृतियां, पूर्वजोंकी विरासत और सामाजिक परम्पराएं भी जुड़ी होती हैं। नदी उनके लिए पानीका स्रोत भर नहीं होती, बल्कि जीवन और संस्कृतिका अभिन्न अंग होती है। सियांग नदीके आसपास रहने वाले अनेक लोगोंकी आजीविका खेती, बागवानी, पशुपालन और स्थानीय प्राकृतिक संसाधनोंपर निर्भर है। यदि उन्हें अपनी जमीन छोड़नी पड़ी तो उनके सामने रोजगार, भोजन, सामाजिक संबंधों और सांस्कृतिक निरन्तरतासे जुड़े अनेक प्रश्न खड़े हो सकते हैं। परियोजनाको लेकर पर्यावरणीय चिन्ताएं भी कम गम्भीर नहीं हैं। हिमालयका यह क्षेत्र भूकम्पकी दृष्टिसे संवेदनशील है। इतने बड़े बांधके निर्माणसे पहले भूगर्भीय संरचना, भूकम्पीय जोखिम, नदीके प्राकृतिक प्रवाह, वन्यजीवों और जैव विविधतापर पड़ने वाले प्रभावोंका गहन वैज्ञानिक अध्ययन आवश्यक है। बड़े जलाशयोंसे स्थानीय पारिस्थितिकीमें बदलाव आ सकता है। नदीके प्रवाहमें परिवर्तनका असर मछलियों, वनस्पतियों, कृषि और नदीपर निर्भर समुदायोंपर पड़ सकता है। हालांकि इन संभावित प्रभावोंकी वास्तविक सीमाका निर्धारण स्वतंत्र और विस्तृत वैज्ञानिक आकलनसे ही किया जा सकता है। इस विवादका एक महत्वपूर्ण पहलू राष्ट्रीय सुरक्षा भी है। तिब्बतमें चीन यारलुंग त्सांगपो नदीपर विशाल जलविद्युत परियोजना विकसित कर रहा है। यही नदी भारतमें प्रवेश करनेके बाद सियांग कहलाती है और आगे चलकर ब्रह्मपुत्र नदी प्रणालीका हिस्सा बनती है। चीनकी परियोजनाको लेकर भारतमें नदीके प्रवाह, जल प्रबंधन और संभावित रणनीतिक जोखिमोंपर चिन्ता व्यक्त की जाती रही है। ऐसेमें सियांगपर जल भंडारणकी भारतीय परियोजनाको राष्ट्रीय सुरक्षाके दृष्टिकोणसे भी देखा जा रहा है। फिर भी राष्ट्रीय सुरक्षा और स्थानीय लोगोंके अधिकारोंको एक-दूसरेके विरोधमें खड़ा करना उचित नहीं होगा। देशकी सीमाओंकी सुरक्षा जितनी आवश्यक है, उतना ही जरूरी उन नागरिकोंके अधिकारोंकी रक्षा करना भी है जो सीमावर्ती क्षेत्रोंमें रहते हैं। किसी परियोजनाका रणनीतिक महत्व अपने आपमें स्थानीय समुदायोंकी आशंकाओंको समाप्त नहीं कर देता। सरकारको यह स्पष्ट करना होगा कि परियोजनासे होने वाले सम्भावित लाभोंके साथ-साथ उसके सामाजिक और पर्यावरणीय जोखिमोंका समाधान किस प्रकार किया जायगा। अक्तूबर २०२६ में इस परियोजनाके विरोधने व्यापक रूप ले लिया है। स्थानीय संघटनों और युवाओंने सर्वेक्षण रोकने, गिरफ्तार कार्यकर्ताओंको रिहा करने तथा प्रभावित समुदायोंसे सार्थक बातचीत करनेकी मांग उठायी है। २३ अक्तूबरको पासीघाटमें विरोध प्रदर्शनके दौरान हिंसा और संपत्तिको नुकसान पहुंचनेकी घटनाएं भी सामने आयीं। हिंसा किसी समस्याका समाधान नहीं है और सार्वजनिक संपत्तिको नुकसान पहुंचाना उचित नहीं ठहराया जा सकता। लेकिन विरोधके दौरान हुई हिंसाके कारण उन मूल सवालोंको भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए, जिनके कारण स्थानीय लोगोंमें असंतोष पैदा हुआ है।

सरकारका कहना है कि फिलहाल परियोजनाकी व्यवहार्यताका अध्ययन किया जा रहा है। सर्वेक्षणका अर्थ अंतिम निर्माण स्वीकृति नहीं है। तकनीकी दृष्टिसे यह अंतर महत्वपूर्ण है, लेकिन स्थानीय लोगोंकी आशंकाको भी समझना होगा। उनके लिए जमीनपर सर्वेक्षण और ड्रिलिंगकी शुरुआत भविष्यमें होने वाले बड़े बदलावोंकी आशंका पैदा करती है। इसलिए केवल यह कह देना पर्याप्त नहीं होगा कि अभी निर्माण शुरू नहीं हुआ है। सरकारको पारदर्शिताके साथ जानकारी साझा करनी चाहिए और स्थानीय लोगोंके प्रश्नोंका स्पष्ट उत्तर देना चाहिए। इस समस्याका समाधान संवाद, विश्वास और न्यायपूर्ण प्रक्रियामें छिपा है। परियोजनासे प्रभावित होने वाले प्रत्येक गांव और परिवारकी स्थितिका निष्पक्ष आकलन किया जाना चाहिए। पर्यावरणीय अध्ययन स्वतंत्र विशेषज्ञोंकी निगरानीमें हों और उनके निष्कर्ष सार्वजनिक किये जायं। स्थानीय समुदायोंकी सार्थक भागीदारी सुनिश्चित की जाय। यदि परियोजना आगे बढ़ती है तो पुनर्वास और मुआवजेकी व्यवस्था केवल आर्थिक भुगतानतक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि प्रभावित परिवारोंकी आजीविका, सामाजिक संबंधों और सांस्कृतिक आवश्यकताओंको भी ध्यानमें रखना चाहिए। विकासका वास्तविक अर्थ केवल बांध बनाना, बिजली पैदा करना या आर्थिक आंकड़े बढ़ाना नहीं है। विकास वह है जो लोगोंके जीवनको बेहतर बनाये, उनकी गरिमाकी रक्षा करे और प्रकृतिके साथ संतुलन स्थापित करे। सियांग परियोजनाके सामने चुनौती यही है कि राष्ट्रीय हितों और स्थानीय अधिकारोंके बीच ऐसा रास्ता निकाला जाय जिसमें किसी एककी कीमतपर दूसरेको लाभ न मिले। नदीकी धाराको नियंत्रित करनेसे पहले उससे जुड़े लोगोंकी आवाज सुनना जरूरी है। आखिर किसी भी लोकतंत्रकी सफलता केवल उसकी बड़ी परियोजनाओंसे नहीं, बल्कि इस बातसे तय होती है कि वह अपने सबसे दूरस्थ क्षेत्रोंमें रहने वाले नागरिकोंकी चिन्ताओंको कितनी गम्भीरतासे सुनता है।

आत्मबोध

अपरिवर्तनशील धर्म

❐ जग्गी वासुदेव

पंद्रह हजार वर्ष पूर्व आदियोगीने पंचभूतके बारेमें बताया था। वह अपने पहले सात शिष्योंको बताते हैं कि संपूर्ण ब्रह्मांड केवल पांच तत्वोंका खेल है और यह हमारे शरीरमें किस अनुपातमें अपना खेल खेलते हैं और कैसे, यदि आप इनपर महारत हासिल कर लेते हैं तो एक तरहसे आप सृजनपर महारत हासिल कर लेते हैं। सृष्टिके एक तत्वपर महारत होनेसे भी आपकी उसतक सीधी पहुंच हो जाती है, जो सृजनका स्रोत है। जब इस विज्ञानको विस्तारमें बताया जा रहा था तो सप्तऋषि और पार्वती वहां उपस्थित थे। आदियोगी इसके पीछेकी बुद्धिमता बताते हुए कहते हैं सिर्फ चार चीजोंके साथ, आप ऐसे सूपको पका सकते हैं जिसे हम आज ब्रह्मांड कहते हैं। भौतिक रूपसे जो कुछ भी है, वह मुख्यत: चार तत्व हैं। आप अधिकांश समय पांचवें तत्वका अनुभव नहीं करते। यदि मैं आपको सिर्फ चार चीजें दूं तो क्या आप इनसे सांभर भी बना सकते हैं। सांभर बनानेके लिए भी आपको पचीस सामग्रियोंकी आवश्यकता होती है। यदि कोई चार चीजोंके साथ एक पूरे ब्रह्मांडको पका सकता है तो यह चकित कर देनेवाली बुद्धिमता है। आदियोगी इन तत्वोंपर महारत हासिल करनेके विज्ञान और तकनीकका वर्णन कर रहे थे। यह सात और एक (सप्तर्षि और पार्वती) यह सब सुन रहे थे और उन प्रदर्शनोंको देख रहे थे जो कि आदियोगी उनके लिए कर रहे थे। फिर उन्होंने कहा या तो आप इन सभी चीजोंमें महारत हासिल कर सकते हैं या आप इस बुद्धिमताके प्रति समर्पण कर सकते हैं और यह आपका हो जायगा। सातों लोग इसमें महारत हासिल करनेके लिए उत्साहित थे और पार्वतीने इसके प्रति समर्पण करने और इसे खुदका हिस्सा बनानेका फैसला किया। तो इन सातोंको काम करनेके लिए दूर भेज दिया गया। पार्वतीको वहीं रहने दिया गया, क्योंकि उन्होंने इस बुद्धिमताके आगे समर्पण कर दिया था और यह उनका एक हिस्सा बन गया। इन सातोंको ऋषिके रूपमें जाना गया और पार्वती देवी बन गयीं। मैं बात कर रहा हूं कि स्वयंको आगे कैसे बढ़ाया जाय! यदि आप इस बातकी गहनतामें पहुंच जाते हैं कि सब कुछ कैसे प्रकट हुआ है, भले ही आप यहां दस लाख सालोंतक रहें और लगातार अध्ययन करें, यह एक अंतहीन प्रक्रिया होगी। यह रोमांचक है, लेकिन यह एक अंतहीन प्रक्रिया है या आप बस इस अंतहीन प्रक्रियाको एक तरफ रख देते हैं और उस आयामको छूते हैं, जो इस सबका स्रोत है। यदि आप यह खेल खेलना चाहते हैं तो आप खुदको सृजनके तत्वोंके साथ शामिल करते हैं। यदि आप यह खेल नहीं खेलना चाहते हैं, यदि आप एक मैच फिक्सर हैं और सिर्फ जीतना चाहते हैं। आपको खेलमें कोई दिलचस्पी नहीं है, आप बस सफल होना चाहते हैं और आगे बढ़ना चाहते हैं, तब आप केवल उसीको स्पर्श करते हैं जो सृजनका स्रोत है। आपको तत्वोंमें खोनेकी जरूरत नहीं है।

विधान परिषद चुनाव नतीजों के संकेत

❐ रोहित माहेश्वरी

उत्तर प्रदेश, बिहार, कर्नाटक और महाराष्ट्रकी २८ विधान परिषद सीटोंपर आये चुनावी नतीजोंने देशकी सियासतको कई महत्वपूर्ण और गहरे संकेत दिये हैं। चूंकि ये चुनाव मुख्य रूपसे शिक्षकों, स्नातकों (ग्रेजुएट्स) और स्थानीय निकायों द्वारा बैलेट पेपरके माध्यमसे चुने जाते हैं, इसलिए इनके राजनीतिक संदेश सीधे तौरपर प्रबुद्ध वर्ग, सरकारी कर्मचारियों और जमीनी संघटनकी मनोदशाको दर्शाते हैं। चूंकि ये चुनाव बैलेट पेपरसे हुए थे, इसलिए एनडीएकी इस जीतने विपक्षके उस नैरेटिवको बड़ा झटका दिया है जिसमें अक्सर ईवीएमपर सवाल उठाये जाते थे। भाजपाने इस नतीजेसे यह संदेश दिया है कि उसकी जीतका आधार जनताका समर्थन और मजबूत संघटन है, न कि वोटिंग मशीन। विधान परिषदके चुनावोंमें कांग्रेस 'बड़े शून्य' के धब्बेसे बच गयी। नागपुर स्नातक सीट जीतकर सभीको चौंका दिया। नागपुरकी जीत 'प्रतीकात्मक' है, क्योंकि यहां आरएसएसका मुख्यालय है और केन्द्रीयमंत्री नितिन गडकरी यहांसे सांसद हैं। महाराष्ट्रके मुख्य मंत्री देवेन्द्र फडणवीस भी नागपुरकी एक सीटसे विधायक हैं। क्या नागपुरमें स्नातक युवाओंपर संघ परिवारका मानसिक और नैतिक प्रभाव कम हुआ है।

उत्तर प्रदेशमें प्रधान मंत्री मोदीके चुनाव क्षेत्र वाराणसीमें शिक्षक और स्नातक सीटें समाजवादी पार्टीने जीती हैं। इस सीटपर प्रधान मंत्रीकी सांसदके तौरपर जीतका अन्तर भी काफी कम हुआ था, लिहाजा यह भाजपाकी नयी चिन्ता होनी चाहिए कि शिक्षक और स्नातक जैसा शिक्षित वर्ग क्या भाजपासे विमुख हो रहा है। आगरामें भी सपाका उच्च जातियोंके बीच समीकरण बैठाना यह संकेत देता है कि भाजपाके कोर वोटर व्यापारी वर्गके भीतर स्थानीय स्तरपर कुछ नाराजगी है जिसे दूर करना भाजपाके लिए बड़ी चुनौती होगा।

लखनऊ केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंहका चुनाव क्षेत्र है और गोरखपुर मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथका गृह-गढ़ है। लखनऊमें भाजपाकी पराजय हुई है और गोरखपुरमें 'दूसरी वरीयता' के स्तरपर मात्र ३०७ मतोंसे जीत पायी है। इलाहाबाद (अब प्रयागराज) भी भाजपाका गढ़ है। वहांसे भी सपाने जीत हासिल की है। उत्तर प्रदेशमें मार्च, २०२७ में विधानसभा चुनाव होने हैं। बेशक विधान परिषदके चुनाव सीमित होते हैं, फिर भी हजारों मतदाता अपने मताधिकारका प्रयोग करते हैं। यह भी जनादेशसे कमतर नहीं माना जा सकता। कमोबेश इनके नतीजोंसे स्पष्ट संकेत मिलते हैं, लिहाजा दल सबक भी ले सकते हैं। उत्तर प्रदेशमें आम विधानसभा चुनावसे पहले ही समीकरण बदलते लग रहे हैं। यदि सपा-कांग्रेसने वाकई गठबंधनमें चुनाव लड़ा तो नतीजे अप्रत्याशित भी हो सकते हैं। उत्तर प्रदेशमें कुल ११ सीटोंमेंसे भाजपाके हिस्से छह और सपाके हिस्से पांच सीटें आयी हैं। भाजपा पिछले चुनावकी तरह ही है, लेकिन सपाने दो सीटोंकी बढ़त बनायी है, लिहाजा संकेत स्पष्ट हैं कि भाजपाके सामने चुनावी चुनौतियां हैं। सबसे चौंकाऊ नतीजा यह रहा है कि कर्नाटकमें कांग्रेसका सूपड़ा साफ हो गया है। सभी चारों सीटोंपर भाजपा-जद (एस) का कब्जा हो गया है। कर्नाटकमें कांग्रेस सत्तारूढ़ है। मुख्य मंत्री डीके शिवकुमार 'चुनावी सियासत' के चाणक्य माने जाते रहे हैं। बेंगलुरुमें पुट्टन्ना परिषदकी शिक्षक वर्ग सीटसे पांच बार निर्वाचित हो चुके हैं और परिषदके उपाध्यक्ष भी रहे हैं, लेकिन इस बार वह सीट जद-एसने छीन ली है। शेष तीनों सीटोंपर भाजपा विजयी रही है। यह २०२८ के विधानसभा चुनावके मद्देनजर 'बदलावका संकेत' है। बेंगलुरु शिक्षक सीट जैसे मजबूत गढ़में मुख्य मंत्रीके करीबीकी हारने यह संकेत दिया है कि पढ़े-लिखे मतदाता, शिक्षक और सरकारी कर्मचारी राज्य सरकारकी नीतियों (जैसे तबादले और भर्तियां)से नाराज हैं।

महाराष्ट्रमें भाजपा-महायुति दावा कर रहे थे कि वे पांचों सीटोंपर 'क्लीन स्वीप' करेंगे, लेकिन 'बुजुर्ग चाणक्य' शरद पवार और कांग्रेसने तीन सीट जीतकर तमाम समीकरण बदल दिये और सत्ताके दावे ध्वस्त कर दिये। भाजपा-शिवसेना (शिंदे) के हिस्से एक-एक सीट ही आयी। बिहारमें एनडीएने अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन वे प्रशांत किशोरकी 'जनसुराज पार्टी' की एक सीटपर जीतको रोक नहीं पाये। फिलहाल सबसे संवेदनशील राज्य उत्तर प्रदेश रहा, जहां मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ आक्रामक प्रचार करनेमें जुटे हैं। विपक्षमें सपा-कांग्रेसकी सीटें अभी तय नहीं हो पायी हैं। तीसरे पक्षके तौरपर ओवैसी मुसलमानोंको लामबंद करके अपनी पार्टीका खाता खोलनेमें जुटे हैं। उत्तर प्रदेश विधानसभामें कुल ४०३ सीटें हैं। यह चुनाव भी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्तकी ही सरपरस्तीमें हुआ है। जो परिणाम सामने हैं और जिस तरह विपक्षने जीत हासिल की है, उससे 'वोट चोरी' का जुमला अब छोड़ देना चाहिए। यदि मनमर्जीकी मतदाता सूची बनायी जा सकती है तो कर्नाटक सरकार भी कर सकती थी और कुछ सीटें जीत सकती थी, लेकिन ऐसा संभव नहीं होता। वोट चोरीका मुद्दा उछालनेके बाद विपक्ष और खासकर कांग्रेस सभी चुनाव हारी है, लेकिन अप्रत्याशित जीत भी दर्ज की गयी हैं।

नतीजोंको समझनेसे पहले यह जानना जरूरी है कि ये किस तरहके चुनाव हैं। विधान परिषदकी स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रोंकी सीटोंपर होने वाले चुनाव बहुत सीमित क्षेत्रमें लड़े जाते हैं। इनमें हर नागरिक वोट नहीं डाल सकता। स्नातक निर्वाचन क्षेत्रोंमें केवल योग्य स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रोंमें केवल योग्य शिक्षक ही वोट दे सकते हैं। इसलिए इन चुनावोंमें मतदान कम होता है और जीत-हारका अंतर अक्सर बहुत कम रहता है। देशके केवल छह राज्योंमें विधान परिषद है। ये राज्य हैं- उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, बिहार, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना। विधान परिषदके सदस्योंका कार्यकाल छह सालका होता है। हर दो सालमें एक-तिहाई सदस्य रिटायर होते हैं। यह व्यवस्था राज्यसभा जैसी है। आम तौरपर वही पार्टी या उम्मीदवार जीतता है, जो ज्यादासे ज्यादा मतदाताओंका पंजीकरण कराने और उन्हें वोट डालनेके लिए मतदान केन्द्रतक लानेमें सफल रहता है। समयके साथ इन चुनावोंमें धनबल और बाहुबलका महत्व भी बढ़ा है। विधान परिषद चुनावोंका वोटर आम विधानसभा जैसा नहीं होता। यहां मतदाता बेहद जागरूक होता है। नतीजोंने साफ कर दिया है कि प्रबुद्ध वर्ग केवल बड़ी पार्टीके नामपर वोट नहीं देता, बल्कि स्थानीय स्तरपर उम्मीदवारकी छवि, उसकी उपलब्धता और शिक्षको/कर्मचारियोंके मुद्दोंपर किये गये कामको प्राथमिकता देता है। ये परिणाम देशके राजनीतिक मूडका एक आंशिक लेकिन बेहद उपयोगी संकेतक हैं। संदेश साफ है कि जहां भाजपाको बड़े राज्योंमें अपनी पकड़ मजबूत रखनेके बावजूद स्थानीय नाराजगीसे बचनेके लिए संघटनमें सुधारकी जरूरत है, वहीं विपक्ष विशेषकर कांग्रेसको सत्ता वाले राज्योंमें भी अति-आत्मविश्वाससे बचकर जमीनी स्तरपर काम करनेकी आवश्यकता है।

मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का भव्य आयोजन,

२८५ लाभार्थियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से किया लाभान्वित

मथुरा। मथुरा में मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शि. विर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी जनपद न्यायाधीश, मथुरा अजय पाल सिंह द्वारा की गई। कार्यक्रम में अपर जिला जज डॉ. पल्लवी अग्रवाल, संतोष कुमार त्रिपाठी, राजेश पाराशर, अरविन्द कुमार यादव, श्रीमती नीलम ढाका, अनुराग शर्मा, विद्या भूषण पाण्डेय, बृजेश कुमार, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेलवे सूर्यभान कुमार वर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती अनीता सिंह, पीठासीन अधिकारी अतिरिक्त न्यायालय श्री लाल बहादुर सिंह, नगर मजिस्ट्रेट श्री अनुपम कुमार मिश्र सहित अनेक न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारीगण, पुलिस अधिकारी तथा चिकित्सकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रभारी जनपद न्यायाधीश श्री अजय पाल सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरान्त विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं द्वारा मां सरस्वती वन्दना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। २८५ लाभार्थियों को मिला विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ- शिविर के माध्यम से शासन द्वारा संच. ालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ विशेष रूप से गरीब, वंचित, असहाय एवं जरूरतमंद वर्ग के कुल २८५ लाभार्थियों को प्रदान किया गया। मेगा शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं से संबंधित विभागों द्वारा अलग-अलग स्टॉल लगाए गए, जिनके माध्यम से आमजन को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा पात्र व्यक्तियों की समस्याओं का समाधान करते हुए उन्हें योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया। जिला कारागार, मथुरा द्वारा जेल में निरुद्ध बंदियों द्वारा निर्मित पोशाकें, धोती, गमछा, हर्बल गुलाल आदि उत्पादों की विशेष स्टॉल भी लगाई गई। प्रभारी जनपद न्यायाधीश अजय पाल सिंह ने अन्य न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं लाभार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। शिविर में आपदा प्रभावित व्यक्तियों, आयुष्मान कार्ड एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। इसके अतिरिक्त पात्र लाभार्थियों को आवास की चाबियां, उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रोत्साहन स्वरूप सहायता एवं उपकरण, उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मान, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभ, प्रशिक्षित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, श्रम कार्ड, पीएम स्वनिधि योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत लाभ तथा दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल एवं श्रवण यंत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मथुरा श्रीमती अनीता सिंह ने कहा कि आमजन को सरकारी योजनाओं एवं विधिक सहायता से जोड़ने के उद्देश्य से इस मेगा शिविर के माध्यम से एक विशेष पहल की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य शासन द्वारा संचा. लित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना तथा जरूरतमंद लोगों को नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री राहुल अग्रवाल, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल, मथुरा द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेलवे के समस्त कर्मचारीगण, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सदस्य, पराविधिक स्वयंसेवकगण, पैनल अधिवक्तागण, मध्यस्थगण तथा सैकड़ों की संख्या में लाभार्थी एवं आमजन उपस्थित रहे।

जमीन पर कब्जे के प्रयास का आरोप,

विरोध करने पर परिवार को जान से मारने की धमकी

मथुरा। रात में घर पहुंचकर गाली-गलौज करने और बेटियों के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप, पीड़िता ने पुलिस से लगाई सुरक्षा की गुहार..वृंदावन। पानीघाट क्षेत्र के दुर्गापुरम कालौनी स्थित धनुष कुटी आश्रम के समीप रहने वाली एक महिला ने कुछ लोगों पर उसकी जगह पर जबरन अवैध कब्जा करने का प्रयास करने, रात के समय घर पहुंचकर गाली-गलौज करने और परिवार को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने इस संबंध में थाना वृंदावन पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा की मांग की है। शिकायतकर्ता कविता चौहान पत्नी सुनील चौहान, निवासी पानीघाट, दुर्गापुरम कॉलोनी ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि बालक दास, अरुण दास, पप्पू, संजय और रोहित नामक व्यक्ति उसकी जगह पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। आरोप है कि उक्त लोग आए दिन उसके साथ विवाद और अभद्र व्यवहार करते हैं। इतना ही नहीं, रात के समय घर पहुंचकर गाली-गलौज करने के साथ ही उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देते हैं। पीड़िता का आरोप है कि उक्त लोगों द्वारा उसकी दोनों बेटियों के प्रति भी अशोभनीय एवं अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है। लगातार मिल रही धमकियों के चलते परिवार भय के माहौल में रहने को मजबूर है। महिला ने आशंका जताई है कि आरोपित कभी भी उसके या उसके परिवार के साथ कोई अप्रिय घटना कर सकते हैं। पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से मामले का तत्काल संज्ञान लेकर आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने तथा अपनी और अपनी दोनों बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है।

१४वीं मंजिल से गिरकर ६७ वर्षीय बुजुर्ग की मौत, आत्महत्या की आशंका से सनसनी

बुजुर्ग आठ माह से रुक्मिणी विहार में किराये पर रह रहे थे,

वृंदावन। कोतवाली क्षेत्र के रुक्मिणी विहार स्थित संस्कार सिटी में रविवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब १४वीं मंजिल से गिरकर एक ६७ वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। ऊंचाई से गिरने के कारण बुजुर्ग ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद सोसायटी में सनसनी फैल गई। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या से जुड़ा होने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। मृतक की पहचान अशोक कपूर पुत्र द्वारिका प्रसाद कपूर के रूप में हुई है। वह मूल रूप से दिल्ली के दिलशाद गार्डन के निवासी थे और पिछले करीब आठ माह से रुक्मिणी विहार स्थित पारस प्राइड में किराये पर रह रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही थाना वृंदावन पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी की। पुलिस के अनुसार, मृतक की पत्नी ने पूछताछ में बताया कि अशोक कपूर पिछले करीब चार वर्षों से मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे। वहीं, संस्कार सिटी निवासी मनोज सिंह माचिया (५५) से उनकी मित्रता होने की बात भी सामने आई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी भेज दिया है। फिलहाल मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बृजरज उत्सव कार्यक्रम के वाहन पार्किंग से पत्रकार की मोटरसाईल चोरी

-चोरों के होसले बुलन्द

मथुरा। थाना कोतवाली क्षेत्र अंतगर्त बृज रज उत्सव कार्यक्रम के पार्किंग से मोटर साईकल संख्या-यूपी-८५ एएफ ११७७ चोरी हुई ।पत्रकार मोहम्मद उमर कुरैषी दिनांक २९/१०/२०२६ समय ७ बजे के लगभग धौलीप्याऊ स्थित रेलवे ग्राउंड बृज रज उत्सब में कार्यक्रम के दूरदर्शन और आकाशवाणी की समाचार संकलन हेतु गया था, देर रात समय १०.३० बजे तक कवरेज करके वापसी घर जाने को था तभी देखा तो मोटर साईकिल संख्या- यूपी ८५ एएफ ११७७ नहीं मिली। काफी तालाश लिस जांच में जुटी हुई है। हम बता दें कि बृज रज उत्सव कार्यक्रम २३ अक्टूबर से २ नवम्बर २०२६ तक उत्तर प्रदेष तीर्थ विकास परिषद द्वारा आयोजित किया गया है कार्यक्रम की कवरेज के लिए जनपद मथुरा के पत्रकारों का आना जाना रहता है लेकिन पार्किंग ठेकेदार की लापरवाही से मोटर साईकल का चोरी हो जाना यह जिला प्रषासन और पुलिस प्रषासन के लिए चुनौती से कम नहीं है कि पत्रकारों वाहन भी सुरक्षित नहीं रहे।चोरों के होसले बुलन्दी पर हैं। इधर ठेकेदार की लापरवाही असुरक्षित पार्किंग का खामियाजा आम जनता को ही नहीं अब पत्रकारों को भी भुगतना पड़ रहा है।

वृंदावन को पुन: ए-श्रेणी नगरपालिका परिषद का दर्जा दिलाने को जन अभियान मंच ने की बैठक

नगरपालिका का पुराना स्वरूप बहाल कराने की मांग को लेकर हुई चर्चा, अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

वृंदावन। धर्मनगरी वृंदावन को पुन: स्वतंत्र ए-श्रेणी नगरपालिका परिषद का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर वृंदावन नगरपालिका जन अभियान मंच के तत्वावधान में रविवार को कन्हैया लाल सेवा सदन में एक सार्वजनिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में वृंदावन के पुराने नगरपालिका स्वरूप को पुन: बहाल कराने तथा इस मांग को प्रभावी ढंग से शासन-प्रशासन तक पहुंचाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए समाजसेवी जितेन्द्र सिंह राणा ने कहा कि वृंदावन की धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्ता को देखते हुए इसे स्वतंत्र ए-श्रेणी नगरपालि. का परिषद का दर्जा मिलना चाहिए। इसके लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। श्यामा प्रधान ने कहा कि यह अभियान किसी व्यक्ति विशेष का नहीं, बल्कि वृंदावन के हित और भविष्य से जुड़ा जनहित का विषय है। बैठक में अभियान को व्यापक जनसमर्थन दिलाने, अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने तथा मांग को संबंधित अधिकारियों और शासन तक पहुंचाने की रणनीति पर चर्चा की गई। साथ ही नगर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों और व्यापारिक वर्ग से भी अभियान में सहभागिता करने की अपील की गई। बैठक में उपस्थित लोगों ने एकजुट होकर वृंदावन को पुन: स्वतंत्र ए-श्रेणी नगरपालिका परिषद का दर्जा दिलाने के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प व्यक्त किया। आज की बैठक में ठाकुर कालीचरण सिंह, अभय वशिष्ठ, अमित शर्मा, ज्ञानी ठाकुर, प्रमोद गौतम, गोविन्द शर्मा, उदयसिंह, योगेन्द्र जसावत, मोहन श्याम शर्मा और जगमोहन शर्मा उपस्थित रहे।

मथुरा के साहित्यकार संतोष कुमार सिंह हुए जबलपुर में सम्मानित

मथुरा। जबलपुर की सुविख्यात साहित्यिक संस्था कादम्बरी का अलंकरण और सम्मान समारोह शहीद स्मारक के सेठ गोविंददास सभागार में अत्यंत भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। इसमें देश के १२९ साहित्यकारों को उनकी श्रेष्ठ पुस्तकों के लिए सम्मानित किया गया। इंजी संतोष कुमार सिंह मथुरा के वरिष्ठ साहित्यकार हैं। ये विभिन्न विधाओं में साहित्य -सृजन करते हैं। इस बार संतोष कुमार सिंह को श्छंद विधा-सृजनश के लिए ष्आशुतोष तिवारी युवा कवि स्मृति सम्मानष प्रदान किया गया है। इसमें शॉल, स्मृति चिन्ह, रुद्राक्ष माला, सम्मान पत्र एवं ५०००/- की सम्मान राशि प्रदान की गई है। समारोह में देशभर के लगभग २५० साहित्यकार व पत्रकार और उनके परिवारीजन उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता आचार्य भगवत दुबे और संचालन राजेश पाठक श्प्रवीनश ने किया।

ललित कुमार शर्मा परशुराम दल के मथुरा जिलाध्यक्ष बने:

१५ नवंबर से आगरा से दिल्ली तक निकलेगी सवर्ण महापदयात्रा

मथुरा। रविवार को दोपहर करीब दो बजे मथुरा के एक स्थानीय होटल में परशुराम दल की बैठक हुई। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गंगाधर शर्मा ने ललित कुमार शर्मा को मथुरा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। उनकी नियुक्ति की घोषणा होते ही मौजूद पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत करते हुए बधाई दी। इस दौरान संगठन को जिले में मजबूत बनाने और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने पर भी चर्चा की गई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष गंगाधर शर्मा ने घोषणा की कि १५ नवंबर से आगरा से दिल्ली तक सवर्ण महापदयात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा आगरा से प्रारंभ होकर मथुरा सहित विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए दिल्ली के रामलीला मैदान पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि यात्रा का प्रमुख उद्देश्य यूजीसी कानून को वापस लेने यानी यूजीसी रोलबैक की मांग को सरकार तक पहुंचाना है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने देशभर के सवर्ण संगठनों, ब्राह्मण समाज और अन्य सामा. जिक संगठनों से महापदयात्रा में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज के लोग आगरा से दिल्ली तक यात्रा में पैदल चलकर अपनी आवाज बुलंद करें और अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाएं। परशुराम दल की ओर से जारी आमंत्रण पत्र में यूजीसी कानून वापस लेने, आरक्षण व्यवस्था में सुधार कर इसे आर्थिक आधार पर लागू करने तथा एससी-एसटी एक्ट में सुधार कर इसके कथित दुरुपयोग को रोकने की मांग भी शामिल की गई है। बैठक में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ललित कुमार शर्मा ने संगठन की ओर से सौंपी गई जिम्मेदारी का निर्वहन करने और महापदयात्रा को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट करने की बात कही। इस मौके पर बीपी रावत, परशुराम दल दिल्ली के पदाधिकारी और संगठन के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दीपोत्सव बेला पर ४१ कवियों ने किया काव्यपाठ

मथुरा। ब्रज कला केन्द्र मथुरा की वन्देमातरम् कवि सम्मेलन श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित कवि सम्मेलन में ४१कवियों ने काव्यपाठ कर समां बांध दिया। इस अवसर पर पुस्तक विमोचन एवं सम्मान कार्यक्रम भी हुआ। दो चरणों में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता क्रमशः सुकवि राधागोविंद पाठक एवं ब्रज संगीत विद्यापीठ के अध्यक्ष व कुलपति डॉ. राजेन्द्र कृष्ण अग्रवाल श्रजकश ने की। दोनों अध्यक्षों सहित समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित ब्रज कला केन्द्र के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गजेन्द्र शर्मा,ब्रजधाम के उपाध्यक्ष दीपक गोयल,संयुक्त मंत्री राजेन्द्र हाथी वाले,विषबाण के मफतलाल अग्रवाल,आकाशवाणी के देवेन्द्र सारस्वत आदि ने मां सरस्वती के छवि चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ब्रज के कवियों की परिचय पुस्तक,ष्बधाई है बधाईष का विमोचन था। इस अवसर पर सुकवि दरयाब सिंह राजप. ूत (मोदीनगर) की पुस्तक ष्ब्रजकन - पदावलीष का विमा. ेचन भी किया गया। इस अवसर पर काका हाथरसी स्मृति सम्मान डा.राजेन्द्र कृष्ण अग्रवाल श्रजकश, रामनारायण अग्रवाल भैय्याजी स्मृति सम्मान मफतलाल अग्रवाल तथा कन्हैयालाल गौतम स्मृति सम्मान देवेन्द्र सारस्वत को प्रदान किया गया। स्व.जगदीश मित्तल द्बारा काव्य मंच हेतु किए योगदान को याद किया गया। आशु कवि अनिल बौहरे का उनके ७५ वें अमृत जन्मोत्सव पर सभी ने सम्मान कर बधाई दी। कवि सम्मेलन में समां बांधने वाली कवयित्रियों में रेणु उपाध्याय, डा. नीतू गोस्वामी ,संगीता शर्मा, गंगारानी चतुर्वेदी, संगीता चौहान, ममता सौनी, अनन्या गौतम ,लवली, वीना चौधरी तथा कविगणों में रामेन्द्र सिंह ब्रजवासी,मोहनलाल मोही,अटल राम चतुर्वेदी,डा. अजीव अंजुम ,हरीबाबू ओम, गोपाल चतुर्वेदी, अक्षय चतुर्वेदी,डा.शिवचरण लाल,मनोज भट्ट, पीयूष सिंह,सोहनलाल शीतल, देवी प्रसाद गौड़,गाफिल स्वामी ,योगेश कुमार शर्मा बेखुद, मदन मोहन अरविंद,सत्य प्रकाश शर्मा,डा. रामदेव शर्मा राही, मूलचंद निर्मल, प्रभूदत्त उपाध्याय,सुभाषचंद्र गुप्ता मुसाफिर, रवि प्रकाश भारद्वाज, सतीश दीक्षित, दरयाब सिंह राजपूत ब्रजकण, डा.अमर सिंह सैनी,सचिन अग्रवाल, जितेन्द्र सिंह विमल,रूपेश धनगर,उदय वीर सिंह उदय, राहुल ब्रजवासी,धनंजय तिवारी तथा धर्मराज आदि प्रमुख थे। कार्यक्रम का संच. ालन आशु कवि अनिल बौहरे तथा व्यवस्था प्रबन्धन गाफिल स्वामी एवं व्यवस्था प्रबंधन राजेन्द्र कुमार हाथीवाले ने किया।

भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा भारत एवं विश्व ब्राह्मण परिषद

सरदार वल्लभभाई पटेल की १५१ जयंती पर लिया धर्म संस्कृति रक्षा का संकल्प

गोवर्धन। भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा भारत एवं विश्व ब्राह्मण परिषद गोवर्धन धाम के नेतृत्व में भारत के प्रथम गृहमंत्री व स्वतंत्रता आंदोलन सेनानी सरदार वल्लभभाई पटेल के १५१ जयंती महोत्सव का आयोजन विष्णु स्वामी रूद्र संपदा निर्मोही अखाड़ा गिराज धरण श्री गोवर्धन नाथ पीठ मंदिर ठाकुर श्री हरि देव जी महाराज सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विष्णु स्वामी रुद्र संप्रदाय निर्मोही अखाड़ा गिरिराज धरण श्री गोवर्धन नाथ पीठ के पीठाधीश्वर मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य गोस्वामी श्री पुरुषोत्तम लाल जी महाराज द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्रपट पर पुष्प माला अर्पित करते हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता मैं उद्बोधन करते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल को भारत की धर्म संस्कृति का रक्षक बताया गया आचार्य श्री ने अपने उद्बोधन में कहा है कि सरदार वल्लभभाई पटेल एक स्वतंत्रता सेनानी के साथ-साथ में कूटनीतिक राजनीतिक थे जिन्होंने भारत की रियासतों को एकीकरण करके भारत जैसा गणराज्य को मान्यता प्रदान विश्व में कराई और विश्व में भारत की धर्म संस्कृति का प्रचार करते हुए सोमनाथ मंदिर का विकास कराया। भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा भारत के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विश्व ब्राह्मण परिषद के गोवर्धन विधानसभा महासचिव विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक तांत्रिक गुरु जी बाबा साहब महा है योगी युवराज डॉक्टर केशव आचार्य गोस्वामी कात्याय पचौरी सरदार वल्लभभाई पटेल को सच्चा भारत का धर्म संस्कृति रक्षा लोह पुरुष के रूप में ख्याति प्राप्त की गृहमंत्री के रूप में भारत की राजनीतिक चुनौतियों को बड़ी सूझबूझ के साथ में उसको धरातल पर उतरते हुए विश्व में भारत की धर्म संस्कृति का कीर्तिमान स्थापित किया। जयंती कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने सरदार वल्लभभाई पटेल के भारत में योगदान स्वतंत्रता आंदोलन धर्म संस्कृति की रक्षा आदि उनके जीवन पर विचार व्यक्त किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गोवर्धन विधानसभा प्रभारी आचार्य पंडित धन मंत्री देव गोस्वामी मनीष उमेश जिला संगठन मंत्री चंद्र मोहन गोस्वामी मदन मोहन गोस्वामी धीरज कौशिक सौरभ गोस्वामी अश्विनी गोस्वामी विकास शर्मा वीरू राहुल मोहन शर्मा मनीष मोहन शर्मा सत्येंद्र दुबे स्वामी पवन कुमार शर्मा जीएस भावना गोस्वामी गौरव कृष्ण गोस्वामी नरहरि गोस्वामी भक्ति प्रिया गोस्वामी भानुप्रिया गोस्वामी पंकज जोशी प्रहलाद शर्मा प्रीतम धनगर रूपा भट्टाचार्य लक्ष्मण भट्टाचार्य बनवारी गोस्वामी संजय गोस्वामी जगदीश गोस्वामी संजय शर्मा कैलाश सैनी रमन सैनी हेतराम सैनी नरसिंह सैनी श्रीधर पाठक लक्ष्मण शर्मा पंकज शर्मा आदि सैकड़ा सरदार वल्लभभाई समर्थक उपस्थित राय और कार्यक्रम का आनंद लिया और सरदार वल्लभभाई पटेल के चिंतन को हृदय में आत्मसात किया।

के.एम. हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन आज से

आइए, मिलकर रक्तदान को जन-आंदोलन बनाएं जीवन बचाएं और पुण्य कमाएं

मथुरा। स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान के.एम. मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा इस दिवाली मानवता और जीवन रक्षा के संदेश के साथ रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर आज ०२ नवम्बर से ७ नवम्बर तक जारी रहेगा। केएम विश्व. विद्यालय के कुलाधिपति एवं जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह रक्तदान शिविर के.एम. ब्लड सेंटर, कृष्ण मोहन मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में आयोजित होगा। इस दिवाली एक दीप मानवता के नाम, एक रक्तदान किसी की जिंदगी के नाम। रक्तदान महादान के इस नेक कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले रक्तवीरों (दाताओं) के लिए अस्पताल प्रशासन की ओर से विशेष प्रोत्साहन और आकर्षक उपहार रखे गए हैं, जिनमें मुख्य रूप हेलमेट, गरम ट्रैक सूट, एयर बड्स एवं अन्य कई आकर्षक उपहार शामिल हैं। अस्पताल प्रशासन ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अपनी सुविधा अनुसार समय निकाल. कर इस शिविर में आएं और रक्तदान कर किसी की जिंदगी बचाने में अपना योगदान दें। आइए, मिलकर रक्तदान को जन-आंदोलन बनाएं जीवन बचाएं और पुण्य कमाएं।

वोट बचाओ देश बचाओ दिल्ली की महारैली में उमड़ा मथुरा कांग्रेस का जनसैलाब

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर एवं पूर्व मंत्री के नेतृत्व में हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लिया भाग

मथुरा। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी द्वारा रविवार, १ नवंबर २०२६ को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली में मथुरा जनपद से हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मथुरा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष श्री मुकेश धनगर एवं पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री पंडित श्याम सुंदर शर्मा के नेतृत्व में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचे। महारैली में शामिल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र, संविधान तथा मताधिकार की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा आवश्यक है। संविधान की मूल भावना की रक्षा करना और लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। रैली में भाग लेने वालों में सर्वश्री कुंवर सिंह निषाद आदित्य तिवारी मनोज गौड़ उमेश शर्मा के के गौतम हाकिम सिंह छोकर पंकज चौधरी राजा गौतम शैलेंद्र चौधरी हरदेव सिंह रमेश कश्यप अबरार पार्षद विपुल पाठक प्रवीण ठाकुर संदीप चौधरी करण निषाद आसिफ कुरेशी सरवन अहमद मोनू चौधरी विपिन चौधरी अश्वनी शुक्ला अक्षय कांत पाठक आबाद मोहम्मद बाल. वीर प्रधान टिंकू धनगर दीपक अग्रवाल आदेश उपाध्याय दीपक दीक्षित धर्मेंद्र सिंह प्रधान अमित दीक्षित धीरज शर्मा योगेश सिसोदिया लक्ष्मी नारायण धनगर मोनू चौधरी अनिल खरे सोनम त्रिपाठी सोनिया ठाकुर रजनी राजपूत रूपा लवानिया महेश चौबे प्रमोद कुमार गीता दिवाकर अजीम शाह बृज बिहारी सारस्वत गौरव सिंह शिवकुमार गौतम बंटी अशोक निषाद गंगा शरण दीक्षित राजेश कुमार दिलशाद खान सुरेश शर्मा सहित हजारों की संख्या में आदि कांग्रेस जन ने रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

नवागत वित्त एवं लेखाधिकारी ने संभाला चार्ज ।

जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा कार्यालय को काफी लंबे समय बाद मिला स्थाई लेखाधिकारी

माध्यमिक विद्यालयों को वित्तीय कार्यों में मिलेगी सहूलियत

मथुरा। जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा कार्यालय में विगत काफी लंबे समय से वित्त एवं लेखाधिकारी का पद रिक्त चला आ रहा था जिससे वित्तीय कार्यों में काफी दिक्कत हो रही थी विधालयों को वेतनादि काफी देरी से मिलता था क्योंकि बेसिक शिक्षा को प्रभारी वित्त एवं लेखाधिकारी का चार्ज मिला हुआ था उनके द्वारा काफी मनमानी करने से अनेकों विद्यालयों में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही थी उनके द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा के बिना कोई आदेश निर्गत किए वेतन काट कर वेतनादि पास करने की शिकायत लगातार शासन को मिल रही थी और एडेड विद्यालयों को वेतन आदि कार्यों के लिए बेसिक कार्यालय जाना पड़ता था। कुछ समय पूर्व शासन द्वारा स्थाई लेखाधिकारी की नियुक्ति जिला विद्यालय निरीक्षक



मथुरा कार्यालय में कर दी थी । शासन ने सयुक्त विकास आयुक्त कार्यालय अलीगढ़ में तैनात प्रशांत कुलश्रेष्ठ सहायक लेखाकार को मथुरा में पदस्थापन करते हुए वित्त एवं लेखाधिकारी माध्यमिक पर भेजा गया था प्रशांत कुलश्रेष्ठ ने शनिवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में वित्त एवं लेखाधिकारी माध्यमिक का कार्यभार ग्रहण कर लिया इससे पूर्व वह अनेकों जनपदों के विभिन्न विभागों में तैनात रहे। माध्यमिक शिक्षा में उनकी प्रथम वार आए हैं। शनिवार को कार्यभार ग्रहण करने के बाद अक्षय भारद्वाज प्रदेश महामंत्री शिक्षणत्तर कर्मचारी सयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश ने उनका पटुका पहनाकर स्वागत किया इस दौरान कार्यालय में तैनात सहायक लेखाकार देवेश मित्तल, आदित्य द्विवेदी, देवेंद्र कुमार बंसल एडवोकेट, उमेश गुप्ता, सत्येंद्र सिंह, चेतन शर्मा,आदि उपस्थित थे। अनौपचारिक बातचीत में श्री कुलश्रेष्ठ ने बताया कि शासन की योजना के अनुरूप नियमानुसार कार्य करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

परशुराम दल १५ नवंबर से पदयात्रा निकालेगा: आगरा से दिल्ली तक जाएगी यात्रा,

मथुरा। परशुराम दल १५ नवंबर से आगरा से दिल्ली तक सवर्ण महापदयात्रा निकालेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष गंगाधर शर्मा के नेतृत्व में प्रस्तावित यात्रा मथुरा से होकर दिल्ली जाएगी। संगठन ने इसमें लाखों लोगों के शामिल होने का दावा किया है। परशुराम दल के पदाधिकारियों के मुताबिक, यात्रा का उद्देश्य यूजीसी कानून और एससी-एसटी एक्ट का विरोध करना है। संगठन इन कानूनों पर अपनी आपत्तियां सरकार तक पहुंचाकर बदलाव की मांग करना चाहता है। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष गंगाधर शर्मा ने ललित कुमार को मथुरा जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया। संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी। इस मौके पर गंगाधर शर्मा, ललित कुमार, बीपी रावत, परशुराम दल दिल्ली के पदाधिकारी और संगठन के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जायंट्स बृजभूमि ने गरबा नाइट धूमधाम से मनायी

मथुरा। जायंट्स ग्रुप ऑफ बृजभूमि मथुरा ने स्थानीय होटल में दिनेशचंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में गरबा नाइट कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया। कार्यक्रम में सत्र २०२७ हेतु सर्वसम्मति से राजेश मित्तल को नया अध्यक्ष घोषित कर उन्हें फूल मालाऐं व पटुका पहनाकर बधाइयां व शुभकामनाएं दीं गईं। औरैया में हुए फेडरेशनख्५ के अधिवेशन में अध्यक्ष दिनेशचंद्र अग्रवाल को मिले जायंट्स श्री सम्मान को उन्हें पूर्व अध्यक्षों जगदीश चावला, बृजभूषण कालरा, दुष्यंत अग्रवाल व रामनिवास अग्रवाल ने सौंप कर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाइयां दीं। करवाचौथ बैस्ट सेल्फी हेतु ३४ युगलों को व पंक्चुअलिटी हेतु पुनीत गर्ग, रमनलाल गुप्ता, शशि कालरा, लता अरोड़ा, रानी अग्रवाल को व लकी ड्रा विज. ेताओं अनीता-चेतन प्रजापति को (प्रथम), अनीता-विनोद अग्रवाल को (द्वितीय) व बबिता-संजीव जैन को (तृतीय) पुरस्कार पदाधिकारियों ने देकर सम्मानित किया। कलाकार दीक्षा द्वारा प्रस्तुत फिल्मी गीतों "घूंघट की आड़ से दिलवर का दीदार अधूरा रहता हैष आदि पर वंदना-विजय बंसल, चारु-भूपेंद्र अग्रवाल, अमीता-संजय भटनागर, शिखा-प्रवीन भल्ला, पूनम-अमित गुप्ता, संगीता-बृजेश सिंघल, सुमनलता-अनिल शर्मा, दीपा-मनोज शर्मा, शैली-आशु भाटिया, गुंजन-संजय जॉली, सीमा अमित चुग आदि ने समूह गरबा नृत्य कर धमाल किया। एंकर गौरव ने हाऊजी खिलवायी जिसके विजेताओं को अर्चना अग्रवाल, नीता मित्तल, रेनू चावला, अंतिमा गर्ग व जितेंद्र सिंह ने नकद धनराशि पुरस्कार में देकर धनलक्ष्मी वर्षा की जिससे सभी के चेहरों पर खुशियों भरी मुस्कान खिल उठी। संचालन संजीव जैन ने किया। अंत में दिनेशचंद्र अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में राजकुमार अरोड़ा, रवि अरोड़ा, जगदीश तोमर, शकुल मित्तल आदि थे।

त्वरित, सस्ता, सुलभ न्याय प्रत्येक नागरिक का नैतिक अधिकार है : जिला न्यायाधीश विनय कुमार

मेला श्रीदाऊजी महाराज पांडाल में मेगा वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का हुआ आयोजन





■ **विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को किया लाभान्वित**

■ **दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित कर किया लाभावंित**

हाथरस। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हाथरस के तत्वावधान में श्रीदाऊजी महाराज मेला पाण्डाल पदम श्री काका हाथरसी स्मृति मंच में मेगा वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन जिला न्यायाधीश विनय कुमार की अध्यक्षता तथा जिलाधिकारी सत्यप्रकाश पटेल, पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा सहित अन्य अपर जनपद न्यायाधीश व अधिकारयों की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

जिला न्यायाधीश, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अपर जनपद न्यायाधीश ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया तथा कन्या इंटर कालेज पुरदिलनगर की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और कन्या इंटर कालेज की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। स्वागत की कड़ी में मंच पर उपस्थित जिला न्यायाधीश सहित उपस्थित अधिकारियों का स्वागत पौधा भेंटकर किया गया। इस मौके पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनु चौधरी ने कार्यक्रम की रूप रेखा तथा आयोजित मेगा शिविर के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सुरजोबाई कन्या इंटर कालेज की छात्राओं ने नशा मुक्ति पर आधारित नुक्कड नाटक के माध्यम से नशा न करने तथा नशे से होने वाले दुष्प्रभाव एवं दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया। कन्या इंटर कालेज सासनी की छात्राओं ने लोक नृत्य पर मनमोहक प्रस्तुति दी। विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के दौरान न्यायाधीशगण, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों द्वारा विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित 600 स्वयं सहायता समूहों को सीआईएफआरएफ स्टार्टअप के अंतर्गत 961 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए तथा कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को भी लाभान्वित कर सम्मानित किया गया। कृषि एवं उद्यान विभाग के माध्यम से उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषकों को सम्मानित किया गया। कृषि यंत्रीकरण योजना के अंतर्गत हार्वेस्टर एवं कंबाइन हार्वेस्टर ने लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। वहीं, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित कर लाभावंित किया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश ने कहा कि मेगा शिविर के माध्यम से आम नागरिकों, गरीबों एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने के साथ कोई भी व्यक्ति आर्थिक तंगी के कारण न्याय पाने से वंचित नहीं रहना चाहिए। जरूरतमंद एवं पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराना जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अधिवक्ता की फीस देने में सक्षम नहीं हैं, वे जिला न्यायालय परिसर स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही कोर्ट फीस से संबंधित कानूनी प्रावधानों की भी जानकारी दी गई, ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके।

उन्होंने कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति लोगों को जागरूक करने की अपील की। बच्चों को नशे एवं बुरी संगत से दूर रखने के संबंध में अभिभावकों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों की संगत एवं गतिविधियों पर नजर रखना आवश्यक है, जिससे उनका भविष्य सुरक्षित एवं उज्ज्वल बनाया जा सके। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों एवं नशामुक्ति का संदेश प्रसारित किए जाने की भी सराहना की गई।

जिलाधिकारी सत्यप्रकाश पटेल ने कहा कि जिला विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन को उनके विधिक अधिकारों एवं विभिन्न नियमों के प्रति जागरूक करना, जरूरतमंद लोगों को विधिक सहायता उपलब्ध कराना तथा शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक विधिक एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाना है। शिविर के दौरान चयनित लाभार्थियों को भी सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया।

इस मौके पर समस्त अपर जनपद न्यायाधीश, जिला विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी पुलिस, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, हाथरस बार एसोशिएशन के अध्यक्ष, अधिवक्ता, सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी, लाभार्थी, जन सामान्य, विभिन्न आदि उपस्थित रहे।

वोट बचाओ, देश बचाओ' रैली में हाथरस से कांग्रेसजनों ने किया प्रतिभाग



हाथरस। दिल्ली में 1 नवंबर को आयोजित 'वोट बचाओ, देश बचाओ' रैली में शामिल होने के लिए हाथरस से जिला कांग्रेस अध्यक्ष विवेक उपाध्याय के नेतृत्व में 500 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ता विभिन्न वाहनों से दिल्ली के लिए रवाना हुए। इसके अतिरिक्त बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता अपने-अपने निजी वाहनों से भी दिल्ली पहुंचकर रैली में शामिल हुए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा लोकतंत्र, संविधान और जनता के मताधिकार की रक्षा के लिए उठाई जा रही आवाज के समर्थन में हाथरस के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ दिल्ली कूच किया। रैली को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। हाथरस से कांग्रेसजनों की यह भागीदारी संगठन की एकजुटता, सक्रियता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक रही। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विवेक उपाध्याय ने कहा कि राहुल गांधी लगातार लोकतंत्र, संविधान और जनता के वोट के अधिकार की रक्षा की आवाज बुलंद कर रहे हैं। वोट केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा है। प्रत्येक नागरिक के मताधिकार का सम्मान और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित होना बेहद जरूरी है। 'वोट बचाओ, देश बचाओ' रैली इसी लोकतांत्रिक संकल्प को मजबूती देने का महत्वपूर्ण अवसर है। हाथरस से 500 से अधिक कार्यकर्ताओं का दिल्ली के लिए रवाना होना हमारे संगठन की ताकत, एकजुटता और कार्यकर्ताओं के समर्पण का प्रमाण है। इसके अतिरिक्त बड़ी संख्या में साथी अपने निजी वाहनों से भी दिल्ली पहुंच रहे हैं। कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता जनता के अधिकारों, संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा से प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का संघर्ष देश के प्रत्येक नागरिक के वोट के सम्मान, निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया और लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती के लिए है। जनता की आवाज को बुलंद करना और उसके अधिकारों की रक्षा करना कांग्रेस की प्राथमिकता है।

दिल्ली रैली के लिए रवाना हुए कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में मथुरा प्रसाद कुशवाह, अब्बास हुसैन, कपिल सिंह, श्रीकृष्ण एडवोकेट, रितेश कुमार, रिकू प्रधान, सान्तुन ठाकुर, अशोक गुप्ता, ब्रह्मदेव शर्मा, देवेंद्र शर्मा, राहुल कुशवाह, हरिओम शर्मा, नेमपाल कुशवाह, राय साहब, अखलाक भारती, नावेद खान, हसीन खान, प्रदीप जादोन, सारिक वारसी, राशिद खान, अमन सिद्दीकी, तौफीक, चाहत, गिरीश दिवाकर, गौरव कश्यप, अर्जुन, धीरेन्द्र बघेल, आशु गुप्ता सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

स्पीड ब्रेकर बनवाने एवं स्पीड बोर्ड लगवाने की मांग को लेकर नागरिकों ने बनाई मानव श्रंखला

हाथरस। अलीगढ़ रोड स्थित लेबर कालोनी के लोगों ने अपनी मांगों को लेकर मानव श्रृंखला बनाई। स्थानीय लोगों ने डीएम एवं एसपी से मांग की है कि कॉलोनी के बाहर रोड पर स्पीड ब्रेकर बनवाए जायें एवं स्पीड बोर्ड लगवाए जाऐं, जिससे आए दिन हो रही दुर्घटनाओं पर रोक लग सके। अलीगढ़ रोड स्थित लेवर कालोनी के जनमानस सड़क पर मानव श्रृंखला के तौर पर उतर आये और सभी लोग श्रृंखला में अपने हाथों में बैनर लेकर खड़े हुए थे और हाथरस के जिला अधिकारी से मांग कर रहे थे कि आबादी क्षेत्र लेबर कालोनी पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए स्पीड ब्रेकर, स्पीड बोर्ड एवं कई तेजी से आने वाले वाहनों की स्पीड 30 अनिवार्य की जाये। लोगों के बैनरों पर भी लेवर कालोनी अलीगढ़ रोड पर होती सड़क दुर्घटनाओं के विरोध में अधिक गति मौत को बुलावा, आए दिन एक्सीडेंट व बेकसुर लोगों की मौतें लिखा हुआ था। अब देखना यह होगा कि हाथरस के जिला अधिकारी इस मामले में क्या संज्ञान लेते हैं। क्या लेवर कालोनी आबादी क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रशासन कोई अहम कदम उठा पाएगा यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

डीएम, एसपी ने पीईटी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



हाथरस। जिलाधिकारी सत्यप्रकाश पटेल ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा। पीईटी-2026 के परीक्षार्थियों के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा पीईटी-2026 को कुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी सत्यप्रकाश पटेल ने पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के साथ रविवार को तृतीय दिवस की प्रथम पाली में आयोजित परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र श्री सीएलआरएन सेकसरिया इण्टर कालेज का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम में पहुंचकर परीक्षा कक्षों में लगे कैमरों के माध्यम से परीक्षा प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा परीक्षा कक्ष में पहुंचकर परीक्षा दे रहे अभ्यर्थियों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा की निगरानी व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने तथा परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक अभ्यर्थी का बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने परीक्षा केंद्र पर तैनात अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि उन्हें परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा की शुचिता, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

गोरखपुर में सम्मानित होकर लौटे डा. मोहित अग्निहोत्री का किया सम्मान



हाथरस। गोरखपुर में प्रतिष्ठित बेस्ट क्लीन इनिशिएटिव अवार्ड से सम्मानित होने के उपरांत, शहर के जाने-माने फिजियोथेरेपिस्ट डा़मोहित अग्निहोत्री का हाथरस के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस गौरवमयी उपलब्धि पर शहर के प्रबुद्धजनों ने उनसे भेंटकर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। डा़अग्निहोत्री को बधाई देने वालों में मुख्य रूप से राजू वार्ष्णेय एडवोकेट, देवदत्त सारस्वत, प्रहलाद सिंह चौहान, धर्मवीर सिंह गहलोत और अमर सिंह तोमर उपस्थित रहे। इन सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं ने डा़अग्निहोत्री की इस उपलब्धि पर गहरी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और इसे पूरे हाथरस जनपद के लिए अत्यंत गौरव का विषय बताया। इस सम्मान के अवसर पर डा़मोहित अग्निहोत्री की ओर से भी सभी उपस्थित गणमान्य अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। सभी उपस्थित लोगों को प्रतीक चिह्न भेंटकर, दुपट्टा व फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया तथा मिठाई खिलाकर इस ऐतिहासिक उपलब्धि की खुशी साझा की गई।

नेकी की दुकान ने निर्धन परिवारों को दी राशन सामिग्री




हाथरस। नेकी की दुकान संस्था द्वारा दीपावली के उपलक्ष में, आर्य समाज, सासनी गेट हाथरस पर पूर्व में निर्धारित निर्धन एवं पात्र परिवारों को राशन सामिग्री, खील बतासे, मिष्ठान एवं वस्त्र आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा़अनीता शर्मा द्वारा किया गया तथा अध्यक्षता मुकेश कुमार जैन द्वारा की गई। कार्यक्रम में संस्था के महेन्द्र लांबा, मुकेश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, केके शर्मा, पुष्पांकर जैन, हरी राम वार्ष्णेय, जनप्रिय उपाध्याय, निरंजन लाल वर्मा आदि ने सहयोग किया एवं अभिमन्यु भारद्वाज, दीपक राणा, अखिलेश गुप्ता, सुरेश चंद्र गुप्ता, विजय कुमार जैन लोहिया का विशेष सहयोग रहा तथा गोपाल कृष्ण उपाध्याय फौजी साहब, राम शरण शर्मा, वीरेन्द्र गुप्ता, शीलू जैन, राजकुमार जैन, यतीश जैन, संजीव जैन, विजय जैन, डा़मोहित अग्निहोत्री, बुद्वसेन आर्य, सुरेश अग्रवाल, किशन लाल वर्मा, महेश वर्मा, राम कुमार शर्मा, राकेश बंसल, अतुल आंधीवाल एडवोकेट, श्रीकृष्ण शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

पूर्व पीएम चैधरी चरण सिंह प्रतिमा स्थल की मरम्मत कराने पहुंचे बसपा नेता, पुलिस ने रुकवाया काम

नगर पंचायत बजट का हवाला देकर पुलिस ने रोका कार्य, बसपा कार्यकताओं में आक्रोश

सादाबाद। महीनों से बदहाली का दंश झेल रहे मथुरा अड्डा तिराहा स्थित किसान मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चैधरी चरण सिंह के प्रतिमा स्मारक स्थल की सुध लेने पहुंचे बसपा नेता डॉ. अविन शर्मा को उस समय विरोध का सामना करना पड़ा, जब उन्होंने अपने निजी खर्चे से स्मारक की मरम्मत का कार्य शुरू कराया। रविवार सुबह मजदूरों ने काम शुरू ही किया था कि पुलिस मौके पर पहुंच गई और नगर पंचायत की शिकायत तथा प्रस्तावित सरकारी बजट का हवाला देते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया। इस कार्रवाई से बसपा कार्यकताओं और चैधरी चरण सिंह के अनुयायियों में आक्रोश फैल गया। देखते ही देखते काफी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए। गौरतलब है कि मथुरा अड्डा तिराहे पर स्थित चैधरी चरण सिंह प्रतिमा स्मारक स्थल पिछले कई महीनों से उपेक्षा का शिकार है। स्मारक की दो तरफ की बाउंड्रीवॉल टूटी पड़ी है और प्रतिमा स्थल की साफ-सफाई पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्मारक की बदहाल स्थिति को देखते हुए लोगों द्वारा लगातार इसकी मरम्मत और सौंदर्यीकरण की मांग उठाई जा रही थी। बसपा नेता डॉ. अविन शर्मा ने शनिवार को प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर जायजा लिया और रविवार सुबह अपने निजी खर्चे से मरम्मत कार्य शुरू करा दिया। निर्माण सामग्री भी मौके पर पहुंच गई थी और मजदूरों ने काम शुरू कर दिया था। इसी दौरान पुलिस मौके पर पहुंची और कार्य रुकवा दिया। सूचना मिलने पर डॉ. अविन शर्मा भी मौके पर पहुंच गए। उपनिरीक्षक अंकित चैधरी ने उन्हें बताया कि नगर पंचायत चेयरमैन की शिकायत पर कार्य रुकवाया गया है। पुलिस का कहना था कि स्मारक की मरम्मत के लिए नगर पंचायत से बजट स्वीकृत हो चुका है और जल्द ही सरकारी स्तर से कार्य कराया जाएगा। इस पर डॉ. अविन शर्मा ने नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्होंने जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए किसान मसीहा चैधरी चरण सिंह के स्मारक की मरम्मत का बीड़ा उठाया था। ऐसे जनहित के कार्य को रुकवाना गलत है और यह लोगों की भावनाओं के विपरीत है। चैधरी चरण सिंह किसी एक धर्म या जाति तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वह किसानों और आमजन के नेता थे। इस मामले में चेयरमैन प्रतिनिधि राधारमन अग्रवाल ने बताया कि चैधरी चरण सिंह प्रतिमा स्मारक स्थल का करीब 11 लाख रुपये की लागत से सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया चल रही है और चार से छह दिन में कार्य शुरू करा दिया जाएगा। इसके अलावा मथुरा रोड पर चैधरी चरण सिंह स्मृति द्वार का निर्माण भी प्रस्तावित है, जिस पर करीब 39 लाख रुपये खर्च किए





सादाबाद की सड़कों पर बेखौफ दौड़ रहे चंबल से भरे ओवरलोड ट्रक और डंपर

ओवरलोडिंग से सड़कें हो रहीं जर्जर, हादसों का भी मंडरा रहा खतरा, जिम्मेदार विभागों की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

सादाबाद। सड़कों पर भारी वाहनों की आवाजाही आम बात है, लेकिन जब यही वाहन क्षमता से अधिक भार लेकर दौड़ने लगें तो सड़कें भी दम तोड़ने लगती हैं और लोगों की सुरक्षा पर भी खतरा मंडराने लगता है। सादाबाद क्षेत्र में इन दिनों मकान निर्माण सामग्री व चंबल से भरे ओवरलोड ट्रक और डंपर सड़कों पर बेखौफ दौड़ते नजर आ रहे हैं। इन भारी वाहनों के आवागमन से सड़कों की हालत लगातार बिगड़ रही है। वहीं, तेज रफ्तार और ओवरलोडिंग के चलते कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चंबल से भरे भारी वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक वजन लेकर सड़कों से गुजर रहे हैं। इन वाहनों के लगातार आवागमन से सड़कों पर दबाव बढ़ रहा है और जगह-जगह सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं। पहले से ही खराब स्थिति



वाली सड़कों की हालत ऐसे वाहनों के कारण और बदतर होती जा रही है। इसका खामियाजा आम राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों और स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ रहा है। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि भारी वाहनों के बीच से दोपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को जान जोखिम में डालकर गुजरना पड़ता है। ओवरलोड ट्रकों और डंपरों की चपेट में आने से गंभीर दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। इसके बावजूद इन वाहनों की ओवरलोडिंग पर प्रभावी अंकुश लगता दिखाई नहीं दे रहा है। क्षेत्रीय लोगों ने परिवहन विभाग और प्रशासन से मांग की है कि चंबल से भरे ओवरलोड वाहनों की जांच कराई जाए। निर्धारित क्षमता से अधिक भार लेकर चलने वाले ट्रक और डंपरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि सड़कों को बर्बाद होने से बचाने के साथ ही लोगों की जान-माल की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके।

कोतवाली परिसर में गूंजे मंत्रोच्चार, विधि-विधान से नवनिर्मित मंदिर का हुआ शुभारंभ

विधायक गुड्डू चैधरी और एसपी ने की पूजा-अर्चना, नौ कन्याओं को कराया प्रसाद वितरण

सादाबाद। कोतवाली परिसर में अब पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के साथ-साथ पूजा-अर्चना के लिए भी आस्था का एक सुंदर केंद्र मिल गया है। पुलिस परिवार की ओर से नवनिर्मित मंदिर का शुभारंभ धार्मिक अनुष्ठान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रदीप कुमार सिंह गुड्डू चैधरी, पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा एवं अपर पुलिस अधीक्षक रमाकांत कुशवाहा ने विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना कर मंदिर में स्थापित देवी-देवताओं के दर्शन किए और क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। इस दौरान पट्टिका का अनावरण भी किया गया। मंदिर में भगवान शिव-पार्वती, भगवान गणेश एवं कार्तिकेय, प्रभु श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान जी, श्री राधा-कृष्ण तथा भगवान विष्णु एवं माता लक्ष्मी सहित विभिन्न देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। अतिथियों ने सभी प्रतिमाओं का पूजन कर धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया। इस दौरान मां स्वरूप नौ कन्याओं को प्रसाद वितरित कर उनका आशीर्वाद लिया गया। कोतवाली परिसर में मंदिर का निर्माण पुलिस परिवार के सामूहिक प्रयासों से कराया गया है। इस पुनीत कार्य के लिए प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह के प्रयासों की सराहना की गई। उनके प्रयासों से पुलिस परिसर में श्रद्धा और आस्था का यह सुंदर केंद्र तैयार हुआ है। इस अवसर पर, सीओ योगेंद्र नारायण, कोतवाल विजय सिंह, समाजसेवी धर्मेंद्र गौतम, चैधरी रामअवतार सिंह, अनूप चैधरी सहित ग्राम प्रधान, पुलिसकर्मी एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



पेट्रोल पंप पर अचानक मुड़ी इको कार, बाइक टकराने से युवक गंभीर

सादाबाद। सादाबाद-मथुरा मार्ग पर अरौठा गांव की सीमा में स्थित एचपी पेट्रोल पंप के निकट एक इको कार चालक की लापरवाही दो बाइक सवार युवकों पर भारी पड़ गई। पेट्रोल पंप पर बिना इंडिकेटर दिए अचानक मुड़ी कार के पिछले दरवाजे से बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक पर पीछे बैठे युवक के सिर और पैर में गंभीर चोटें आईं, जबकि बाइक चला रहा उसका मित्र भी घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल युवक का मथुरा के अस्पताल में उपचार चल रहा है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई गई है। इस मामले में सादाबाद कोतवाली में सोहनलाल पुत्र विजेंद्र सिंह निवासी कृष्ण नगर मथुरा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि घटना 25 अक्टूबर 2026 की रात करीब 9.30 बजे की है। उनका बेटा सचिन चैधरी अपने मित्र जगदीप के साथ बाइक से सादाबाद से मथुरा जा रहा था। बाइक जगदीप चला रहा था। जैसे ही उनकी बाइक अरौठा गांव की सीमा में एचपी पेट्रोल पंप के पास पहुंची, तभी आगे चल रही इको कार के चालक ने बिना इंडिकेटर दिए अचानक पेट्रोल पंप की ओर कार मोड़ दी। इससे बाइक कार के पिछले दरवाजे से टकरा गई। हादसे में सचिन के सिर में गंभीर चोट आई और बाएं पैर व पंजे में फ्रैक्चर हो गया, जबकि जगदीप के बाएं पैर के पंजे में गंभीर चोट आई। घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। सचिन की हालत गंभीर होने के कारण उसे मथुरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाल विजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

कूपा में हुई दौड़ प्रतियोगिता में युवाओं ने दिखाया दमखम

रघु सासनी ने मारी बाजी, दानिश सासनी दूसरे और प्रदीप कुमार दाऊजी रहे तीसरे स्थान पर

सादाबाद। क्षेत्र के गांव कूपा में युवाओं की खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 4800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में धावकों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लेते हुए अपनी शारीरिक क्षमता और दमखम का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ युवा नेता साकेत चैधरी ने फीता काटकर किया। दौड़ प्रतियोगिता में रघु सासनी ने



शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दानिश सासनी द्वितीय और प्रदीप कुमार दाऊजी तृतीय स्थान पर रहे। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार राशि, ट्रॉफी एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। आयोजन में लवकुश, छोटू रेसर, राहुल, आरके चैधरी, योगेंद्र शर्मा, सूरज चैधरी, शुभम शर्मा, अभय शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

जनपद न्यायालय परिसर में मेगा विधिक शिविर में उमड़ा जनकल्याण का सैलाब

एक दिन में 1,080 और अभियान के दौरान 2.19 लाख से अधिक लाभार्थियों को मिला योजनाओं का लाभ

फिरोजाबाद। जनपद न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का भव्य आयोजन किया गया। शिविर में एक ही मंच से 1,080 लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया, जबकि अभियान के प्रारंभ से आयोजन दिवस तक कुल 2,19,650 लाभार्थियों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा चुका है। कार्यक्रम में जरूरतमंदों को चेक, आवास की चाबियां, ट्राइसाइकिल, श्रवण यंत्र, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं के प्रमाण पत्र एवं सहायता सामग्री वितरित की गई। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार-ष्ण, जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री



योगेश शिवा सहित न्यायिक अधिकारी, बार एसोसिएशन के पदाधिकारी, अधिवक्ता एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार-ष्ण ने कहा कि ऐसे शिविर समाज के जरूरतमंद एवं वंचित वर्गों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सचिव योगेश शिवा ने निःशुल्क विधिक सहायता एवं विधिक जागरूकता के बारे में जानकारी देते हुए लोगों से जरूरत पड़ने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की मदद लेने का आह्वान किया। शिविर में पंचायती राज विभाग की ओर से रामू कुमार, अनीता, अंजू देवी, दीपमाला, विमला देवी, आशा देवी एवं रामनरेश को स्वच्छ भारत मिशन के तहत व्यक्तिगत शौचालय के प्रमाण पत्र दिए गए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत डोली, निर्मला देवी, रश्मि, शांति देवी, सुनीता देवी, गीता, रूपा, रीता, आशा एवं संगीता को स्वयं सहायता समूहों के लिए



आरएफ/सीआईएफ डेमो चेक प्रदान किए गए। जिला उद्योग एवं प्रोत्साहन केंद्र की ओर से जयराम सिंह, अमर बहादुर, अभिषेक चैहान, सत्यवान सिंह एवं उदय यादव को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत चेक वितरित किए गए। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने अमर सिंह, कुसुम लता, रामगोपाल, हरिचंद्र एवं भगवान सिंह को शादी अनुदान योजना के प्रमाण पत्र दिए। मत्स्य पालन विभाग की ओर से रामू, देवेंद्र, सुरेश चंद्र एवं केदार सिंह को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। उद्यान विभाग ने सत्यपाल, पुत्तू लाल, लक्ष्मी, नारायण, पातीराम एवं कन्हैयालाल को एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अंतर्गत लाभान्वित किया। श्रम विभाग की ओर से गौरव कुमार, लोकेंद्र सिंह एवं सुंदर सिंह को मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना तथा अशोक कुमार, श्रीकृष्ण, रमेश चंद्र, नीलम देवी एवं कपूरी देवी को कन्या विवाह सहायता योजना का लाभ दिया गया। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से नीति दुबे को कक्षा आठ से संबंधित तथा ललित कुमार को टीएलएम किट प्रदान की गई, जबकि रंजना, मानसी एवं जयकांत को ब्रेल किट वितरित की गई। स्वास्थ्य विभाग ने नीतू, प्रेमलता, राधा, दुर्गा एवं जय बक्शी को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए। बाल सेवा योजना के अंतर्गत नव्या, साधना, अंशुल एवं जानवी चैहान को प्रमाण पत्र दिए गए। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से जगदीश प्रसाद, सुरेश चंद, सुमन, सुनीता देवी एवं हरिशंकर को ट्राइसाइकिल तथा सुरेश चंद्र, मछला देवी, मोहनलाल एवं शैलेंद्र कुमार को श्रवण यंत्र एवं अन्य सहायक उपकरण वितरित किए गए। कौशल विकास मिशन के तहत निशा, रहनुमा, पीयूष दीक्षित, प्रेमचंद, गुड़िया, रजत आनंद, संदीप, शिफा वारसी, राहुल एवं दिव्या को टेलीकॉम ग्रामीण उद्यमी कोर्स से संबंधित प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। शिविर में विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉलों पर लोगों को योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं सरकारी सुविधाओं की जानकारी दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक जागरूकता का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम ने विधिक जागरूकता के साथ सरकारी योजनाओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाने और समाज के कमजोर वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने का संदेश दिया।

आकांक्षा समिति की अध्यक्षा नेहा शर्मा ने अपना घर आश्रम में बांटी खुशियां

संवासियों को मिठाई और उपहार देकर जाना हाल





फिरोजाबाद। आकांक्षा समिति की अध्यक्षा नेहा शर्मा ने स्थानीय अपना घर आश्रम पहुंचकर अनाथ एवं असहाय संवासियों के साथ आत्मीय पल बिताए। उन्होंने संवासियों का हालचाल जाना और मिठाई, उपहार एवं अल्पाहार वितरित कर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरी। इस दौरान उन्होंने संवासियों के जीवन के अनुभवों और समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना। नेहा शर्मा ने कहा कि सहानुभूति और अपनापन ही जीवन का सबसे बड़ा सहारा है। किसी के दुख को सुनना और उसे अपना समझना भी बड़ी सेवा है। उन्होंने आश्रमवासियों को हरसंभव सहयोग देने तथा आश्रम की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने का भरोसा दिलाया। आश्रम प्रबंधन ने उनकी इस आत्मीय पहल के लिए आभार जताया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी सीमा पांडे, समाज कल्याण अधिकारी राजमती एवं शान्वी शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

पॉलिसी के नाम पर करोड़ों की साइबर ठगी का खेल बेनकाब, आगरा के पांच शातिर गिरफ्तार;

50 से अधिक बैंक खातों से निकाले एक करोड़ रुपये साइबर सेल, थाना दक्षिण पुलिस की सफलता





फिरोजाबाद। इंश्योरेंस पॉलिसी के नाम पर आम लोगों से साइबर ठगी करने वाले अंतरजनपदीय गिरोह का साइबर सेल और थाना दक्षिण पुलिस ने पदार्फाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरोह फर्जी आधार कार्ड और फर्मों के जरिए अलग-अलग बैंकों में म्यूल खाते खुलवाकर ठगी की रकम चेक व एटीएम से निकालता था। पुलिस के मुताबिक, गिरोह अब तक 50 से अधिक बैंक खातों के माध्यम से एक करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम निकाल चुका है। आरोपियों से जुड़े खातों पर 70 से अधिक एनसीआरपी शिकायतें भी दर्ज हैं। थाना दक्षिण पर वार्ता के दौरान सीओ सिटी संतोश कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 10 मोबाइल फोन, 17 सिमकार्ड, 10 चेकबुक, 10 पासबुक, आठ एटीएम कार्ड, सात आधार कार्ड, पांच पैन कार्ड, लेनदेन का हिसाब रखने वाली डायरी और एक किआ सोनेट कार बरामद की है। एसएसपी आदित्य लांग्हे के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सीएल जैन इंटर कॉलेज के पास सर्विस रोड पर घेराबंदी कर कार सवार पांचों आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में अजीत प्रताप उर्फ बंटू, राजू कुमार, ऐदल सिंह, महेंद्र कुमार और सुरेश शामिल हैं। पुलिस के अनुसार गिरोह का सरगना अजीत नए लोगों को तलाशकर उनके आधार और पैन कार्ड में नाम-पता बदलवाता था। इसके बाद फर्जी फर्मों के नाम पर विभिन्न शहरों में बैंक खाते खुलवाए जाते थे। राजू कुमार ने सुहागनगर में श्री गणेश ट्रैवल्स एंड कार्गो नाम से फर्म बनाकर कई बैंकों में करंट खाते खुलवाए थे।

इन्हीं खातों में साइबर ठगी की रकम मंगवाकर चेक और एटीएम के जरिए निकाली जाती थी। रकम निकालने वाले सदस्य अपना कमीशन काटकर शेष धनराशि सरगना को सौंप देते थे। पुलिस के मुताबिक ठगी की रकम से ही फर्जी पते पर किआ सोनेट कार खरीदी गई थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई की है। साथ ही गिरोह के बैंक खातों और अन्य साइबर ठगी की घटनाओं की जांच की जा रही है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि पॉलिसी, बोनस अथवा अन्य लालच में आकर किसी अनजान फोन कॉल या लिंक पर भरोसा न करें और अपने आधार, पैन, बैंक खाते अथवा सिमकार्ड की जानकारी किसी से साझा न करें। साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 पर कॉल करें। साइबर सेल टीम संग थाना प्रभारी दक्षिण योगेंद्र पाल सिंह संग उनकी टीम का सराहनीय कार्य रहा।

भारतीय संस्कृति और रामकाव्य की वैश्विक महत्ता पर डीएम संतोष कुमार शर्मा ने छात्राओं को किया प्रेरित



फिरोजाबाद। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिरसागंज में संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी ह्यभारतीय रामकाव्य परंपरा, संस्कृति और वैश्विक परिप्रेक्ष्यह्ण के प्रथम दिन चतुर्थ सत्र में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्राचार्य डॉ. कांति शर्मा ने जिलाधिकारी का अंगवस्त्र पहनाकर एवं स्मृति चिह्न भेंटकर स्वागत किया, जबकि उपजिलाधिकारी सिद्धार्थ पाठक का स्वागत प्रोफेसर राधेश्याम ने किया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझने और जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान में पूर्व निदेशक के रूप में किए गए कार्यों के अनुभव भी साझा किए। इस दौरान डॉ. स्नेहलता एवं सरगम कला केंद्र की टीम ने रामकथा और राम भजनों पर आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। मुख्य वक्ता डॉ. अनुपम सिंह, डॉ. चंद्रपाल एवं डॉ. आशुतोष राय ने रामकाव्य की परंपरा और सांस्कृतिक महत्ता पर विचार रखे। कार्यक्रम में डॉ. राधेश्याम सिंह, डॉ. सुरेश चंद्र, डॉ. अभिषेक प्रकाश, डॉ. कृष्ण मोहन पाठक, डॉ. सनी कुमार वर्मा, डॉ. सोनल भार्गव एवं श्री अतुल भदौरिया सहित विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षक, शोधार्थी और छात्राएं मौजूद रहे।

मोबाइल चोरी करने वाले पांच शातिर गिरफ्तार, छह मोबाइल बरामद



फिरोजाबाद। थाना रसूलपुर पुलिस ने मोबाइल चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के छह मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में वारिस, अयान, अरमान उर्फ पंजी, सोमिल और फैशल शामिल हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना रसूलपुर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर एक नवंबर को भारत टाकीज के सामने बिजलीघर के पास चेकिंग के दौरान पांचों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, तीन मोबाइल थाना रसूलपुर में दर्ज चोरी के तीन मुकदमों से संबंधित हैं, जबकि तीन मोबाइल अन्य स्थानों से चोरी किए गए थे। अन्य स्थानों से चोरी हुए मोबाइल की बरामदगी के आधार पर पुलिस ने एक और मुकदमा दर्ज किया है।

मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में उमड़ी मरीजों की भीड़, 69 स्वास्थ्य केंद्रों पर 1,144 लोगों को मिला निःशुल्क उपचार



फिरोजाबाद। जनपद में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिले के 69 प्राथमिक एवं नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मेले में कुल 1,144 मरीजों का पंजीकरण कर उन्हें स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। इनमें 524 पुरुष, 462 महिलाएं और 158 बच्चे शामिल रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में आयोजित आरोग्य मेले में 184 स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी सेवाएं दीं। मेले में बुखार, सर्दी-जुकाम, खांसी, त्वचा रोग, पेट संबंधी एवं मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श के साथ आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। इसके अलावा 392 मरीजों को टेलीमेडिसिन के माध्यम से चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने मेले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, नियमित टीकाकरण, क्षय रोग उन्मूलन, संचारी एवं गैर संचारी रोगों की रोकथाम, आयुष्मान भारत योजना, आभा आईडी, मानसिक स्वास्थ्य, कुष्ठ रोग, नेत्र एवं मुख स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा पोषण संबंधी योजनाओं की जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया। गर्भवती महिलाओं, बच्चों, किशोर-किशोरियों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर विशेष जोर दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने संबंधित चिकित्सा अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक मरीज को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई, पंजीकरण और गंभीर मरीजों को उच्च चिकित्सा केंद्रों पर रेफर करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। स्वास्थ्य विभाग ने जनपदवासियों से प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

फिरोजाबाद के कांग्रेसियों ने दिल्ली रामलीला मैदान में भरी हुंकार



फिरोजाबाद। दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित ह्यवोट बचाओ-देश बचाओह्ण विशाल मार्च एवं महारैली में फिरोजाबाद से 200 से अधिक कांग्रेसियों ने भाग लिया। मिंटो रोड से रामलीला मैदान तक निकाले गए मार्च में देशभर से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। महारैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी सहित इंडिया गठबंधन के नेताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग उठाई और कहा कि जब तक उन्हें नहीं हटाया जाएगा, आंदोलन जारी रहेगा। नेताओं ने केंद्र सरकार पर वोट चोरी के जरिए युवाओं के भविष्य, बच्चों की शिक्षा, महिलाओं के सम्मान तथा किसानों के हितों को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे पर बड़ा आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी। महारैली में फिरोजाबाद से जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव, वरिष्ठ नेता हाजी सईद पटेल, जिला उपाध्यक्ष राजवीर सिंह यादव, जितेंद्र तिवारी, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजय यादव, सुमति कुमार यादव, शांति दास, संग काफी कांग्रेसी रहे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने लगाया मेगा शिविर

पात्र लाभार्थियों को दी गईं जनकल्याणकारी योजनाओं की सौगात

कासगंज। जनपद के बारह पत्थर मैदान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में बृहद विधिक साक्षरता शिविर (मेगा शिविर) का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य समाज के गरीब, निर्धन, दिव्यांगजन एवं जरूरतमंद लोगों को शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना तथा उन्हें उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा।

मेगा शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान योजनाओं के लिए पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन किया गया तथा उन्हें संबंधित योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही विभिन्न विभागों की ओर से संचालित योजनाओं के पात्र लोगों को लाभान्वित भी किया गया। शिविर में लोगों को उनके कानूनी अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता तथा न्याय प्राप्त करने के उपलब्ध माध्यमों के बारे में भी जानकारी दी गई। अधिकारियों ने पात्र लोगों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने और किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या होने पर विधिक सेवा प्राधिकरण से सहायता प्राप्त करने की अपील की। इस दौरान जिला जज रामेश्वर सिंह ने बताया कि यह शिविर सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाना और जानकारी देना जिससे जनता का लाभ हो। इस लिए शिविर लगाया गया है और शिविर के दौरान संबंधित विभागों के स्टॉल लगे है जिससे जनता जागरूक हो और सरकार की योजनाओं का लाभ ले सके। इस अवसर पर जिला जज रामेश्वर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट खान जीशान मसूद, अपर जिला जज रत्नेश कुमार श्रीवास्तव, शालिनी विधेय सहित अन्य न्यायिक अधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी वीरेन्द्र सिंह और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

आवारा सांड ने किसान को पटक-पटक कर किया घायल, एटा मेडिकल कॉलेज रेफर

समोठी रोड पेट्रोल पंप के पास बैलगाड़ी से खेत जा रहे युवक पर हमला, ग्रामीणों में आक्रोश

कासगंज। सिढ़पुरा क्षेत्र में आवारा पशुओं का आतंक लोगों के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। रविवार सुबह समोठी रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास खेत जा रहे एक किसान पर आवारा सांड ने हमला कर दिया। सांड ने युवक को कई बार सींगों से पटककर गंभीर रूप से घायल कर दिया। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह सांड को भगाकर युवक की जान बचाई। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज एटा रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, ग्राम पियरी निवासी मोहित कुमार (28) पुत्र रामस्वरूप रविवार सुबह करीब 10 बजे बैलगाड़ी से खेत जा रहे थे। समोठी रोड पर पेट्रोल पंप के पास अचानक झाड़ियों से निकले सांड ने बैलगाड़ी पर हमला कर दिया। टक्कर लगने से मोहित सड़क पर गिर पड़े। इसके बाद सांड ने उन पर लगातार सींगों से वार किए। शोर सुनकर खेत में मौजूद पिता रामस्वरूप और अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। हमले में मोहित के पैर, जांघ, कमर और घुटनों में गंभीर चोटें आईं।

यहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए एटा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घटना से ग्रामीणों में रोष है। उन्होंने प्रशासन से आवारा पशुओं को पकड़कर गोशालाओं में भिजवाने और क्षेत्र में अभियान चलाने की मांग की है।

मोबाइल चोरी करने वाला आरोपी कुछ ही घंटों में गिरफ्तार

जीआरपी पुलिस ने प्लेटफार्म नंबर एक से दबोचा, 26 हजार रुपये कीमत का चोरी का मोबाइल बरामद

कासगंज। स्थानीय जंक्शन रेलवे स्टेशन परिसर में ट्रेन यात्री का मोबाइल चोरी करने वाले आरोपी को जीआरपी थाना पुलिस ने कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया 26 हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया।

पुलिस के अनुसार, रविवार सुबह उत्तम शाक्य पुत्र रामबाबू निवासी रायपुर खास, थाना कायमगंज, जनपद फरुर्खाबाद ने जीआरपी थाने में मोबाइल चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि वह अपनी वृद्ध मां का इलाज कराकर वृंदावन (मथुरा) से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान कासगंज रेलवे स्टेशन पर उन्हें नींद की झपकी लग गई। तभी किसी अज्ञात चोर ने उनका मोबाइल फोन चोरी कर लिया। शिकायत मिलने के बाद जीआरपी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने सटीक जानकारी के आधार पर प्लेटफार्म नंबर एक से पिन्टू उर्फ पंकज पुत्र सूरजपाल उर्फ पप्पू बघेल निवासी धर्मपुर, थाना पटियाली को गिरफ्तार कर लिया।

तलाशी के दौरान उसके कब्जे से चोरी किया गया मोबाइल फोन बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी का आपराधिक इतिहास भी खंगाला है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष कोमल कुंतल, एसआई अशोक कुमार, मुख्य आरक्षी राजीव, आरक्षी वीरेश कुमार और आकाश फौजदार शामिल रहे।

गंजडुंडवारा पुलिस ने चोरी के जेवर समेत दो आरोपी पकड़े

कासगंज। गंजडुंडवारा कोतवाली में दर्ज चोरी के मामले में अग्रिम कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चोरी के जेवर बरामद किए हैं। गंजडुंडवारा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चमन कुमार गोस्वामी ने बताया कि गत दिनों चोरी के संबंध में कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू की। प्रकरण में पुलिस ने सटीक जानकारी पर वांछित आरोपी किशन पुत्र रामौतार, गोपाल पुत्र रामौतार निवासीगण सुजरई थाना अमांपुर को बम्बे के किनारे से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से पुलिस ने चोरी के जेवर कए सोने के एक जोड़ी मंगल सूत्र, चांदी के एक जोड़ी हथफूल, एक जोड़ी तोड़िया, एक जोड़ी करधनी बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों का आपराधिक इतिहास जुटाया है। अग्रिम कार्रवाई करते हुए आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है।

ट्रेन की बोगी में मिला 55 वर्षीय अज्ञात वृद्ध का शव, स्टेशन पर मचा हड़कंप

सुबह सफाई के दौरान कर्मचारियों ने देखा शव, जीआरपी ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा

कासगंज। रेलवे स्टेशन पर खड़ी लखनऊ इंटरसिटी एक्सप्रेस की एक बोगी में रविवार सुबह अज्ञात वृद्ध का शव मिलने से रेलवे प्रशासन में खलबली मच गई। ट्रेन की सफाई के दौरान कर्मचारियों की नजर शव पर पड़ी तो उन्होंने तत्काल इसकी सूचना जीआरपी को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक ट्रेन संख्या 15311 लखनऊ इंटरसिटी एक्सप्रेस शनिवार रात करीब 11:30 बजे ऐशबाग से कासगंज रेलवे स्टेशन पहुंची थी। स्टेशन पर पहुंचने के बाद ट्रेन को नियमित प्रक्रिया के तहत यार्ड में खड़ा कर दिया गया। रविवार सुबह रेलवे कर्मचारी बोगियों की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान एक बोगी में करीब 55 वर्षीय वृद्ध का शव पड़ा दिखाई दिया। अचानक शव मिलने की खबर से स्टेशन पर मौजूद कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर जीआरपी पुलिस पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मृतक की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। इसके लिए आसपास के थानों और अन्य संबंधित माध्यमों से जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही वृद्ध की मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

चोरी की घटना में वांछित आरोपी जेवरात व फरसा समेत गिरफ्तार

कासगंज। सोरों कोतवाली में दर्ज चोरी की घटना के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक जोडी पायल, एक कमर कंधनी व घटना में प्रयुक्त किया गया फरसा बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है। सोरों कोतवाली प्रभारी निरीक्षक लोकेश भाटी ने बताया कि कोतवाली में दर्ज चोरी की घटना में वांछित आरोपी रज्जो उर्फ राजेश पुत्र महाराज सिंह निवासी पैसोई थाना सोरों को पुलिस ने सलेमपुर बीबी के निकट से गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए जेवरात में से एक जोड़ी पायल व एक कमर कन्धनी, घटना में प्रयुक्त एक लोहे का फर्सा बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी का आपराधिक इतिहास भी जुटाया है।

आंकड़े वास्तविक होने चाहिए, कागजी खानापूर्ति न हो: मंडलायुक्त

❐ अतिकुपोषित बच्चों की समय से पहचान कर एनआरसी में भर्ती कराएं,
❐ अगले छह माह में पोषण स्तर में सुधार को तैयार की विस्तृत कार्ययोजना दें अफसर

अलीगढ़। मंडलायुक्त ओपी. आर्य की अध्यक्षता में मंडलायुक्त सभागार में एनीमिया मुक्त भारत, स्वस्थ महिला-स्वस्थ गर्भावस्था, स्वस्थ शिशु एवं पोषण वॉरियर्स-2 कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें मंडलायुक्त ने महिलाओं, बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और देखभाल से जुड़ी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा इनके परिणाम धरातल पर करने के निर्देश दिए।



उन्होंने ने कहा कि गर्भवती, धात्री महिलाओं और जन्म से तीन साल तक के बच्चों का निर्धारित समय पर नियमित गृह भ्रमण करें। भ्रमण में उनके स्वास्थ्य, पोषण की स्थिति का आकलन कर आवश्यक परामर्श, स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण संबंधी जानकारी, विभागीय सेवाएं उपलब्ध कराई। उन्होंने कहा कि मातृ-शिशु स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल के लिए विभागीय समन्वय और नियमित निगरानी अत्यंत जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि समीक्षा बैठकों में पेश करने वाले आंकड़े तथ्यात्मक, अद्यतन एवं वास्तविक होने चाहिए। केवल कागजी प्रगति से संतुष्ट होने के बजाय सभी जिले में स्वास्थ्य, पोषण संकेतकों में वास्तविक सुधार दिखाना चाहिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपलब्ध कराई जा रही साम. दायिक सेवाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने, लाभार्थियों तक पोषाहार एवं अन्य सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मण्डल स्तर पर सम्मानित कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने महत्वपूर्ण पहल करते हुए आगामी छह माह में मंडल के सभी जिलों में पोषण स्तर में सुधार के लिए कार्ययोजना तैयार कर प्रभावी क्रियान्वयन एवं नियमित अनुश्रवण पर जोर दिया। निर्देश दिए कि अतिकुपोषित बच्चों की समय से पहचान कर उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में भर्ती कराएं और उपचार के बाद भी उनकी नियमित निगरानी की जाए। प्रत्येक अधिकारी दायित्वों का संवे. दनशीलता, जवाबदेही के साथ निर्वहन करें। हमारा उद्देश्य केवल योजनाओं की प्रगति दर्शाना नहीं, बल्कि वास्तविक जरूरतमंद महिलाओं एवं बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य, पोषण सेवाएं उपलब्ध कराकर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना होना चाहिए। इस दौरान जेडीसी मंशाराम यादव, एडी स्वास्थ्य डॉ. नीरज त्यागी आदि मौजूद रहे।

अतरौली अस्पताल के बिगड़े हालत देख भड़के MLC

❐ अफसरों को सुनाई खरी खोटी



अलीगढ़। अतरौली के 100 शैय्या के संयुक्त चिकित्सालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अतरौली का रविवार को शिक्षा का व्यवसायीकरण समिति सभापति चौधरी ऋषिपाल सिंह (एमएलसी) ने निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल परिसर, वार्डों और बाहर फैली गंदगी पर उन्होंने विभागीय अधिकारियों को खरी-खोटी सुनाई। वहां से सीएमओ से मोबाइल पर बात कर कहा कि अस्पताल में चौतरफा गंदगी, दुर्गंध उठ रही है।

जिलास्तरीय सुविधाओं के बाद विभागीय उदासीनता से 100 बैड वाला अस्पताल रेफर सेंटर बनकर रह गया। सरकार की मंशा है कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक नागरिक को बेहतर इलाज और सुविधाएं मिलें। इतना धन खर्च होने के बाद भी मरीजों को सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं। यह सरकार की छवि खराब करने जैसा कृत्य है। इसे शासन स्तर पर उठाया जाएगा।

इससे पहले उन्होंने वार्ड में भर्ती मरीजों से भी बात की। गुड्डी ने कहा कि बहू रूबी का प्रसव हुआ, प्रसूताओं के वार्ड में भर्ती महिलाओं को सुबह 11 बजे के करीब नाश्ते में सिर्फ दलिया दिया। जनकपुर की फूलवती ने वार्डों में गंदगी और शौचालयों से आ रही दुर्गंध के कारण हो रही समस्या की शिकायत की। कहा, सफाई व्यवस्था पूरी तरह खराब है। एक ग्रामीण का कहना था कि उसकी पत्नी का प्रसव हुआ। नवजात की तबीयत खराब होने पर उसे डीडीयू संयुक्त चिकित्सालय रेफर कर दिया। पत्नी को तीन दिन से बुखार है लेकिन न तो चेकअप किया गया और न ही सही से देखभाल हो रही है।

पनेठी पर बाइकों की भिडंत में एक की मौत, दूसरा घायल

अकराबाद। नेशनल हाई-वे पर पनेठी के पास शनिवार रात बाइकों में भिडंत हो गई, हादसे में बाइक सवार विकास विभाग के रिटायर्ड कर्मचारी की मौत हो गई। जबकि दूसरी बाइक पर सवार को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया।



मूल रुप से गांव धौरी निवासी शंकर पाल सिंह (65) विकास विभाग में निरीक्षक थे, वह करीब पांच साल पूर्व रिटायर्ड हो गए। वर्तमान समय में वह परिजनों के साथ एटा चुंगी के पास रह रहे थे। शनिवार रात करीब दस बजे बाइक से गांव आ रहे थे। तभी रास्ते में गांव जसरथपुर के मानपालसिंह की बाइक से भिडंत हो गई है। हादसे में गंभीर रुप से घायल शंकर पाल सिंह, मान पाल सिंह को पुलिस ने इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा, जहां डाक्टरों ने शंकर पाल सिंह को मृत घोषित कर दिया, वहीं मान पाल सिंह का अस्पताल में इलाज जारी है। शंकर पाल सिंह की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। उन्होंने अपने पीछे दो बेटे, दो बेटियों को रोते बिलखते छोड़ा। अकराबाद के एसआई अनिल कुमार ने बताया कि शंकर पाल सिंह के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा।

पूर्व नायब तहसीलदार के निधन पर शोक

खैर। खैर के गांव ऐंचना के सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार बृजमोहन सारस्वत (81) का नोएडा के निजी अस्पताल में रविवार को निधन हो गया, वह कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। खैर में संग्रह अमीन, प्रशास. निक अधिकारी व नायब तहस. ीलदार रहे थे। उनके निधन की सूचना पर तहसील के अधिवक्ता, उनके रिश्तेदार व परिचित लोग गांव पहुंचे तथा शोक संवेदना व्यक्त की। गांव में ही उनका अन्तिम संस्कार किया। उनके बड़े बेटे चंद्रशेखर सारस्वत तहसील खैर में वरिष्ठ अधिवक्ता हैं।

आज गोकुलपुर सोंनोठ, बोनेर में विद्युत आपूर्ति होगी बाधित

अकराबाद। उपखंड अधिकारी अकराबाद ने बताया कि सोमवार को 2026 को 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र अकराबाद गोकुलपुर सौनोंठ, 33/11 केवी बौनेर से निर्गत 11 केवी वर्ल्ड बैंक पोषक की विद्युत आपूर्ति मरम्मत कार्य एवं लाइनों के नीचे आये पेडों की कटाई-छटाई का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। जिसके कारण सुबह 11 बजे से दोपहर करीब तीन बजे तक के मध्य विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

दावा: एक दिसंबर तक शहर बनेगा कचरा डलाव प्वाइंट से मुक्त

❐ लोगों को मिलेगी जगह-जगह कचरे के डलाव प्वाइंट से राहत ❐ 15 नवंबर तक एक्टिव होने वाले चार नए ट्रांसफर स्टेशनों से बदलेंगी शहर की सफाई व्यवस्था

अलीगढ़। शहरी इलाकों को कचरा डलाव घरों से मुक्त बनाने, जगह-जगह लगे कचरे के ढेरों से निजात दिलाने, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नगर आयुक्त ने कड़ा रुख अपनाते हुए औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में कचरा उठाने वाले वाहनों की खराब स्थिति समय से मरम्मत न कराने, सड़क किनारे कचरा डंप करने के मामले सामने आने पर नगर आयुक्त ने अर्बन, सुकमा कंपनी के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की।



उन्होंने धौर्रा माफी स्थित अर्बन कंपनी की वाहन पार्किंग, वर्कशॉप में नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों की स्थिति का जायजा लिया। जहां कई वाहन लंबे समय से खराब खड़े मिले। इन वाहनों की मरम्मत के लिए पूर्व में भी निर्देश दिए लेकिन करीब 15 दिन बाद वाहनों को दुरुस्त नहीं कराया। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए नगर आयुक्त ने मौके पर ही अर्बन कंपनी पर 10 लाख का जुर्माना लगाने की कार्रवाई की। नगर आयुक्त ने स्वर्ण जयंती नगर से ओजोन की ओर जाने वाले मार्ग का भी निरीक्षण किया। जहां सड़क किनारे सुकमा कंपनी द्वारा बिना अनुमति अवैध रूप से कचरा डंप किए जाने का मामला सामने आया। शहर के प्रमुख एवं पॉश क्षेत्र में इस प्रकार कचरा डाले जाने को गंभीरता से लेते हुए नगर आयुक्त ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए और संबंधित कंपनी के विरुद्ध 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। नगर आयुक्त ने बिना पूर्व सूचना दिए अर्बन कंपनी की वाहन पार्किंग, वर्कशॉप का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया कि कई कचरा उठाने वाले वाहन काफी समय से खराब स्थिति में खड़े थे। इन वाहनों की मरम्मत प्राथमिकता के आधार पर तत्काल कराने के निर्देश पहले ही दिए जा चुके थे। इसके बावजूद निर्धारित समय में मरम्मत कार्य पूरा नहीं किया। मौके पर नगर आयुक्त ने इस स्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा इस स्थिति की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी अर्बन कंपनी के विरुद्ध 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाने की कार्रवाई की गई।

औचक निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने स्वर्ण जयंती नगर से ओजोन कट की ओर जाने वाले मार्ग का भी जायजा लिया। निरीक्षण में सड़क किनारे सुकमा कंपनी द्वारा बिना अनुमति कचरा डंप किए जाने का मामला सामने आया। नगर आयुक्त ने इसे शहर की सफाई व्यवस्था और सार्वजनिक स्थलों की सफाई के प्रति गंभीर लाप. रवाही माना।

उन्होंने संबंधित कंपनी के विरुद्ध 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाने की कार्रवाई की। नगर आयुक्त ने बताया कि शहर के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं ट्रांसपोर्ट व्यवस्था को और अधिक प्रभावी करने के उद्देश्य से करीब छह ट्रांसफर स्टेशन में से 15 नवंबर तक 04 नए ट्रांसफर स्टेशन अनुमानित लागत करीब 3.47 करोड़ से एक्टिव हो जाएंगे। जिनमे चार पोर्टेबल कॉम्पेक्टर, ऑपरेटिंग सिस्टम के रूप में 25 कैप्सूल, चार हुक लोडर भी एक्टिव हो गए। एक दिसंबर से शहर के सभी प्रमुख मार्गों से सभी तरह के छोटे बड़े कचरा डलाव घर पूर्ण रूप से समाप्त हो जाएंगे।

न्याय चला जन-जन के द्वार: साइवर ठगी पर हुई चर्चा, सरकारी योजनों की दी जानकारी

कान्हा वन में विधिक सहायता, जनकल्याणकारी योजनाओं का मेगा शिविर आयोजित

अलीगढ़। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के पर रविवार को 'न्याय चला जन-जन के द्वार' कार्यक्रम के तहत कान्हा वन अतिथि गृह में वृहद विधिक सहायता, जनकल्याणकारी योजनाओं का मेगा शिविर आयोजित किया। जिसका शुभारंभ जिला न्यायाधीश पंकज कुमार अग्रवाल ने किया। जिला न्यायाधीश पंकज कुमार अग्रवाल ने कहा कि न्याय केवल न्यायालयों तक सीमित न रहे, बल्कि प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक उसकी पहुंच सुनिश्चित होनी चाहिए। प्राधिकरण का उद्देश्य आर्थिक अथवा सामाजिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को फ्री विधिक सहायता उपलब्ध कराकर न्याय दिलाना है। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने विधिक अधिकारों एवं उपलब्ध न्यायिक सुविधाओं के प्रति जागरूक रहना चाहिए, ताकि कोई भी व्यक्ति जानकारी या संसाधनों के अभाव में न्याय से वंचित न रहे।



प्राधिकरण सचिव साक्षी गर्ग ने कहा कि सरकार की मंशा है कि सामाजिक, आर्थिक अथवा अन्य अक्षमताओं के कारण कोई भी नागरिक न्याय प्राप्त करने से वंचित न रहे। इसी संवैधानिक उद्देश्य को साकार करने को प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिविर का उद्देश्य न्याय को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र तक सुनिश्चित कराने में सहयोग करना है। एसएसपी नीरज कुमार जादौन ने साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि वर्तमान समय में साइबर फ्रॉड और डिजिटल अरेस्ट जैसी घटनाएं तेजी से सामने आ रही हैं। इनका शिक. ार कोई भी हो सकता है, इसलिए सतर्कता बेहद जरूरी है। उन्होंने संदिग्ध फोन कॉल, अनजान लिंक और डिजिटल अरेस्ट के नाम पर डराकर धनराशि मांगने वालों से सावधान रहने की अपील की। उन्होंने बताया कि साइबर वित्तीय धोखाधड़ी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना दें। मोबाइल फोन खोने की स्थिति में भी समय से सूचना देना आवश्यक है। उन्होंने सरल शब्दों में समझाया कि अपने मोबाइल फोन को किसी अपराधी के हाथों का हथियार न बनने दें और अपनी व्यक्तिगत एवं बैंकिंग संबंधी जानकारी किसी अनजान व्यक्ति से साझा न करें।

अपर आयुक्त नगर निगम परितोष मिश्रा ने कहा कि न्याय का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना आवश्यक है। पीठासीन अधिकारी अचल नारायण सकलानी ने सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की सहायता करने वाले नेक व्यक्तियों के अधिकारों एवं मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत संचालित राहवीर योजना की जानकारी दी। शि. विर में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग ने बताया कि दिव्यांगों के लिए जिला चिकित्सालय में सोमवार को यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए शिविर लगता है। पात्र दिव्यांगों को भरण-पोषण को एक हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन प्रदान की जा रही है। शादी-विवाह प्रोत्साहन, दुकान संचालन, कुष्ठावस्था पेंशन योजना सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। पेंशन के लिए जनस. वा केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। एलडीएम अशोक कुमार सोनी ने बताया कि प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत शून्य बैलेंस पर बैंक खाता खुलवाने की सुविधा उपलब्ध है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम पर दो लाख रुपये का जीवन बीमा एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत दुर्घटना की स्थिति में दो लाख रुपये तक का बीमा कवर उपलब्ध है। उन्होंने श्रमिकों एवं असंगठित क्षेत्र के पात्र नागरिकों को अटल पेंशन योजना सहित अन्य सामा. जिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। पशुपालन विभाग के डॉ. एके. सिंह ने पशुओं के उपचार, टीकाकरण, बधियाकरण, कृत्रिम गर्भाधान एवं मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। महिला, बाल विकास विभाग की नीतू सारस्वत ने महिला पेंशन, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की जानकारी दी।

पात्रों को किया लाभांवित

मेगा शिविर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, गोकुल एवं नंद बाबा दुग्ध मिशन और कृषि समृद्धि योजना सहित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को लाभांवित किया। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जिला जज की धर्मपत्नी नम्रता अग्रवाल द्वारा पारंपरिक गोद भराई एवं अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया।

घर बैठे जमा करें जीवन प्रमाण पत्र, 30 तक अभियान

अलीगढ़। पेंशनभोगियों की सुविधा और उनके समय एवं श्रम की बचत के उद्देश्य से भारत सरकार के पेंशन, पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने एक से 30 नवंबर तक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान-5 चलाया। जिसके तहत पेंशनभोगी, पारिवारिक पेंशनभोगी बिना कोषागार आए घर बैठे अथवा अपने निकटतम जनसेवा केंद्र, साइबर कैफे, डाकघर या बैंक शाखा के माध्यम से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं।

वरिष्ठ कोषाधिकारी वैभव कुमार ने जिला कोषागार से पेंशन लेने वाले सभी पेंशनभोगियों, पारिवारिक पेंशनभोगियों से कहा कि जिन्हें नवंबर माह में जीवित प्रमाण पत्र जमा करना है, वह डिजिटल माध्यम से अपना जीवन प्रमाण पत्र अवश्य जनरेट कराकर भेजें। इसके लिए पेंशनभोगी वेबसाइट का उपयोग कर सकते हैं या निकटतम जनसेवा केंद्र, साइबर कैफे के साथ-साथ डाकघर और बैंक शाखाओं पर भी यह सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र की सुविधा से पेंशनभोगियों को जीवित प्रमाण पत्र जमा करने के लिए कोषागार आने की आवश्यकता नहीं होगी और न ही प्रमाण पत्र की हार्ड कॉपी भरकर कोषागार में जमा करनी पड़ेगी। इससे विशेषकर वरिष्ठ एवं अस्वस्थ पेंशनभोगियों को लंबी, कष्टप्रद एवं असुविधाजनक यात्रा से राहत मिलेगी।

इगलास में रोडवेज बस की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत दूसरा घायल, पब्लिक ने लगाया जाम

अलीगढ़। इगलास में हटलपुर मोड़ के पास देर रात राजस्थान रोडवेज की बस ने बाइक सवार दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी, हादसे में दोनों बाइक सवारों को जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान एक की मौत हो गई। जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी है। हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने अलीगढ़-मथुरा मार्ग पर जाम लगा दिया। ग्रामीणों ने सड़क पर विरोध प्रदर्शन करते हुए वाहनों का आवागमन रोक दिए, देखते ही देखते मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, इससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

गांव हटलपुर निवासी महावीर सिंह उर्फ करीमा अपने साथी मुकेश के साथ बाइक पर सवार होकर गंतव्य को जा रहा था। गांव हटलपुर मोड के पास रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बाइक सवार घायल हो गए। इस बीच बस चालक मौके से फरार हो गया। हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची इलाका पुलिस ने घायल को इलाज के लिए मेडिकल कालेज पहुंचाया, जहां महावीर की मौत हो गई, जबकि साथी का इलाज चल रहा है। इस हादसे की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड एकत्र हो गई और उन्होंने हंगामा करते हुए जाम लगा दिया। जाम लगने की जानक. ारी पर कई थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंचा, पुलिस अफसरों ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने और जाम खुलवाने का प्रयास किया, ग्रामीणों को कार्रवाई का भरोसा दिलाया, करीब दो घंटे तक चले हंगामे और समझाने-बुझाने के बाद ग्रामीणों ने जाम खोला। इसके बाद अलीगढ़-मथुरा मार्ग पर यातायात सामान्य हो सका।

सीओ इगलास संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि देर रात पुलिस को सूचना मिली कि रोडवेज बस ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दी, सूचना पर पुलिस ने तत्काल दोनों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा, जहां उपचार के दौरान महावीर सिंह की मौत हो गई और मुकेश निवासी हटलपुर का उपचार चल रहा है। इस मामले में प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। राजस्थान रोडवेज की बस को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

अहोई अष्टमी: माताओं ने रखा संतान के लिए व्रत

अकराबाद। रविवार को अकराबाद में अहोई अष्टमी का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया। माताओं ने संतान की सुख-समृद्धि, दीर्घायु, उज्ज्वल भविष्य की कामना को लेकर व्रत रखा। महिलाओं ने दिनभर उपवास रख अहोई माता की पूजा-अर्चना, परिवार की खुशहाली की कामना की। शाम को महिलाओं ने विधि-विधान से अहोई माता की व्रत से जुड़ी कथा सुनी और तारों को अर्घ्य देकर व्रत का पारण किया। पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। घरों में पूजा की तैयारियां की गईं और महिलाओं ने परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार पूजन किया।



15 सौ में सालाना टोल पास
20 किमी दायरे वालों को मिलेगी राहत

अकराबाद। रविवार को टोल प्लाजा के 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले स्थानीय निजी वाहन मालिकों को एनएचएआई ने बड़ी राहत दी। इसके तहत उन्हें रियायती वार्षिक लोकल पास की सुविधा मिलेगी।

एनएचएआई की स्थानीय इकाई ने इसके लिए निर्देश जारी कर दिए। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, नगर पालि. का या स्थानीय शहरी सीमा से बाहर स्थित टोल प्लाजा के लिए वार्षिक शुल्क 1500 रुपयेऔर शहरी सीमा के भीतर वाले टोल प्लाजा के लिए 3000 रुपये तय किया गया है। यह पास एक वर्ष के लिए मान्य होगा। किरतपुर टोल प्लाजा के मैनेजर हरगोविंद यादव ने बताया कि पात्रता पूरी करने वाले वाहन स्वामी जरूरी दस्तावेज जमा कर टोल प्रबंधन से यह पास बनवा कर लाभ उठा सकते है।

दो हजार कांग्रेसी अलीगढ़ से पहुंचे दिल्ली



अलीगढ़। रामलीला मैदान में नई दिल्ली के लिए अलीगढ़ से बसों, ट्रेन, निजी वाहनों से करीब दो हजार कांग्रेसी कार्यकर्ता, पदाधिकारी पूर्व विधायक विवेक बंसल, जिलाध्यक्ष ठा. सोमवीर सिंह जादौन, मोहम्मद जियाउद्दीन राही जिला संगठन उपाध्यक्ष प्रभारी जिला कांग्रेस, नवेद खान महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में दिल्ली पहुंचे।

नुमाइश में आतिशबाजी बाजार का शुभारंभ



अलीगढ़। नुमाइश मैदान में लगने वाले 10 दिवसीय आतिशबाजी बाजार का शुभारंभ भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मानव महाजन, उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष प्रदीप गंगा ने किया। मानव महाजन ने कहा कि आतिशबाजी व्यापारी दुक. ानों में सुरक्षा मानकों को ध्यान रखते हुए काम करें। जिलाध्यक्ष प्रदीप गंगा ने कहा कि दीपावली पर आतिशबाजी महत्वपूर्ण स्थान रखती है हम सभी का दायित्व है कि इस त्योहार को मिलजुल मनाएं। व्यापारी सुरक्षा के मानकों पूरा अवश्य करें। इस दौरान युवा जिलाध्यक्ष संतोष वार्ष्णेय, उमेश गौड़, लोकेश वार्ष्णेय, विजय वार्ष्णेय, देवेंद्र गांधी, संजय पंडित पार्षद, संजय गौतम, करन, विजय, प्रणय शर्मा आदि कारोबारी मौजूद रहे।

भतीजियों की शादी के दिन चाचा की मौत

ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर





बुलंदशहर। रविवार मे दोपहर करीब 12 बजे एक ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो। युवक अपनी भतीजियों के शादी का सामान लेने बाजार जा रहा था। आज ही घर में 2 भतीजियों की बारात आनी थी। इसी दौरान जहांगीराबाद की ओर से आ रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं, ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। हादसे की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। हादसे के एक घंटे बाद ही गाजियाबाद के लोनी से एक बारात भी युवक के घर पहुंच गई। शादी की तैयारी पूरी होने और बारात घर आ जाने की स्थिति में दोनों पक्षों ने साधारण तरीके से शादी कराने का फैसला लिया।

दूसरी बारात आहार थाना क्षेत्र से आनी थी। वह भी रास्ते में थी। घटना जिला मुख्यालय से 50 किमी दूर डिबाई थाना क्षेत्र की है।

ऑटो पलटने से यात्री की मौत, तीन घायल



बुलंदशहर। गुलावठी में रविवार की सुबह सड़क हादसे में 22 वर्षीय फल विक्रेता राहुल की मौत हो गई। जबकि तीन युवक घायल हो गए। राहुल गुलावठी की अहेरिया कॉलोनी का रहने वाला था। वह पुत्र मंगलू था। रविवार सुबह वह अपने मोहल्ले के कुछ लोगों के साथ ऑटो में सवार होकर हापुड़ की फल मंडी जा रहा था। परिवार को उम्मीद थी कि वह रोज की तरह मंडी से फल लेकर लौटेगा, लेकिन रास्ते में हुए हादसे ने खुशियों को मातम में बदल दिया।

बताया गया कि गुलावठी से निकलने के बाद गांव मोड़ी कला के पास अचानक एक जानवर ऑटो के सामने आ गया। इसके बाद ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं ऑटो में सवार विकास, सनी और संदीप भी घायल हो गए। तीनों गुलावठी की अहेरिया कॉलोनी के रहने वाले हैं। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। राहुल की मौत की खबर जैसे ही परिजनों तक पहुंची, परिवार में चीख-पुकार मच गई। घर के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। युवक की असमय मौत से अहेरिया कॉलोनी में भी शोक का माहौल रहा।

जानकारी मिलने पर मोहल्ले और आसपास के लोग परिवार को सांत्वना देने पहुंचे। फल बेचकर परिवार की मदद करने वाले राहुल की मौत से परिचित लोगों में भी दुख है।गुलावठी कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि गुलावठी निवासी युवक की सड़क हादसे में मौत हुई है। हालांकि घटनास्थल हापुड़ के हाफिजपुर थाना क्षेत्र में होने की जानकारी सामने आ रही है। हाईवे पर अचानक जानवरों के सामने आने से हादसे होने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ऐसे में सड़क पर घूमने वाले आवारा पशु वाहन चालकों के लिए खतरा बने हुए हैं।

प्रभात फेरी में बही राधा नाम की रसधार, राधे-राधे से गूंजा नगर



जहांगीराबाद (बुलंदशहर)। नगर में कार्तिक मास के पावन अवसर पर द्वितीय प्रभात फेरी भक्तिमय माहौल में निकाली। ब्रह्म मुहूर्त में शुरू हुई फेरी में सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने राधा नाम की धुन पर नाचते-गाते दिखे। भजन गायक रसिक सुमित गोयल, विवेक गोयल ने मधुर भजनों की ऐसी रसधार बहाई कि पूरा माहौल भक्तिमय हो गया।

प्रभात फेरी का शुभारंभ लाल कुआं स्थित शीशे वाले मंदिर से हुआ जो पुख्ता बाजार, पाठक मोहल्ला, गांधी चौक कच्चा बाजार स्थित विवेकानंद चौक पर तालेश्वर गोस्वामी मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर फेरी का स्वागत किया। डॉ. रवि राणा, अजीत हिमाचल सिंह, नरेंद्र रावल, हरीश, गौरव सिसोदिया, मनमोहन ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। मोहल्ला पाठक में राजेश बंसल के निवास पर भजन कार्यक्रम हुआ। आयोजन में सौरभ विरदी, लव शर्मा, विष्णु अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, रवि आदि का सहयोग रहा।

ड्यूटी पर जा रहे बाइक सवार युवक को ट्रक ने रौंदा, मौत



बुलंदशहर। कोतवाली देहात में गांव घमिर्जापुर निवासी पीड़ित बलवंत उर्फ बलदेव पुत्र स्व. हरपाल सिंह ने तहरीर देकर बताया कि उनका पुत्र रिंकू 31 अक्टूबर की सुबह अपनी बाइक से ड्यूटी पर जाने के लिए निकला था। जैसे ही वह नहर के पुल पर पहुंचा, तभी पीछे से आ रहे एक ट्रक के चालक ने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए उसकी बाइक में टक्कर मार दी। ह्रादसा में बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और रिंकू की मौके पर ही मौत हो गई। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने चालक को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह मौके से भागने में सफल रहा। घ्स्थानीय लोगों की मदद से युवक को जिला सरक. ारी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली देहात प्रभारी ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी है।

स्कूल से चोरी हुई लाइसेंसी बंदूक, कारतूस बरामद



बुलंदशहर। स्याना मार्ग पर चिंगरावठी पुलिस चौकी के समीप स्थित ज्ञानस्थली स्कूल से चोरी हुई स्कूल स्वामी रामबाबू यादव की लाइसेंसी बंदूक, कारतूस व सामान को पुलिस द्वारा बरामद कर लिया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी रामकरन सिंह ने बताया कि रात्रि के समय थाना स्याना पुलिस एवं स्वाट टीम थल तिराहे के पास संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चौकिंग कर रही थी। एक संदिग्ध टेंपो बीबीनगर की ओर से आता हुआ दिखायी दिया। जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया लेकिन वह नहीं रुका। टेंपो चालक टेंपो को तेजी से कच्चे रास्ते पर मोड़कर भगाने लगा, जिस पर पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा कर घेराबंदी की गयी। पुलिस से घिरता देख टेंपो सवार बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी। पुलिस टीम ने जवाबी फायरिंग में 1 बदमाश गोली लगने से घायल हो गया जिसे उसके 1 अन्य साथी सहित गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि एक बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब हो गया, जिसकी काम्बिंग कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। सीओ रामकरन सिंह ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों की पहचान दीपक निवासी आदर्श नगर कॉलोनी स्याना बस स्टैंड गढ़मुक्तेश्वर हापुड़ (घायल), देवेंद्र निवासी गांव पटेल हाफिजपुर हापुड़ के रुप में हुई। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। बताया कि उक्त बदमाश शातिर किस्म के चोर अपराधी हैं, जिनके द्वारा विगत 25/26 अक्टूबर की रात थाना स्याना क्षेत्र चौकी चिंगरावठी के पास स्थित स्कूल में चोरी की थी। बदमाशों से 2 तमंचे 315 बोर, 2 खोखा कारतूस, 2 जिंदा कारतूस 315 बोर, लाइसेंसी सिंगल बैरल बंदूक 12 बोर (चोरी की), 16 जिंदा कारतूस 12 बोर कमरपेटी, श्रीव्हीलर टेंपो (घटना में प्रयुक्त), एलईडी टीवी, एलईडी डेस्कटॉप मॉनिटर, 2 बड़े बैटरे, 1 इंवर्टर, 2 पीसी कनेक्टर, 8 हजार रुपये बरामद किए।

अभियुक्त दीपक के विरुद्ध कोतवाली स्याना सहित थाना सैक्टर 58, नोएडा, थाना बाबूगढ हापुड़, थाना सैक्टर 39, गौतमबुद्धनगर, थाना सूरजपुर तथा थाना फेस तृतीय पर 11 मुकदमें दर्ज हैं। देवेंद्र के विरुद्ध स्याना कोतवाली सहित थाना बाबूगढ़ हापुड़ पर मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस टीम में स्याना कोतवाल रामनारायण सिंह, एसएसआई. विनोद कुमार, एसआई कौशल गुप्ता, सराय चौकी प्रभारी एसआई कुंवर सिंह, आरक्षी पंकज सिंह, रिंकू, पीयूष कुमार तथा मोनू शामिल रहे। स्वाट टीम का नेतृत्व मौहम्मद असलम (प्रभारी स्वाट टीम बुलन्दशहर) ने किया।

मकान हादसे के पीड़ित परिवार को एक लाख की मदद



छतारी (बुलंदशहर)। मोहल्ला आजाद रोड पर मकान गिरने के हादसे में दो लोगों की मौत और एक महिला के गंभीर रूप से घायल होने की घटना के बाद रविवार को भाजपा नेता कुश शर्मा पीड़ित परिवार के बीच पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल स्वजन से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और दुख की इस घड़ी में परिवार के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने अपने निजी कोष से मृतकों के स्वजन को एक लाख रुपये की नकद आर्थिक सहायता दी। भाजपा०नेता कुश शर्मा ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर हादसे में घायल वृद्ध महिला चंद्रकला के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने परिवार के सदस्यों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। साथ ही शिकारपुर की एसडीएम० प्रतीक्षा पांडे से फोन पर वार्ता कर पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता दिलाने के संबंध में बातचीत की। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिवार की मदद के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

विदित हो कि गुरुवार की देर रात छतारी के मोहल्ला आजाद रोड पर दो मंजिला मकान अचानक भरभराकर गिर गया था। हादसे में मलबे में दबकर 30 वर्षीय राजेश और 16 वर्षीय सचिन की मौत हो गई थी, जबकि चंद्रकला गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। उन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ रेफर किया गया था। हालत में सुधार होने पर चिकित्सकों ने उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी है।

करियर और पीसीओएस जागरूकता पर कार्यशाला आयोजित

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग ने सीनियर सेकेंडरी स्कूल (गर्ल्स), एएमयू में एक कार्यशाला आयोजित की। इसका उद्देश्य छात्राओं को सामुदायिक विज्ञान के क्षेत्र में करियर के अवसरों से परिचित कराना और किशोरियों में पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। सामुदायिक विज्ञान की बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं ने एक लघु नाटिका प्रस्तुत की, जिसमें इस विषय की बहुविषयक प्रकृति, व्यावहारिक उपयोगिता और करियर की विभिन्न संभावनाओं को दर्शाया गया। जानक. ारीपूर्ण पोस्टर, चार्ट और फ्लेक्स बोर्ड के माध्यम से सामुदायिक विज्ञान के विभिन्न पहलुओं और पीसीओएस से संबंधित जानक. ारियां दी गईं। जागरूकता सत्र में पीसीओएस के सामान्य लक्षणों की पहचान, समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने और किशो. रियों के स्वास्थ्य एवं बेहतर जीवनशैली के लिए स्वस्थ आदतें अपनाने के महत्व पर चर्चा की गई।

सखी संगम के करवाचौथ महोत्सव में महारानी थीम पर झूमीं महिलाएँ

महारानी-ए-महफिल का खिताब नेहा वार्ष्णेय 'ज्वैलर्स' ने जीता



अलीगढ़। करवाचौथ के उपलक्ष्य में महिलाओं के प्रमुख संगठन सखी संगम ने गूलर रोड स्थित एक वैंकयुट हॉल में महोत्सव का आयोजन किया। महारानी थीम पर आधारित आयोजन में करीब 100 महिलाओं ने राजसी अंदाज में सज-धजकर उत्साह, उमंग के साथ भाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप्ति वशिष्ठ एडवोकेट, मुख्य अतिथि राखी अग्रवाल ने किया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण महारानी-ए-महफिल प्रतियोगिता रही, जिसमें नेहा वार्ष्णेय ने शानदार देकर राजसी अंदाज से यह खिताब नाम किया। विभिन्न श्रेणियों में दीपांशी वार्ष्णेय ने 'राजसी सुंद. री', गरिमा वार्ष्णेय ने 'रानी-ए-खास', खुशबू वार्ष्णेय ने 'रानी-ए-रियासत', विंदू गंगल ने रानी-ए-जलसा, शालू गुप्ता ने स्वर्णिम रानी का खिताब जीतकर अलग पहचान बनाई। नृत्य प्रतियोगिता में नेहा वार्ष्णेय ने प्रथम, तपस्या गुप्ता ने द्वितीय, कोमल वार्ष्णेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जोड़ी समूह नृत्य प्रतियोगिता में दीपांशी वार्ष्णेय, सोनल वार्ष्णेय की जोड़ी प्रथम, चंचल गुप्ता, सांझली गुप्ता की जोड़ी द्वितीय, दुर्गेश गुप्ता, संगीता गुप्ता की जोड़ी तृतीय स्थान पर रही।कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. तृषा वार्ष्णेय ने विभिन्न मनोरंजक एवं रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया। महिलाओं ने पारंपरिक श्रृंगार, नृत्य एवं अपनी रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में शामिल कनक वार्ष्णेय, तुलसी वार्ष्णेय, अंजना अग्रवाल के लिए विजेताओं का चयन करना चुनौतीपूर्ण रहा। कार्यक्रम समापन पर संयोजिकाओं प्राची वार्ष्णेय, दीपिका गुप्ता, दीपा गुप्ता, याशिका वार्ष्णेय, ज्योति वार्ष्णेय, स्वाति गुप्ता, शिवांगी वार्ष्णेय, पूनम गुप्ता ने विजेताओं, प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए। इस दौरान रोमा राजानी, हरलीन कौर, मनप्रीत कौर, कोमल पाल, प्रेरणा अग्रवाल, त्रिवेश, शालू गुप्ता, दीप्ति गुप्ता, रिंकी गुप्ता, नेहा रॉकस्टार, श्वेता गुप्ता, रश्मि शर्मा आदि मौजूद रहे।

महिला से मारपीट, तोड़ा कार का शीशा

खैर। अलीगढ रोड स्थित गांव अंडला में एक मकान में चल रहे कार्यक्रम में घुसकर नामजदों ने महिला से मारपीट की तथा जाते समय कार का शीशा तोड गए। मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई।

अंडला के प्रमोद ने बताया कि 30 अक्टूबर को घर में बच्चे का जन्मदिवस कार्यक्रम का चल रहा था। इसी बीच नामजद घर में घुस आए तथा छोटे भाई की पत्नी से मारपीट कर दी। फिर भी नामजदों को समझाकर बाहर कर आए। बाद में नामजदों ने घर के बाहर खडी कार का शीशा तोड दिया। पीडित की तहरीर पर अंडला निवासी हरिओम व योगेश के खिलाफ अभियोग दर्ज कराया गया है। इंस्पेक्टर खैर राजीव चौधरी ने मामले में जांच कर कार्रवाही की बात कही है।

खैर से दो बच्चे लापता, डॉग स्क्वायड भी न लगा सका सुराग



शनिवार सुबह से लापता है बच्चे

खैर। अहोई अष्टमी से एक दिन पूर्व लापता दो बच्चों का कोई सुराग नही लग सका है। दोनों बच्चों के अचानक लापता हो जाने के मामले में परिजनों द्वारा पुलिस को सूचना दिए जाने के बाद पुलिस भी अलर्ट मोड पर आ गई है। रविवार को डॉग स्क्वायड ने घर का मौका मुआयना किया। वहीं पुलिस टीम आसपास के सीसीटीवी खंगाल रही है। लेकिन दूसरे दिन भी बच्चों का कोई सुराग नही लगने से परिजन परेशान है।

कस्बा पुलिस चौकी के पीछे मोहल्ला नदी वाला निवासी जितेंद्र पत्नी के साथ कोल्ड पर मजदूरी करने जाते है। शनिवार को वह स्वंय काम पर चले गए तथा पत्नी घर पर मौजूद रही।

शनिवार की सुबह साढे आठ बजे उनका पुत्र नौ वर्षीय शिवम व सात वर्षीय कृष्णा घर के बाहर खेल रहे थे। काफी देर तक दोनों बापस नही आए तो मां ने आसपास मोहल्ले में तलाश किया वहीं शाम को मजदूरी से घर लौटे पति से भी बच्चों को तलाशकर लाने को कहा। किन्तु बच्चे नही मिले। रविवार की सुबह दम्पत्ति ने खैर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर मदद की गुहार लगाई। सूचना पर सीओ अभिषेक पटेल, एसएचओ राजीव चौधरी मौके पर पहुंचे तथा जानकारी ली। डॉग स्क्वायड ने लापता बच्चों के कपडों की गंध सूंघकर सुराग की दिशा में पुलिस को रास्ता दिखाने का प्रयास किया लेकिन घटना को 30 घंटे बीतने के कारण खोजी कुत्ता कोई मदद नहीं कर सका। इस मामले में इंस्पेक्टर राजीव चौधरी ने बताया कि पुलिस टीम सीसीटीवी कैमरों खंगाल रही है, अन्य कई विन्दुओं पर भी जांच जारी है।

दिल्ली के रामलीला मैदान में गूंजा लोकतंत्र बचाने का संदेश, महारैली में पहुंचे ख्वाजा हसन जिब्रान



अलीगढ़। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता ख्वाजा हसन जिब्रान 1 नवंबर को अपने समर्थकों के साथ राजधानी दिल्ली पहुंचे। यहां ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित श्वोट बचाओ, देश बचाओश महारैली में उन्होंने अपने समर्थकों के साथ सहभागिता की। रामलीला मैदान में आयोजित महारैली में शामिल हुए।

इस दौरान उन्होंने विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में कार्यक्रम में सहभागिता की। महारैली में लोकतंत्र की रक्षा, संविधान की मजबूती, मतदाता अधिकारों तथा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को लेकर आवाज उठाई गई। देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे नेताओं और समर्थकों ने कार्यक्रम में भाग लिया। ख्वाजा हसन जिब्रान का अपने समर्थकों के साथ दिल्ली पहुंचकर इस महारैली में शामिल होना अलीगढ़ की राजनीतिक गतिविधियों के लिहाज से महत्वपूर्ण रहा। उनके इस दौरे से अलीगढ़ के राजनीतिक हलकों में भी चर्चा देखने को मिली।

वोट बचाओ-देश बचाओ महारैली में बुलंदशहर से पहुंचे कांग्रेसी



बुलंदशहर। दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित विपक्ष की वोट बचाओ-देश बचाओ महारैली में शामिल होने के लिए रविवार को जनपद बुलंदशहर से हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता बसों, कारों और अन्य वाहनों से जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान के नेतृत्व में रवाना हुए। रवाना होने से पहले जिलेभर के कांग्रेसी सिकंद. राबाद टोल प्लाजा पर एकत्रित हुए, जहां कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष का संकल्प लिया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने कहा कि आज देश में लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई है। राहुल गांधी जी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बनकर वोट के अधिकार की रक्षा के लिए संघर्ष कर रही है। देश का प्रत्येक नागरिक अपने मताधिकार की सुरक्षा चाहता है और कांग्रेस इस अधिकार पर किसी भी प्रकार का हमला बर्दाश्त नहीं करेगी।

महारैली में बुलंदशहर से पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, प्रशांत बाल्मीकि, भजनलाल जाटव, राजकुमार पंडित, शिवकुमार शर्मा, मनीष चतुर्वेदी, लखमीचंद पाराशर, राजकुमार बघेल, गुरुवचन सिंह,

नईम मंसूरी, डॉ अर्चना, सचिन वशिष्ठ, गौरव जयराम, अब्दुल करीम, धर्मेंद्र महावर, नवाब खघन, कृष्ण कुमार सैनी, शहजाद अंसारी, डॉ इरफान, नजमी चौधरी, जितेंद्र शर्मा, लक्ष्मीनारायण शर्मा, दिनेश शर्मा, नूर मोहम्मद, करन पंडित, खुशनसीब चौधरी, अनवार प्रधान, चाँद खघन, भवतोष शर्मा, तपन गौड़, विपुल कौशिक, सत्यप्रकाश शर्मा, नवीन अम्बेडकर, इशू शर्मा, युधिष्ठिर शर्मा, अनुपम भारद्वाज, विमलेश बाल्मीकि, मजहर अली आदि हजारों लोग शामिल हुए ।

लक्ष्मी-गणेश की पूजा के पीछे एक गहरा रहस्य



हिंदू धर्म में दीवाली के पर्व को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस अवसर पर माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना करने का विधान है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, लक्ष्मी और गणेश की साधना करने से सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है और धन लाभ के योग बनते हैं। माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा अत्यंत फलदायी और कल्याणकारी मानी जाती है, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि मां लक्ष्मी का गणपति बप्पा से क्या संबंध है? गणेश पुराण में बताया गया है कि मां लक्ष्मी ने भगवान गणेश को अपना दत्तक पुत्र बनाया था। अब ऐसे में सवाल उठता है कि धन की देवी मां लक्ष्मी ने गणेश जी को दत्तक पुत्र क्यों बनाया? पौराणिक कथाओं के अनुसार, एक बार बैकुंठ धाम में जगत के पालनहार भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी के बीच चर्चा हो रही थी। चर्चा के दौरान देवी ने भगवान विष्णु से कहा, मैं अपने भक्तों को धन-धान्य, ऐश्वर्य और सौभाग्य प्रदान करती हूं। मेरी कृपा से ही भक्तों को जीवन में सभी तरह के सुखों की प्राप्ति होती है। इसलिए मेरी पूजा ही सर्वश्रेष्ठ है। भगवान विष्णु उनका यह अहंकार समझ गए। प्रभु ने देवी के अहंकार को दूर करने का फैसला लिया और कहा, देवी, आप श्रेष्ठ जरूर हैं, लेकिन आपका नारीत्व अभी भी अधूरा है। भगवान विष्णु ने आगे कहा, जब तक किसी स्त्री को मातृत्व का सुख नहीं मिलता, तब तक उसे पूर्ण नहीं माना जाता। यह बात सुनकर मां लक्ष्मी अत्यंत दुखी हुईं। इसके बाद वे माता पार्वती के पास पहुंचीं और उन्हें अपनी यह पीड़ा बताई। तब माता पार्वती ने अपने पुत्र गणेश को उन्हें दत्तक पुत्र के रूप में सौंप दिया। भगवान गणेश को पुत्र के रूप में पाकर मां लक्ष्मी अत्यंत प्रसन्न हुईं। उन्होंने उसी समय यह वरदान दिया कि किसी भी भक्त को धन, सफलता और ऐश्वर्य का पूर्ण फल तभी मिलेगा, जब वह लक्ष्मी और गणेश की एक साथ आराधना करेगा। यही वजह है कि दीवाली के दिन मां लक्ष्मी के साथ भगवान गणेश की उनके दत्तक पुत्र के रूप में पूजा-अर्चना करने का विधान है। सनातन परंपरा में मां लक्ष्मी के साथ उल्लू और मोर, दोनों का संबंध बहुत गहरा है। उल्लू अंधेरे में भी देख सकता है, जिससे हमें हमेशा चौकन्ना रहने, आगे की सोचने और समझदारी से काम लेने की सीख मिलती है। वहीं दूसरी तरफ, मोर सुंदरता और पवित्रता की निशानी है। यह बुराई को मिटाने और सादगी के साथ जीवन में संपन्नता लाने का प्रतीक है। मां लक्ष्मी द्वारा गणेश जी को दत्तक पुत्र बनाने से यह संदेश मिलता है कि व्यक्ति को जीवन में दिखावे या अहंकार में आकर अपना विवेक और समझदारी नहीं खोनी चाहिए। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान गणेश की साधना करने से सही फैसले लेने की बुद्धि मिलती है और शुभ परिणाम प्राप्त होते हैं। मां लक्ष्मी की पूजा के दौरान लक्ष्मी-विनायक मंत्र का जप जरूर करना चाहिए। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस मंत्र का जप करने से धन लंबे समय तक टिकता है और बचत में वृद्धि होती है। साथ ही नौकरी, करियर या व्यापार में आ रही अड़चनों को भगवान गणेश दूर करते हैं।

धन, सफलता और ऐश्वर्य का पूर्ण फल तभी मिलेगा, जब वह लक्ष्मी और गणेश की एक साथ आराधना करेंगे।

गणेश पुराण में बताया गया है कि मां लक्ष्मी ने भगवान गणेश को अपना दत्तक पुत्र बनाया था।





धनलक्ष्मी के आगमन का पर्व धनतेरस



दीपोत्सव पर्व पर धनतेरस का पावन पर्व काफी हर्ष व उल्लास के साथ मनाने की पौराणिक परम्परा है। धनतेरस से ही दीपावली पर्व का शुभारम्भ हो जाता है। इस बार 6 नवम्बर, शुक्रवार, कार्तिक कृष्णपक्ष की त्रयोदशी तिथि के दिन धनतेरस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। ज्योतिषविद् विमल जैन ने बताया कि कार्तिक कृष्णपक्ष की त्रयोदशी तिथि 6 नवम्बर, शुक्रवार को दिन में 10 बजकर 31 मिनट पर लगेगी, जो कि 7 नवम्बर, शनिवार को दिन में 10 बजकर 49 मिनट तक रहेगी, तत्पश्चात् चतुर्दशी तिथि लग जाएगी। हस्त नक्षत्र 5 नवम्बर, गुरुवार को अर्द्धरात्रि के पश्चात् 3 बजकर 56 मिनट से 6 नवम्बर, शुक्रवार को अर्द्धरात्रि के पश्चात् 4 बजकर 44 मिनट तक रहेगा, तत्पश्चात् चित्रा नक्षत्र प्रारम्भ हो जाएगा। विष्कुंभ योग 5 नवम्बर, गुरुवार को अर्द्धरात्रि के पश्चात् 5 बजकर 10 मिनट से 6 नवम्बर, शुक्रवार को अर्द्धरात्रि के पश्चात् 4 बजकर 10 मिनट तक रहेगा। धनतेरस के दिन आरोग्य के देवता आयुर्वेद शास्त्र के जनक श्री धन्वन्तरि जी का जन्म महोत्सव भी धूम-धाम से मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि समुद्र मन्थन के समय धन्वन्तरि जी अमृत का कलश लेकर अवतरित हुए थे। भगवान धन्वन्तरि जी को आयुर्वेद के प्रवर्तक तथा श्रीविष्णु भगवान के अवतार के रूप में माना जाता है। इस दिन धन्वन्तरि जी की पूजा-अर्चना से आरोग्य-सुख तथा उत्तम स्वास्थ्य का सुयोग बनता है। व्यवसायी एवं व्यापारी वर्ग शुभ मुहूर्त में बही-खाता एवं प्रयोग में आनेवाली अन्य वस्तुएँ भी खरीदते हैं। धनतेरस को सम्पूर्ण दिन में अभिजीत मुहूर्त दिन में 11 बजकर 36 मिनट से 12 बजकर 24 मिनट तक सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त माना गया है। धन-सम्पत्ति के लिए धनाधिपति श्रीकुबेर देवता की भी पूजा करनी चाहिए। देवकक्ष में पूजा स्थल पर दीपक प्रज्वलित करना चाहिए। पूजा का सर्वोत्तम समय (काशी में) वृषभ लग्न सायं 5 बजकर 45 मिनट से रात्रि 7 बजकर 41 मिनट तक रहेगा। प्रदोषकाल का समय विभिन्न शहरों का अलग-अलग होता है, जो कि स्थानीय पंचांगों में दिया रहता है। धनतेरस के दिन शुरू किए हुए शुभकार्यों में स्थायी लाभ के साथ ही अच्छी सफलता का



सुयोग बनता है। घर, कार्यस्थल व व्यावसायिक प्रतिष्ठान को आलोकित (प्रकाशमय) रखना चाहिए। धनतेरस का पर्व अपने पारिवारिक धार्मिक परम्परा के साथ मनाना शुभ रहता है।

कलश की अवधारणा को लेकर नये बर्तन और आभूषण खरीदना शुभ फलकारी

धनतेरस के पावन पर्व पर लक्ष्मी-गणेश जी मूर्ति के साथ ही पूजन सामग्री खरीदने की परम्परा है। इस बर्तन के अतिरिक्त नवीन वस्त्र, रजत व स्वर्ण के आभूषण व सोने-चाँदी के सिक्के एवं अन्य मांगलिक वस्तुएँ खरीदने से सौभाग्य में अभिवृद्धि होती है। आज के दिन बर्तन खरीदने से अधिक लाभ एवं लक्ष्मी का स्थायी निवास मिलता है। सायंकाल स्नान के पश्चात् स्वच्छ (धुले हुए) वस्त्र धारण करके अपने आराध्य देवी-देवता की पूजा-अर्चना के बाद प्रदोषकाल व शुभ मुहूर्त में संकल्प लेकर श्रीगणेश जी, श्रीलक्ष्मीजी तथा धन के देवता श्रीकुबेर जी की श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ पूजा-अर्चना करनी चाहिए। पूजा-अर्चना में काले-नीले रंग के वस्त्र धारण नहीं करने चाहिए। आज के दिन खरीदे गए नवीन बर्तन में उत्तम मिष्ठान्न, फल एवं मेवे आदि माँ भगवती लक्ष्मीजी को अर्पित करने चाहिए। देशी घी का दीपक प्रज्वलित करना चाहिए। अखण्ड ज्योति जलाने की भी मान्यता है। भगवती लक्ष्मीजी की पूजा कमल के फूल से करनी चाहिए तथा कमलगट्टा के माला से श्रीलक्ष्मीजी के मन्त्र 'श्रीं', 'ॐ श्रीं नमः', 'ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं' अथवा 'ॐ श्रीं महालक्ष्म्यै नमः' का जप करना लाभकारी रहता है।

यम के निमित्त प्रज्वलित करें दीपक

धनतेरस से दीपावली या भैयादूज तक सायंकाल प्रदोषकाल में घर के प्रवेश द्वार के बाहर दोनों ओर यम के निमित्त एक पात्र में अन्न रखकर उसके ऊपर दीप दान करने से यमराज भी प्रसन्न होते हैं, इसको यमदीप कहा जाता है। दीपक की चावल, फूल, धूप, सुगन्ध आदि से पूजा-अर्चना करने से जीवन में अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता।

सुख-समृद्धि के लिए जन्म तारीख/राशि के अनुसार करें खरीददारी

जन्म तारीख के अनुसार- जन्मतिथि किसी भी माह की 1, 10, 19 व 28 हो, उनके लिए लाल, गुलाबी, केसरिया। 2, 11, 20 व 29 वालों के लिए सफेद व क्रीम। 3, 12, 21 व 30 के लिए सभी प्रकार के पीला व सुनहरा पीला। 4, 13, 22 व 31 के लिए सभी प्रकार के चमकीले, चटकीले मिले-जुले व साथ ही हल्का स्लेटी रंग। 5, 14 व 23 के लिए हरा, धानी व फिरोजी रंग। 6, 15 व 24 के लिए सफेद व चमकीला सफेद अथवा आसमानी नीला। 7, 16 व 25 के लिए चमकीला, स्लेटी व ग्रे रंग। 8, 17 व 26 के लिए काला, ग्रे व नीला रंग। जबकि 9, 18 व 27 के लिए लाल, गुलाबी व नारंगी रंग।

रम्भा एकादशी

भारतीय सनातन परम्परा के हिन्दू धर्मग्रन्थों में हर माह के विशिष्ट तिथि की खास पहचान है। सभी तिथियों पर देवी-देवताओं की विशेष पूजा-अर्चना करने की मान्यता है। तिथि विशेष पर पूजा-अर्चना करने पर अभिलाषा की पूर्ति का सुयोग बनता है। इसी क्रम में रम्भा एकादशी का व्रत 5 नवम्बर को रखा जाएगा। रम्भा एकादशी के दिन आकाश में दीपदान करने की भी महिमा है। प्रख्यात ज्योतिषविद् विमल जैन ने बताया कि कार्तिक मास के कृष्णपक्ष की एकादशी तिथि 4 नवम्बर को दिन में 11 बजकर 04 मिनट पर लगेगी जो कि 5 नवम्बर को दिन में 10 बजकर 36 मिनट तक रहेगी। उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र 4 नवम्बर को अर्द्धरात्रि के पश्चात् 3 बजकर 31 मिनट से 5 नवम्बर, गुरुवार को अर्द्धरात्रि के पश्चात् 3 बजकर 56 मिनट तक रहेगा। ऐन्द्रयोग सम्पूर्ण दिन रहेगा। जिसके फलस्वरूप उदयातिथि के अनुसार 5 नवम्बर को रम्भा एकादशी का व्रत रखा जाएगा। रम्भा एकादशी का व्रत महिला पुरुष दोनों के लिए समानरूप से फलदायी है। व्रत के दिन व्रतकर्ता को ब्रह्म मुहूर्त में उठकर अपने समस्त दैनिक कृत्यों से निवृत्त होकर गंगा-स्नानादि करना चाहिए। गंगा-स्नान यदि सम्भव न हो तो घर पर ही स्वच्छ जल से स्नान कर स्वच्छ (धुले हुए) वस्त्र धारण करना चाहिए। अपने आराध्य देवी-देवता की पूजा-अर्चना के पश्चात् रम्भा एकादशी के व्रत का संकल्प लेना चाहिए।

धनतेरस की खरीदारी में शामिल करें छह शुभ वस्तुएं

धनतेरस पर सोना और चांदी खरीदने की परंपरा काफी पुरानी है। माना जाता है कि इस दिन खरीदे गए सोने-चांदी से घर में लक्ष्मी का स्थायी निवास होता है। यदि सोना खरीदना संभव न हो तो चांदी का सिक्का या छोटी वस्तु भी खरीदी जा सकती है। नए बर्तन खरीदना शुभ माना जाता है। खासकर पीतल, तांबा या स्टील के बर्तन खरीदने की परंपरा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार नए बर्तन घर में समृद्धि और शुभता लेकर आते हैं। झाड़ू को माता लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है। धनतेरस के दिन नई झाड़ू खरीदकर घर लाने से आर्थिक परेशानियां दूर होने और घर की नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होने की मान्यता है। कई लोग दीपावली की सफाई के लिए इसी दिन नई झाड़ू खरीदते हैं। धनिया के बीज खरीदना भी बेहद शुभ माना जाता है। पूजा के बाद इन बीजों को घर के बगीचे या गमले में बोया जाता है। मान्यता है कि इससे धन और समृद्धि में वृद्धि होती है। अगर घर में नई लक्ष्मी-गणेश प्रतिमा स्थापित करनी हो तो धनतेरस का दिन बेहद शुभ माना जाता है। दीपावली पूजन के लिए इस दिन प्रतिमा खरीदना शुभ फलदायी माना जाता है और इससे घर में सकारात्मकता बनी रहती है। धार्मिक मान्यताओं में कौड़ी और शंख को माता लक्ष्मी से जुड़ा हुआ माना गया है। धनतेरस पर इन्हें घर लाकर पूजा स्थल में रखने से आर्थिक उन्नति और शुभ फल की प्राप्ति होने की मान्यता है।

ब्रह्मा मंदिर- तीन कमल पुष्पों से जुड़ी पौराणिक कथा

राजस्थान के पुष्कर को हिंदू धर्म के प्रमुख और पवित्र तीर्थस्थलों में गिना जाता है। यहां बना ब्रह्मा मंदिर देश के उन खास मंदिरों में से एक है, जहां भगवान ब्रह्मा की पूजा-अर्चना होती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, पुष्कर का संबंध ब्रह्मदेव के यज्ञ और तीन कमल के फूलों से जुड़ा है। पुष्कर सरोवर, ब्रह्मा मंदिर और माता गायत्री व सावित्री के मंदिर इस जगह को विशेष धार्मिक महत्व देते हैं। यहां आने वाले भक्त सबसे पहले पुष्कर सरोवर के पवित्र घाटों पर स्नान करते हैं। इसके बाद ब्रह्मदेव के दर्शन करते हैं और माता गायत्री, सावित्री व सरस्वती के मंदिरों में पूजा-अर्चना कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, एक बार भगवान ब्रह्मा यज्ञ करने के लिए किसी पवित्र स्थान की तलाश कर रहे थे। इसके लिए उन्होंने तीन कमल के फूल आकाश से पृथ्वी पर गिराए। ये तीनों फूल अलग-अलग स्थानों पर गिरे और वहां पवित्र तीर्थों की स्थापना हुई। पहले फूल



के गिरने से ज्येष्ठ पुष्कर, दूसरे से मध्य पुष्कर और तीसरे से कनिष्ठ पुष्कर तीर्थ बना। मान्यता है कि ब्रह्मदेव ने ज्येष्ठ पुष्कर को अपने यज्ञ के लिए चुना था। पुष्कर सरोवर में स्नान करने के बाद श्रद्धालु ब्रह्मा मंदिर पहुंचते हैं। यहां भक्त 'ब्रह्मदेवाय नमः' मंत्र का जाप करते हुए भगवान के दर्शन करते हैं। मंदिर परिसर में चांदी से बनी कछुए की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र है। इसके अलावा यहां एक छोटा चांदी का मंदिर भी है, जिसमें भगवान ब्रह्मा की संगमरमर से बनी सुंदर प्रतिमा स्थापित है। मंदिर के बाहर ब्रह्मदेव के वाहन हंस की प्रतिमा भी देखने को मिलती है। भक्त यहां इंद्र और भगवान शिव की प्रतिमाओं के दर्शन भी करते है। पुष्कर सरोवर को हिंदू धर्म के पांच प्रमुख पवित्र सरोवरों में विशेष स्थान प्राप्त है। मान्यता है कि इसमें स्नान करने से पापों से मुक्ति मिलती है और आत्मिक शांति प्राप्त होती है। ब्रह्मा मंदिर के दर्शन के बाद श्रद्धालु पास ही स्थित माता गायत्री के मंदिर पहुंचते हैं। यहां भक्त माता से अपनी मनोकामनाएं पूरी करने और परिवार की खुशहाली की प्रार्थना करते हैं। पुष्कर यात्रा के दौरान श्रद्धालु पर्वत पर बने माता सावित्री के मंदिर भी जाते हैं।

कहां हैं महाभारत के अश्वत्थामा



महाभारत की कहानियों में कुछ ऐसे पात्र हैं, जिनका जिक्र आज भी लोगों के मन में उत्सुकता पैदा करता है। इन्हीं में से एक हैं अश्वत्थामा। मान्यता है कि महाभारत युद्ध के बाद भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें ऐसा श्राप दिया था, जिसके कारण उन्हें हजारों साल तक धरती पर भटकना पड़ेगा। कहा जाता है कि अश्वत्थामा आज भी जीवित हैं और अलग-अलग जगहों पर दिखाई देते हैं। मध्य प्रदेश के असीरगढ़ किले से लेकर कई प्राचीन शिव मंदिरों तक उनके दिखाई देने की कहानियां प्रचलित हैं। हालांकि, उनके आज भी जीवित होने का कोई ऐतिहासिक या वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर अश्वत्थामा कौन थे और उनसे जुड़ी ये मान्यताएं कहां से आईं? अश्वत्थामा महाभारत के प्रमुख पात्रों में से एक थे। वे गुरु द्रोणाचार्य और कृपी के पुत्र थे। उनके पिता कौरवों और पांडवों दोनों के गुरु थे। अश्वत्थामा को युद्ध कला में निपुण और शक्तिशाली योद्धा माना जाता था। वे कौरवों की ओर से महाभारत के युद्ध में शामिल हुए थे। उनके पास दिव्य अस्त्रों का ज्ञान भी था। महाभारत में उन्हें एक ऐसे योद्धा के रूप में दिखाया गया है, जो अपने पिता की मृत्यु के बाद क्रोध में आकर युद्ध के नियमों का उल्लंघन करता है। महाभारत की कथा के अनुसार, युद्ध के अंतिम दिनों में अश्वत्थामा के पिता द्रोणाचार्य की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद वे बदले की भावना से भर गए। रात के समय उन्होंने पांडवों के शिविर में जाकर सो रहे द्रौपदी के पांचों पुत्रों की हत्या कर दी। इस घटना से पांडव बेहद क्रोधित हो गए। बाद में अश्वत्थामा और अर्जुन के बीच दिव्य अस्त्रों का प्रयोग हुआ। जब अश्वत्थामा ने ब्रह्मास्त्र का इस्तेमाल किया, तब स्थिति गंभीर हो गई। मान्यता के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण ने अश्वत्थामा को उनके इस अपराध के लिए श्राप दिया। कहा जाता है कि उनके माथे पर मौजूद मणि निकाल ली गई और उन्हें लंबे समय तक कष्ट सहते हुए धरती पर भटकने का श्राप मिला। अश्वत्थामा को लेकर भारत के कई हिस्सों में अलग-अलग कहानियां प्रचलित हैं। इनमें सबसे ज्यादा चर्चा मध्य प्रदेश के बुरहानपुर में स्थित असीरगढ़ किले की होती है। यह किला सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला में स्थित है। यहां एक प्राचीन शिव मंदिर भी है। मध्य प्रदेश के बुरहानपुर जिला प्रशासन की वेबसाइट के मुताबिक, इस मंदिर से जुड़ी मान्यता है कि अश्वत्थामा यहां भगवान शिव की पूजा करने आते थे। कहा जाता है कि सुबह मंदिर में शिवलिंग पर फूल और चंदन चढ़ा हुआ मिलता है। हालांकि, इन घटनाओं की पुष्टि नहीं हुई है। इसके अलावा नर्मदा नदी के आसपास के इलाकों में भी अश्वत्थामा को देखे जाने की कहानियां सुनने को मिलती हैं। कुछ स्थानीय मान्यताओं में दावा किया जाता है कि वे जंगलों और सुनसान जगहों पर भटकते हैं। हालांकि, इन दावों को साबित करने वाला कोई विश्वसनीय प्रमाण मौजूद नहीं है।

नरक चतुर्दशी पर अभ्यंग स्नान की परंपरा का विशेष महत्व



हिंदू धर्म में नरक चतुर्दशी के पर्व का बहुत महत्व है। इसे दिवाली से ठीक एक दिन पहले मनाया जाता है, जिसे छोटी दिवाली या रूप चौदस भी कहते हैं। नरक चतुर्दशी के दिन सूर्योदय होने से पहले अभ्यंग स्नान करने का विधान है। इसके अलावा इस दिन यमराज और भगवान कृष्ण की पूजा-अर्चना की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, पूजा करने से सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है और शुभ परिणाम मिलते हैं। क्या आपने कभी सोचा है कि आखिर नरक चतुर्दशी के दिन अभ्यंग स्नान क्यों किया जाता है और इसके पीछे की क्या वजह है? हिंदू धर्म में नरक चतुर्दशी पर अभ्यंग स्नान की एक बेहद खास और प्राचीन परंपरा निभाने का विधान है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, नरक चतुर्दशी के दिन सूर्योदय से पहले उठकर तिल के तेल और उबटन से स्नान किया जाता है। माना जाता है कि ऐसा करने से पापों और अकाल मृत्यु के भय से छुटकारा मिलता है। पौराणिक कथा के अनुसार, नरकासुर ने इंद्रदेव को हराकर उन्हें स्वर्ग से निकाल दिया था। इसके बाद नरकासुर ने तीनों लोकों पर कब्जा कर लिया था और वह देवताओं व ऋषियों पर अत्याचार करने लगा। इसलिए कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर का वधकिया। युद्ध समाप्त होने के बाद भगवान श्रीकृष्ण ने शरीर पर लगे रक्त को साफ करने के लिए तेल और उबटन से स्नान किया था, जिसे अभ्यंग स्नान कहा जाता है। इसलिए नरक चतुर्दशी के दिन सूर्योदय से पहले अभ्यंग स्नान करने का विशेष महत्व है। नरकासुर वध का वर्णन श्रीमद्भागवत पुराण और विष्णु पुराण में मिलता है। नरक चतुर्दशी ७ को है। इस दिन सूर्योदय सुबह ६ बजकर ३७ मिनट पर होगा। इसलिए इस समय से पहले ही अभ्यंग स्नान कर लें। नरक चतुर्दशी के दिन सूर्योदय से पहले उठें और दिन की शुरुआत देवी-देवता के ध्यान से करें। इसके बाद शरीर और बालों में तिल के तेल की अच्छी तरह मालिश करें। फिर हल्दी, चंदन और बेसन से बना उबटन लगाएं। इसके बाद साफ पानी से स्नान करें।

नरक चतुर्दशी पर अभ्यंग स्नान की एक बेहद खास और प्राचीन परंपरा निभाने का विधान है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, नरक चतुर्दशी के दिन सूर्योदय से पहले उठकर तिल के तेल और उबटन से स्नान किया जाता है। माना जाता है कि ऐसा करने से पापों और अकाल मृत्यु के भय से छुटकारा मिलता है।